Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

टी20 विश्वकप 2024 : कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर

बाल ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट के बजाए जनाब कहने लगी है उद्धव सेना : देवेन्द्र...

शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 15 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 185 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹71, 890	₹90,500

आज का इतिहास

- **1659 : औरंगजेब ने दिल्ली में सम्राट घोषित किया। औरंगज़ेब छठे मुगल सम्राट थे और भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्सों पर शासन करते थे। उनका शासनकाल 1658 से 497 वर्षों तक रहा, जब तक कि 1707 में उनकी मृत्यु नहीं हो गई। औरंगजेब एक उल्लेखनीय विस्तारक थे और उनके शासनकाल के दौरान, मुग़ल साम्राज्य अपनी सबसे बड़ी सीमा तक पहुँच गया।**
- **1947 : अखिल भारतीय कांग्रेस ने ब्रिटिश योजना के भारत विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया।**

बिहार में बेरोजगारी भत्ता नियमावली को मिली मंज़ूरी, बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर

बेरोजगारों को मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

- **अब 15 साल पुरानी सरकारी गाड़ियों का नहीं होगा रजिस्ट्रेशन**
- **तीन महीने बाद बिहार में कैबिनेट बैठक**

निज संवाददाता | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव के बाद शुक्रवार को पहली बार हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा राजस्व प्रशासन से जुड़े सभी पुराने न्यायिक आदेश, नक्शे, भू अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारी की वरीयता का निर्धारण अब बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित मेधा सूची के आधार पर होगा। राज्य के पुराने 22 एएनएम स्कूल एवं पुराने 6 जीएनएम ट्रेंनिंग स्कूल के सुचारू संचालन के लिए 247 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई। बैठक में श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार श्रम सेवा तकनीकी के कारखाना निरीक्षक संवर्ग की विभिन्न कोटी की पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त कारखाना निरीक्षक के चार पद और उप मुख्य कारखाना निरीक्षक के चार पदों के सृजन को भी कैबिनेट से स्वीकृति दी गई। नई बेरोजगारी भत्ता नियमावली के मुताबिक अगर मनरेगा के तहत लोगों को 15 दिन के भीतर रोजगार नहीं मिलता है, तो उन्हें राज्य सरकार बेरोजगारी भत्ता देगी। इसके अलावा नीतीश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के मकान किराया की दर में भी संशोधन किया है।

नीतीश कैबिनेट ने 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों की स्क्रेपिंग की योजना को मंजूरी दी है। अब बिहार सरकार के सभी विभाग, बोर्ड, निगम तथा अन्य कार्यालयों के स्वामित्व वाले 15 वर्ष पुराने वाहनों का फिर से निबंधन नहीं किया जा सकेगा। बिहार आकस्मिकता निधि के अस्थाई काय जो 350 करोड रुपये है वह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 मार्च, 2025 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़कर 10000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

नीतीश कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

» बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को बकाया भत्तों के भुगतान के लिए बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से एक अरब 21 करोड़ 33 लाख 49000 के अग्रिम स्वीकृति

» वित्तीय वर्ष 2024- 25 में स्थापना और प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत महादलित, दलित और अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना कार्यक्रम के संचालन के लिए 7 अब 74 करोड़ 24 लाख 89 हजार 895 रुपए अनुदान की राशि की स्वीकृति

» वित्तीय वर्ष 2024 -25 में राज्य सरकार द्वारा 54298 करोड़ से अधिक ऋण उगाही की स्वीकृति

औरंगाबाद में 0.08165 एकड़ गैरमजरूरी भूमि की खरीद

औरंगाबाद जिलांतर्गत रफीगंज अंचल में भूमि खरीद के संबंध में एक महत्वपूर्ण घटना संघर्ष के बाद आई है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार, रफीगंज अंचल में विभिन्न मौजा और थाना क्षेत्रों की 0.08165 एकड़ गैरमजरूरी भूमि को बिहार सरकार के स्वामित्व में शामिल किया गया है। इस भूमि के साथ-साथ, उसका खाता और खेसरा विवरण भी प्रस्तुत किया गया है। इस निर्णय के साथ, सशुल्क आधार पर सलामी और पूंजीकृत मूल्य सहिम कुल राशि 77,83,325 रुपये (सत्तहतर लाख तेरासी हजार तीन सौ पच्चीस रुपये) तय किया गया है। यह भूमि का खरीद कार्य डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के परियोजना हेतु है। इस निर्णय की प्राधिकृत स्वीकृति भारत सरकार द्वारा रेल मंत्रालय को दी गई है। यह निर्णय राजस्व और भूमि सुधार विभाग के तहत आयोजित एक प्रक्रिया के परिणामस्वरूप है, जो क्षेत्रीय विकास और अधिकारिक संबंधों को सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

औरंगाबाद में सोन के पांचों बंदोबस्त की गई घाटों से बालू का खनन होगा बंद

- **चार महीने के लिए नदी से खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका अंतिम दिन 15 अक्टूबर 2024 है।**
- **अवैध खनन को रोकने के लिए टास्क फोर्स गठित किया गया है और पुलिस द्वारा नियमित छापेमारी की जा रही है।**
- **नीलामी की प्रक्रिया जारी है, जिसमें सोन, पुनपुन, बटाने, मदार, और अदरी नदियों के बालू घाट शामिल हैं।**
- **अबतक 32 घाटों की नीलामी हो चुकी है, जिससे खनन कार्य प्रारंभ हो चुका है।**

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। शनिवार की रात 12 बजे के बाद जिले में बालू खनन पर रोक रहेगी। जिले में अबतक केवल सोन नद में पांच घाटों से बालू का खनन किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया) के आदेश पर नदी से बालू खनन पर रोक लगाई जा रही है। जिला खनिज विकास पदाधिकारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि एनजीटी और सिया के आदेशानुसार शनिवार की रात 12 बजे से जिले में सोन के सभी पांचों बंदोबस्त की गई घाटों से बालू का खनन बंद हो जाएगा। जिले में किसी और नदी से बालू खनन को लेकर घाटों की बंदोबस्ती नहीं की गई थी, जिस कारण खनन नहीं हो रहा है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 15 जून की रात से 15 अक्टूबर की रात 12 बजे तक चार माह के लिए नदी से खनन पर रोक लगाई गई है। पिछले वर्ष तीन माह रोक लगाई गई थी। रोक की अवधि में जिले में बालू की किल्लत नहीं हो इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बालू का भंडारण किया गया है। घाट संचालकों के द्वारा बालू का भंडारण किया गया है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि रोक अवधि में अवैध खनन को रोकने के लिए डीएम के द्वारा टास्क फोर्स गठित की गई है। एसपी के आदेश पर सभी थाने की पुलिस के द्वारा अपने क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रतिदिन छापेमारी की जा रही है। जिले में 82 बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए खनन विभाग के द्वारा 15 दिन पहले निविदा निकाली गई थी जिसका अबतक फाइनल नहीं हुआ है। सोन, पुनपुन, बटाने, मदार और अदरी नदी बालू घाट की नीलामी के लिए निविदा निकाली गई थी। निविदा में सोन के 61, पुनपुन के आठ, बटाने के 10, मदार के दो और अदरी के एक घाट शामिल हैं। 27 जून तक सभी प्रक्रिया समाप्त कर ली जाएगी। अबतक जिले में 32 घाटों की नीलामी हुई है। सात बालू घाटों से खनन शुरू हो गया है। सभी घाट सोन के हैं। जिले में बंदोबस्ती के लिए कुल 113 बालू घाट को चिह्नित किया गया है। सोन को छोड़कर जिले के अन्य किसी नदी से बालू घाट की बंदोबस्ती नहीं हो सकी है।

न्यूज बाइट्स

बिहार के मजदूरों से भरी बस और ट्राले में भीषण टक्कर, 33 घायल

लुधियाना/पटना (नि.सं.)। खन्ना में नेशनल हाईवे पर वीरवार और शुक्रवार की आधी रात को खड़ी बस को पीछ से तेज गति से आ रहे ट्राले ने टक्कर मार दी। इस दौरान बस करीब 150 मीटर दूर जाकर बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार 33 लोग घायल हो गए है। घायलों में कुछ महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इन्हें सिविल अस्पताल खन्ना भर्ती कराया गया। वहां से एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पटियाला के राजिंदरा अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पंजाब में धान लगाने के लिए बिहार के जिला बेतिया से करीब 65 लोग बस में आ रहे थे। आधी लोगों ने खन्ना में उतरना था। साढ़े 12 बजे के करीब बस नेशनल हाईवे पर गुरु अमरदास मार्केट के सामने बने कट पर रुकी। अभी कुछ मजदूर नीचे उतरे थे कि तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्राले ने आकर बस को टक्कर मार दी।

थोक महंगाई 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर

नईदिल्ली (ए.)। मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। आज यानी 14 जून को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढ़कर 2.61% पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85% रही थी। वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26% रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53% रही थी। फरवरी में थोक महंगाई 0.20% रही थी। उधर, बुधवार को रिटेल महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी। खाद्य महंगाई दर अप्रैल के मुकाबले 5.52% से बढ़कर 7.40% हो गई। रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 5.01% से बढ़कर 7.20% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.38% से घटकर 1.35% रही। मैन्युफैक्चरिंगप्रोडक्ट्सकीथोक महंगाई दर -0.42% से बढ़कर 0.78% रही।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नईदिल्ली (ए.)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

डीएलएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, 75.43% अभ्यर्थी सफल

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शुक्रवार को डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने परीक्षाफल तथा स्थानीय निकाय क शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा 2024 (द्वितीय) के आयोजन की तिथि भी जारी है। आनंद किशोर ने बताया कि डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के परीक्षाफल में 4,29,159 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इस परीक्षा में कुल 5,68,972 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। इस प्रकार, इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की उत्तीर्णता प्रतिशत 75.43 प्रतिशत है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट https://secondary lbiharboardonline.com पर जाकर देख सकते हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से अभ्यर्थी अपने यूजर आइडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपना स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस परीक्षा का आयोजन समिति द्वारा एक से 30 अप्रैल तक सीबीटी के माध्यम से राज्य के नौ जिलों में किया गया था। परीक्षा में उत्तीर्णता हेतु न्यूनतम पास अंक अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिए 35 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिए 30 प्रतिशत लाना अनिवार्य था। इस परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी। मेरिट लिस्ट के अनुसार ही राज्य के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संबद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थानों में नामांकन राज्य सरकार के आरक्षण नियमों, सरकार द्वारा उर्दू तथा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों के लिए निर्धारित स्थान एवं अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय के लिए दी गयी प्राथमिकता के आधार पर नामांकन लिया जायेगा। राज्य में 306 डीएलएड कॉलेजों के 30,750 सीटों पर एडमिशन होना है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की 118वीं बैठक

पेट्रोल पंप खोलने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नहीं लेनी होगी सहमति

- **अधिसूचना में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका का अनुपालन का भी जिक्र है।**

निज संवाददाता | पटना

पेट्रोल पंप, सीएनजी स्टेशन, ई-वाहन चार्जिंग सुविधा और बायोडीजल आउटलेट खोलने और उसके संचालन के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अब सहमति पत्र की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी, लेकिन पेट्रोल पंप और सीएनजी स्टेशन पर डीजल जेनरेटर लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति पत्र लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से मुख्यालय में पर्षद मंडल की 118वीं बैठक हुई। सूबे में अब नया पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए कुछ मामले को छोड़कर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति पत्र लेने से मुक्त कर दिया गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पेट्रोल पंप की स्थापना से संबंधित दिशा-निर्देश को सभी तेल कंपनी अपने पेट्रोलियम आउटलेट की स्थापना के लिए पालन करेंगे। पेट्रोल पंप पर वैपर रिकवरी सिस्टम (वीआरएस) की स्थापना एवं इसके रखरखाव को सुनिश्चित करेंगे। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से जारी दिशा-निर्देश का पालन नहीं करने वाले पेट्रोलियम आउटलेट की जानकारी संबंधित तेल कंपनी बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को देगी।

डीजल जेनरेटर के लिए लेनी होगी सहमति

पेट्रोल पंप, सीएनजी स्टेशन, ई-वाहन चार्जिंग स्टेशनों पर डीजल जेरनेटर लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति लेनी होगी। अधिसूचना के तहत उक्त स्थलों पर 20 केवीए या इससे अधिक क्षमता के डीजल जेनरेटर सेट स्थापित और संचालित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत यह आदेश जारी किया गया है। इससे पहले वायु और जल प्रदूषण अधिनियम के तहत पेट्रोल पंप स्थापित करने और संचालन के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति पत्र लेना पड़ता था, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह बिहार के दौरे पर पहुंचे पटना

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, भारत सरकार बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह आज राज्य अतिथिशाला पटना में बिहार के उद्योग मंत्री और राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे मुजफ्फरपुर जाएंगे और टेक्सटाइल पार्क, मुजफ्फरपुर का भ्रमण करेंगें। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को ही वे बेगुसराय पहुंचेगें और रविवार को बरौनी इंटस्ट्रीयल में टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े बिहार के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री 17 व 18 जून को स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

डॉ प्रकाश सिन्हा बने फॉर्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष

पटना (नि.सं.)। बिहार राज्य फॉर्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश सिन्हा चुने गए है। उपाध्यक्ष के पद पर सतीश शंकर पाठक का निर्वाचन हुआ है। शुक्रवार को हुए चुनाव में डॉ. प्रकाश को छह तो अर्जेश राज को पांच मत मिले। विकास कुमार सिंह को तीन मत मिले। एक मत से प्रकाश सिन्हा अध्यक्ष चुन लिए गए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर सतीश शंकर पाठक को आठ तो अजय कुमार को पांच मत मिले। एक वोट नोटा को गया। अब काउंसिल के उपरजिस्ट्रार और कार्यकारिणी के सदस्यों का मनोनयन होगा। उल्लेखनीय है कि लंबे समस से फॉर्मेसी काउंसिल का अध्यक्ष पद खाली था। इन पदों पर निर्वाचन होने से फॉर्मासिस्टों के पंजीकरण व रिन्यूअल में सुविधा होगी।

400 रुपये के लिए मां ने बेटे को बेरहमी से पीटा, जिंदा जलाने की कोशिश

पश्चिम चंपारण (नि.सं.)। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से मां और बेटे के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। महज 400 रुपये के लिए एक मां ने अपने 13 साल के बेटे को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीट दिया। गुस्सा इतने में भी नहीं थमा तो उसने पुआल रखकर उसमें आग लगा दी और बेटे को जिंदा जलाने की भी कोशिश की। यह मामला मझौलिया थाना क्षेत्र की अहवर कुड़िया पंचायत के वार्ड-1 के जगीरहा का है। महज चार सौ रुपये चोरी करने के आरोप में मां सबिना खातून ने 13 साल के साथ बेरहमी की। बेटा चिल्लाता रहा लेकिन मां पर कोई असर नहीं पड़ा। उसकी चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाई। तब तक उसके हाथ-पैर बुरी तरह झुलस चुके थे। इसके बाद भी मां अपने बेटे को इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जा रही थी।

सक्षमता परीक्षा 2.0 : 26 से 28 जून तक ऑनलाइन ली जाएंगे परीक्षा

- **85 हजार नियोजित शिक्षक होंगे शामिल**

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा-2.0 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 26, 27 और 28 जून को परीक्षा होगी। एग्जाम ऑनलाइन लिए जाएंगे। इसमें 85 हजार नियोजित शिक्षक शामिल होंगे। वैसे शिक्षक जो पहले चरण में पास नहीं हुए हैं या फिर उन्हें अपना मनचाहा जिला नहीं मिला है। दूसरे चरण में फिर से एग्जाम दे सकते हैं। अभ्यर्थियों को जल्द ही एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा-2.0 की तारीखों का किया ऐलान। सक्षमता परीक्षा 2.0 में भी अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाएगी। कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं है। पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। छठी से आठवीं में 8 विषय, माध्यमिक (नवमीं से दसवीं) में 19 और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। प्रारंभिक, हाई व इंटर स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। जिसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह के अंक प्रश्न छठी से आठवीं, नौवीं व दसवीं तथा 11वीं व 12वीं के नियोजित शिक्षकों से पूछे जाएंगे।

विद्यालयों में ई-शिक्षा कोष एप से हाजिरी दर्ज करने का आदेश

- **शिक्षकों को दो बार हाजिरी बनानी होगी - प्रवेश और अवकाश के बाद।**
- **शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण और टीचर आइडी निर्माण के लिए निर्देशित।**
- **शिक्षकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजिरी दर्ज करने के नए तरीकों की ट्रेनिंग दी जा रही है।**

निज संवाददाता | पटना

विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की ई-शिक्षा कोष एप से उपस्थिति दर्ज करने को लेकर शिक्षा विभाग तैयारी में जुट चुका है। इस एप से शिक्षकों को दो बार हाजिरी बनानी होगी। पहली बार जब वे विद्यालय में प्रवेश करेंगे उस समय और दूसरी फिर अवकाश के बाद जब विद्यालय से जाएंगे तो उस समय। दोनों समय उन्हें एप में हाजिरी बनानी होगी। फिलहाल, शिक्षा विभाग के इस आदेश से खासकर स्कूल छोड़कर भागने वाले शिक्षकों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना होगा। इसको लेकर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण के अलावा जिन शिक्षकों का टीचर आईडी नहीं बनी है उसे दुरुस्त किया जा रहा है। दरअसल, विभाग ने 25 जून से जिले के सभी प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की हाजिरी ई-शिक्षा कोष एप से बनाने का निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि आगे चलकर बच्चों की भी हाजिरी इसी से लगेगी। इसको लेकर अपर मुख्य सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है। निर्देश के आलोक में विभाग तैयारी में जुट चुका है। नए तरीके से शिक्षकों की हाजिरी बनाने को लेकर जो गाइडलाइन जारी किये गए हैं उसके मुताबिक प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को गूगल प्ले स्टोर से ई-शिक्षा कोष एप डाउनलोड करने और उसे टीचर आइडी से लाग-इन करने को कहा है। जिस शिक्षकों के पास पूर्व से टीचर आइडी नहीं है वह उसे विद्यालय से प्राप्त कर लेंगे। इस एप की खास बात यह है कि स्कूल में प्रवेश करने के समय जब शिक्षक स्कूल इन बटन क्लिक करेंगे तो उसके मोबाइल का कैमरा सेल्फी मोड में खुल जाएगा। तत्पश्चात कैप्चर एवं कंफर्म बटन के माध्यम से उनकी उस दिन की हाजिरी फोटो के साथ बन पाएगी।

वैसे शिक्षक जिनकी अन्यत्र किसी सरकारी कार्य के लिए प्रतिनियुक्ति की गई है वह मार्क आन ड्यूटी विकल्प का चयन करते हुए अपनी हाजिरी बनाएंगे। इसके लिए उनके मोबाइल स्क्रीन पर मार्क इन एवं मार्क आउट का आप्शन आएगा। इस तरह मार्क इन और मार्क आउट के माध्यम से ऐसे शिक्षक दूसरे कार्यालय से भी अपनी हाजिरी बना सकते हैं।

गाइडलाइन जारी

नई तकनीक से हाजिरी बनाने को लेकर विभाग द्वारा जो गाइडलाइन जारी किए गए हैं उसके मुताबिक प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष में लाग-इन करने के बाद डैशबोर्ड पर मार्क अटेंडेंस बटन को क्लिक करना होगा। तत्पश्चात उस पर सेल्फ अटेंडेंस का आप्शन आएगा। सेल्फ अटेंडेंस क्लिक करते ही स्कूल इन और स्कूल आउट का विकल्प आएगा। फिर शिक्षक उसके अनुसार अपनी हाजिरी बना सकते हैं।

47.2 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म बक्सर; 18 जिलों में पारा 40 के पार

औरंगाबाद समेत चार जिलों में रेड, 9 में ऑरेंज अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

पटना समेत बिहार के अधिकतर जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 4 जिलों में रेड और 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास में लू का रेड अलर्ट है। वहीं, भोजपुर, अरवल, गया, सारण, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान और वैशाली में ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना है। उत्तर-पूर्व यानी सीमांचल को छोड़कर बिहार के ज्यादातर इलाके में गुरुवार को गर्मी का सितम जारी रहा। गुरुवार को बक्सर देश में सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को यहां का पारा 44.1 डिग्री था। बक्सर का दर्ज तापमान सामान्य से 8.9 डिग्री रहा। पटना का अधिकतम तापमान में मामूली कमी हुई, जिसके बाद यहां का तापमान 41.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक रहा। बक्सर में पड़ रही भीषण गर्मी से कर्मनाशा नदी सूख गई है। वहीं, गुरुवार को पटना समेत 18 जिले लू की चपेट में रहा। इसमें छपरा, डेहरी, मोतिहारी, शेखपुरा, गोपालगंज, गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान, अरवल, रोहतास और मुंगेर शामिल हैं। दूसरी तरफ किशनगंज के ढेंघराघाट में सबसे अधिक 64 एमएम बारिश हुई। किशनगंज का अधिकतम तापमान सबसे कम 31 डिग्री दर्ज किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। गुरुवार को पटना के अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद पटना लू की चपेट में रहा। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक रहा।

पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते मॉनसून की होगी इंट्री

पूर्णिया-किशनगंज के रास्ते बिहार में मॉनसून की इंट्री होगी। बिहार में मानसून प्रवेश करने के अगले 100 घंटे के अंदर पूरे बिहार में मानसून की पहली बौछार होने की उम्मीद है। मानसून का एक सिरा एक्टिव है पर दूसरा यानी पूर्वी सिरा बंगाल के इस्लामपुर में ठहरा हुआ है। बिहार में मानसून आने का सही समय 15 जून के आसपास है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि 15 जून को पूर्वी बिहार में गरज चमक होने की संभावना है। 16 जून को बादल पूरे बिहार में छाएंगे और कुछ इलाकों में बारिश होने का पूर्वानुमान है।

पीएम जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे इटली

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह इटली के अपुलिया पहुंचे, जहां उनके चर्चा में भाग लेने और उपस्थित विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की संभावना है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली पहुंचा हूं। विश्व नेताओं के साथ सार्थक बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। हम साथ मिलकर वैश्विक मुद्दों को संबोधित करना चाहते हैं और बेहतर भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर कहा कि जी7 में प्रधानमंत्री के एजेंडे में आउटरीच सत्र में भाग लेना और अलग से वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करना शामिल है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली के अपुलिया में ब्रिंडिसि हवाई अड्डे पर उतरे। एजेंडे में जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेना और वैश्विक नेताओं के साथ सार्थक बातचीत शामिल है। एक एक्शन से भरपूर दिन आपका इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान से पहले 'एक्स' पर कहा, मैं इटली में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। मैं साथी विश्व नेताओं से मिलने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने तथा लोगों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लेंगे, जो एआई, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

खाली जमीन में मिट्टी भरने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

आपसी विवाद में हुई फायरिंग, एक युवक की मौत, दूसरे युवक का चल रहा इलाज

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र के उभाव गांव में आपसी विवाद को लेकर हुए फायरिंग मामले में घायल एक युवक की शुक्रवार को मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार खाली जमीन में मिट्टी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने फायरिंग की थी, जिसमें एक पक्ष से दो चचेरे भाई घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चेनारी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान उभाव गांव निवासी हरि शंकर तिवारी के पुत्र रंजन तिवारी(24) के रूप में हुई है। जिसके पैर में गोली लगी थी, वहीं दूसरे की पहचान केशव तिवारी के पुत्र जितेंद्र तिवारी(45) के रूप में हुई है। जिसके सीने में गोली लगी थी। जिनका शुक्रवार को इलाज के दौरान बनारस में मौत है। बताते है कि दोनों का पड़ोसी गोतिया के साथ विवाद चल रहा था। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल सासाराम रेफर कर दिया गया है। जिसमें एक की मौत हो गई है। बताया कि परिजनों द्वारा अभी मामले में आवेदन नहीं दिया गया है, घटना की जांच की जा रही है।

धारदार हथियार से हमलाकर महिला की हत्या

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के दावथ थाना क्षेत्र के बभनौल गांव के अपने घर में सो रही एक महिला की हत्या अज्ञात अपराधियों ने तेज धार हथियार से हमला कर कर दिया है। दावथ थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि शुक्रवार को बभनौल गांव के ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त सुचना पर पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव, एसआई नीतीश कुमार, अलका कुमारी ने पुलिस बल के जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच शुरू किया। उन्होंने पाया कि उक्त गांव निवासी संतोष चौबे की 50 वर्षीय पत्नी देवंती देवी और पुत्री सरस्वती कुमारी घर के अपने अपने कमरे में सोई थी। शुक्रवार की अहले सुबह पिता पुत्री जब जगे तो देवन्ती देवी की कोई आहट नहीं पाया तो उसके कमरे के तरफ दोनों गए तो देखा कि सरस्वती देवी खून से लथपथ हैं। उनके ललाट पर गहरे जख्म का निशान है। और उनकी मृत्यु हो गई है। जिसकी सूचना पिता-पुत्री ने मुहल्ले वालों को दिया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि घटना को लेकर पीड़ित पुत्री सरस्वती कुमारी ने अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जबकि दूसरी तरफ घटना को लेकर ग्रामिणो द्वारा तरह तरह का कयास लगाया जा रहा है।

ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला की मौत

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद में एक स्कूटी पर सवार महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे घायल महिला की घटना स्थल पर महिला की मौत। घटना पटना-गया एन एच 83 पर स्टेशन के समीप का है।मृतका की पहचान नोनही मठ गांव निवासी गुलाबी देवी के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि महिला अपने जहानाबाद से इलाज कराकर अपने घर लौट रही थी। तभी स्टेशन के पास विपरीत दिशा से जा रही एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के परिवार को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच 83 को जाम कर प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे है। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। जिसकी सूचना नगर थाने के पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा में लगी है। मृतक के बेटा सुशील कुमार ने बताया कि मै भी अपने मां के साथ बाजार गया था। जहां से लौटने के दौरान एक ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। जिससे हम दोनों सड़क पर गिर गए। इस हादसे में मेरी मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई है। वहीं मुआवजे की मांग को लेकर मृतका के परिजनों ने सड़क जाम कर दिया था। जिन्हें समझा बूझकर जाम को हटाया गया है।

सासाराम सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में लगेगी सेपरेटर मशीन

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। सासाराम सदर अस्पताल ब्लड बैंक को और बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही इसमें और यूनिट भी बढ़ाई जाएगी। यह उक्त बातें शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस का अवसर पर जिला के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने रक्तदान शिविर के दौरान कहीं। विश्व रक्तदाता दिवस का अवसर पर सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने स्वेच्छा से अपने रक्त का दान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल का ब्लड बैंक प्रतिदिन कई लोगों की जिंदगियां बचा रहा है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के ब्लड बैंक को और बेहतर बनाने की तैयारी चल रही है। ब्लड बैंक में कई अन्य यूनिट लगाने की भी तैयारी चल रही है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट को अलग करने के लिए सेपरेटर मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे ब्लड से प्लेटलेट्स को भी अलग किया जा सके और आवश्यकता पड़े तो लोगों को प्लेटलेट्स भी मुहैया कराई जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से लोगों को निः शुल्क ब्लड मुहैया कराया जाता है, और आने वाले समय में यहां से प्लेटलेट्स भी मुहैया कराने के लिए भी आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। आने वाले समय में सदर अस्पताल का ब्लड बैंक और बेहतर दिखाई देगा। कार्यक्रम में मौजूद अस्पताल उपाधीक्षक पीके कन्नौजिया एवं डीपीएम अजय कुमार ने भी लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने का अपील किया और बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कुछ समस्या नहीं होती है, बल्कि रक्तदान स्वास्थ्य के लिए और बेहतर होता है। मौके पर अस्पताल डेटा ऑपरेटर सुमेंद्र पटेल, लैब टेक्नीशियन मनीषा कुमारी, चंदन कुमार, अजय कुमार राय, लक्ष्मी कुमारी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। रक्तदान करने के बाद सभी रक्तदाताओं के साथ साथ रक्तदान शिविर लगाने वाले समाजसेवी संस्थो सहित अन्य संस्थाओं को प्रशस्तिपत्र एवं प्रतीक चिन्ह देखा सम्मानित किया गया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला वाहन कोषांग)
लोकसभा आम निर्वाचन–2024
आवश्यक सूचना

लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर निर्वाचन कार्य हेतु जिला वाहन कोषांग, औरंगाबाद एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय जिला औरंगाबाद के मतदान कार्य समाप्ति के पश्चात सभी प्रकार के अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों का अंतिम रूप से मुआवजा भुगतान किया जाना है। अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों के मालिकों/चालकों को सूचित किया जाता है कि वे निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त अपने वाहनों का लॉगबुक दिनांक–01/07/2024 तक निश्चित रूप से जिला वाहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय), औरंगाबाद में जमा करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे वाहनों का देय मुआवजा का शत प्रतिशत भुगतान किया जा सके। निर्धारित तिथि तक लॉगबुक जमा नही करने की स्थिति में अधिग्रहित वाहनों का मुआवजा भुगतान में विलम्ब की सारी जवाबदेही संबंधित वाहन मालिकों/चालकों की होगी तथा मुआवजा/भुगतान का दावा भविष्य में स्वीकार नहीं होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR. No. 001950 (Election) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल द्वारा कुमारबाग-चनपटिया नव-दोहरीकृत रेलखंड का किया गया निरीक्षण

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 10 किमी लंबे कुमारबाग-चनपटिया नव-दोहरीकृत रेलखंड का दिनांक 14.06.2024 को सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) (Commissioner of Railway Safety) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा कुमारबाग और चनपटिया स्टेशन के मध्य विषेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक किया गया। विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 49 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीषनिंग की जा चुकी है। अब इस परियोजना के अंतर्गत 10 किलोमीटर लंबे कुमारबाग-चनपटिया रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसका आज सीआरएस द्वारा सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया। इस परियोजना के शेष भाग के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है।

आपसी विवाद में भतीजे ने चाचा को मारी गोली, घायल

जहानाबाद (नि.सं.)। जहानाबाद में आपसी विवाद में भतीजे ने चाचा को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मखदुमपुर थाना क्षेत्र के सहोड चक की है। बताया जाता है कि धर्मेंद्र कुमार और राजाराम यादव का कई महीनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी। इसके बाद धर्मेंद्र कुमार ने अपने चाचा पर ही गोली चला दी। इसके कारण राजाराम यादव के हाथ में गोली लग गई, जिससे गंभीर रूप से वह घायल हो गया। इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर इनका इलाज कर रहे हैं।

सैलानियों को और करना पड़ेगा इंतजार, 15 को नहीं खुलेगा ककोलत जल प्रपात

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। अनुमण्डल समेत आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी एवं उच्च तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।स्थानीय लोगों के साथ-साथ सैलानी भीषण गर्मी से बचाव हेतु थाली थाना क्षेत्र स्थित ककोलत जल प्रपात के ठंडे झरने में स्नान कर गर्मी को दूर करने का शौक रखते थे। प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में प्रतिदिन हजारों की संख्या में सैलानी अपने परिजनों के साथ पिकनिक स्पॉट ककोलत पहुंचकर गर्मी को मात दिया करते थे।उनलोगों के लिए एक निराशाजनक खबर है कि पूर्व से निर्धारित 15 जून से ककोलत जल प्रपात आमलोगों के लिए शुरू होना था। उन्हें अभी और इंतजार करना पड़ेगा। डीएफओ नवादा संजीव रंजन ने जानकारी देते हुए कहा कि बीते दिनों अचानक आये बाढ़ ने ककोलत जल प्रपात के सौंदर्य को बिगाड़ कर रख दिया। वहीं भीषण गर्मी के कारण ककोलत जल प्रपात के सौंदर्यीकरण का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है। डीएफओ ने कहा कि जल्द ही सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किये जाने के बाद आमलोगों के लिए ककोलत जल प्रपात का द्वार खोल दिया जाएगा।

अंग्रेजी शराब के साथ नालंदा के दो तस्कर गिरफ्तार

फतेहपुर (कैमूर) (नि.सं.)। आरपीएफ ने शुक्रवार को अंग्रेजी शराब के साथ नालंदा के दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि गया-कोडरमा रेल सेक्शन में पड़ने वाले स्टेशनों पर विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस सर्च अभियान में कोडरमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या चार पर न्यू फूट ओभर ब्रिज के नीचे दो ट्रेन का इंतजार कर रहे दो युवक को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। उसके पास रहे पिट्ठू बैग की जांच करने पर उसमें 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

बिहार सरकार

उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी,औरंगाबाद
(मद्यनिषेध कोर्ट–5)
अति आवश्यक सूचना
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहनएवं नियम 12(ख) के तहतभू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि–**27.06.2024**को निर्धारित की गयी है।

अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

क्र. सं.	थाना कांड सं०/उत्पाद सं०	उत्पाद अधिहरण वाद संख्या	पक्षकार का नाम एवं पता	वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या	वाहन मालिक/मकान मालिक का नाम एवं पता	मकान एवं भूमि	सुनवाई की तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुफसिल थाना कांड सं०–451/2023	05/24	सरकार बनाम पवन कुमार गुप्ता	सुमो ग्रांड निबंधन सं०–JH-09N-8574	पवन कुमार गुप्ता, पिता–रामाशंकर साव, सा०–दुग्दा, एफ टाईप शिव मुदिर, थाना+जिला–बोकारो, झारखंड	-	**27.06.2024**
2	बारूण थाना कांड सं०–574/2023	16/2024	सरकार बनाम धीरज कुमार	बाजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल निबंधन सं०–BR-24M-3187	धीरज कुमार, पिता–रमेश सिंह, सा०–जानपुर, पो०–बरौली थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद	-	**27.06.2024**
3	मुफसिल थाना कांड सं०–522/2023	15/24	सरकार बनाम जैबुन बीबी	अतुल टेम्पु निबंधन सं०–BR-45P-3736	जैबुन बीबी, पिता–इकबाल फरूकी, सा०+पो०+थाना–मोहनिया, जिला–कैमूर (भभुआ)	-	**27.06.2024**
4	मुफसिल थाना कांड सं०–423/2023	12/24	सरकार बनाम अशोक कुमार	बोलेरो निबंधन सं०–JH-02D-0365	अशोक कुमार, पिता–स्व० नवल किशोर, सा०–बी एस एन एल टावर न्यू नगर बंधगारी, थाना–दीपाटोली बरयातु, जिला–राँची, झारखंड	-	**27.06.2024**
5	मुफसिल थाना कांड सं०–309/2021	04/24	सरकार बनाम अजीत कुमार वगैरह	-	अजीत कुमार, पिता–प्रेमन पासवान एवं देवनंदन पासवान उर्फ टेनु पासवान, पिता–चन्दी पासवान उर्फ चन्द्रदीप पासवान, सा०–खैरासारी, थाना–मुफसिल, जिला–औरंगाबाद	मौजा–खैरा सरीम, थाना नं०–638, खाता नं०–36, प्लॉट नं०–623, रकवॉ–10X10 वर्गफीट	**27.06.2024**
6	फेसर थाना कांड सं०–187/2023	10/24	सरकार बनाम राकेश राम वगैरह	-	महादेव मोची, पिता–डोमन मोची एवं राकेश राम, पिता–बिगन राम, दोनो सा०–उन्थु, थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद	मौजा–उन्थु, थाना नं०–543, खाता नं०–63, प्लॉट नं०–410, रकवॉ–6 डि०	**27.06.2024**
7	बारूण थाना कांड सं०–207/2023	07/24	सरकार बनाम मंटु कुमार वगैरह	-	माली नोनिया, पति–कईल नोनिया, सा०–दयालपुर, थाना–बारूण, एवं मुटु कुमार, पिता–रामप्रवेश सिंह, सा०–सिरीस, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद	मौजा–दयालपुर, खाता नं०–48, प्लॉट नं०–51, रकवॉ–0. 01¼ डि०	**27.06.2024**
8	बारूण थाना कांड सं०–507/2023	06/24	सरकार बनाम ललन सिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह	-	ललन सिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह, पिता–स्व० मुंशी सिंह, सा०–चिड़ैला, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद	मौजा–जगदीशपुर, थाना नं०–108, खाता नं०–52, प्लॉट नं०–252,	**27.06.2024**
9	बारूण थाना कांड सं०–90/2024	21/24	सरकार बनाम गुमनाम	मोटरसाईकिल निबंधन सं०–BR-24H-7134	संबंधित वाहन का परिवहन कार्यालय के डाटाबेस में कोई डाटा उपलब्ध नहीं है।		**27.06.2024**

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

वरीय उप समाहर्त्ता–सह–
पीठासीन पदाधिकारी,उत्पाद
न्यायालय नं. – 5 औरंगाबाद।

PR. No. 001776 (Excise) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

उपमेयर ने मेयर पर मनमानी का लगाया आरोप

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। सासाराम में मेयर और नगर आयुक्त के बीच चल रहे आरोप-प्रत्यारोप में अब उपमेयर सत्यवंती देवी ने नगर आयुक्त को क्लीन चिट देते हुए मेयर पर मनमानी का आरोप लगाया है। शुक्रवार को उपमेयर और कई पार्षदों ने प्रेसवार्ता कर नगर आयुक्त का बचाव किया। गुरुवार को मेयर और उनके समर्थक पार्षदों ने सासाराम में पेयजल की समस्या को लेकर नगर आयुक्त को दोषी ठहराते हुए पुतला फूंका था। उप मेयर ने कहा कि पेयजल की समस्या को लेकर बोर्ड की बैठक में वाटर वेट लगाने का निर्णय किया गया था। नगर आयुक्त ने इसे लेकर विभाग से मार्गदर्शन मांगा है, जो अभी तक अप्राप्त है। चुनाव भी था, इसलिए विलंब हुआ है। कहा कि वर्तमान नगर आयुक्त के कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र में नल जल योजना के काम में तेजी आई है। पेयजल को लेकर उनके द्वारा वुडको से लगातार पत्र व्यवहार किया जाता रहा है। वार्ड पार्षद सुकांति सिंह ने कहा कि मेयर की मनमानी से पार्षद त्रस्त हैं, बैठक की प्रोसिडिंग सामने नहीं लिखा जाता है, बाद में उसमें मनमाफिक बदलाव कर दिया जाता है। पार्षदों को बैठक में मेयर द्वारा धमकी दी जाती है और अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। प्रेस वार्ता में उप मेयर सत्यवंती देवी, पार्षद सुकांति सिंह, गुलशन अफरोज, राजेश कुमार, किरण जायसवाल, रामा शंकर ठाकुर, संजय कुमार वर्मा, सुनील सिंह एवं अन्य पार्षद भी मौजूद थे। मौके पर पूर्व उप मुख्य पार्षद शेखर सिंह, पूर्व पार्षद अतेंद्र सिंह, संजय वैश्य, सरोज कुमार, प्रवीण सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमण्डल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–01/2024

1.	विभाग का नाम	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार।
2.	विज्ञापन दाता का नाम पता	वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद
3.	परिमाण विपत्र बिक्री के आरंभ की तिथि	18.06.2024 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से
4.	परिमाण विप्रत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 27.06.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे तक कार्य अवधि में।
5.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	27.06.2024 को अपराह्न 5.00 बजे तक
6.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	28.06.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे
7.	प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	22.06.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल के कार्यालय

औरंगाबाद वन प्रमंडल अंतर्गत जैव विविधता उद्यान के मुख्य द्वार पर अवस्थित कैफेटेरिया के संचालन हेतु दिनांक–**28.06.2024** को निविदा आमंत्रित की जाती है :

क्र० सं०	निविदा का विवरण	अग्रधन की राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	जैव विविधता उद्यान औरंगाबाद में बने कैफेटेरिया (Cafetaria) का क्षेत्रफल लगभग 1320 वर्गफीट एवं खुला क्षेत्र 180 वर्गफीट	रु. 50000/–	रु. 2000/–

जैव विविधता उद्यान में पर्यटकों के जलपान हेतु खाद्य सामग्रियों की बिक्री करने के लिये जैव विविधता उद्यान में बने कैफेटेरिया (Cafetaria) के संचालन हेतु कार्य में अनुभवी फर्मों/रेस्तरॉ Kiosk संचालकों से सील बन्द निविदा विहित प्रपत्र में दिनांक–27.06.2024 को अपराह्न 5.00 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के लिये दिनांक– दिनांक 27.06.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु० 2000/–(दो हजार रूपये) मात्र का भुगतान कर विहित प्रपत्र (निविदा फार्म) प्राप्त किये जा सकते हैं या बेबसाईट www.forest.bih.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर समर्पित करने की स्थिति में प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 2000/– (दो हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा के साथ अग्रधन के रूप में कैफेटेरिया संचालन हेतु रु. 50000/– का बैंक ड्राफ्ट, जो Divisional Forest Officer, Aurangabad Forest Division, Aurangabad /वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के पदनाम से औरंगाबाद स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। कैफेटेरिया के लिये तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में समर्पित करना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी प्राप्त करने या निविदा पत्र के क्रय हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय से अथवा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वेबसाईट www.forest.bih.nic.in या state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
औरंगाबाद वन प्रमंडल

PR- 001907 (Forest) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

डीडीसी एवं एडीएम ने संयुक्त रूप से किया जनता दरबार का आयोजन

निज संवाददाता

नवादा। दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, नवादा एवं चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता की संयुक्त अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन हुआ। आज की जनता दरबार में कुल 64 आवेदन आया जिसमें कई मामलों का जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज की जनता दरबार में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत, नल-नल, भूमि विवाद, राजस्व एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में थाना-हिसुआ, ग्राम-ओड़ो के मुकेश कुमार, थाना-रोह, ग्राम-रूखी के प्रतिमा कुशवाहा, थाना-हिसुआ, ग्राम-बस्ती विगहा के राजू शर्मा, थाना-नारदीगंज, पो0-मसौढ़ा, ग्राम-बरेव के दिव्यांग शैलेन्द्र कुमार, थाना-नारदीगंज, ग्राम-सिरपतिया के महेन्द्र चौहान, थाना-कौआकोल, ग्राम-महुडर के सबीरा खातुन आदि के द्वारा अपना-अपना आवेदन उप विकास आयुक्त के समक्ष दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया तथा अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिये। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में डीसीएलआर रजौली, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

नए डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने लिया पदभार ग्रहण

निज संवाददाता

नवादा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने आज समाहरणाय के कार्यालय प्रकोष्ठ में पदभार ग्रहण किया। जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया,उन्होंने निवर्तमान जिला पदाधिकारी श्री प्रशांत कुमार सी.एच. से जिम्मेवारी ली। आज दोनों अधिकारी कार्यालय में आए और चार्ज का आदान-प्रदान किया। उन्होंने स्वागत के लिए सभी अधिकारी को धन्यवाद दिए। नए जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास के कार्यों को धरातल पर लाने का प्रयास करेंगे। जिले में जनता की अपेक्षाएं के अनुरूप कार्य करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, रजौली, डीसीएलआर नवादा एव रजौली, जिला अवर निबंधन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, एसडीपीओ नवादा सदर के साथ-साथ जिले के अन्य पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर हुई परिचर्चा

निज संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड पेंशनर समाज नारदीगंज परिसर में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर परिचर्चा हुआ। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा रक्तदान महादान है। रक्तदान से मानव समुदाय कि जिंदगी नई हो जाती है। विश्व स्तरीय संस्था यूएनओ में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस आयोजित की जाती है। इसकी शुरुआत सर्वप्रथम 14 जून 2004 से हुई। विश्व के युवाओं में रक्तदान करने की भावना पैदा करनी चाहिए। इसके लिए जन-जन में रक्तदान करने को लेकर प्रचार प्रसार होनी चाहिए।कहा गया नवादा जिला बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक जितेंद्र प्रसाद जीतू ने अब तक 66 वीं रक्तदान करके युवाओं में जोश, उमंग, उत्साह पैदा करने का कार्य करते आ रहे हैं। इसीलिए जीतू को लोगों ने रक्त दानवीर की संज्ञा दी है। रक्तदान करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है।

बुधौली पंचायत के मुखिया की गोली मार कर हत्या से क्षेत्र में सनसनी

निज संवाददाता

नवादा। जिले के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत के मुखिया पप्पू मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार 13 जून की देर रात घटना को अंजाम दिया गया। शुक्रवार की सुबह गांव में गावं स्थित इंटर विद्यालय के समीप चहारदिवारी से सटे मुखिया का शव पाया गया। गोली मारकर हत्या की गई है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था नजदीक से कनपटी में गोली मारी गई।

सूचना के बाद डीएसपी पकरीबरावां महेश कुमार चौधरी और पकरीबरावां थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। घटनास्थल पर मुखिया का पैंट शर्ट ससीर के नीचे रखा था। जबकि मोबाइल चड्डी के अंदर था। इससे यह भी प्रतीत हो रहा था कि हत्या कहीं और करके शव को स्कूल के पास लाकर रखा गया हो। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना सामने आने के बाद घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा लेकर पहुंची है। बता दें कि पप्पू पिछले 2 टर्म से अनुसूचित सीट से मुखिया थे। वैसे, उनका पूरा कामकाज गांव के ही अमरेंद्र नाम के व्यक्ति देखा करते थे। मुखिया पप्पू एक सीधे-साधे किस्म के इंसान थे। मुखिया रहते हुए भी राजनीति से बहुत ज्यादा मतलब नहीं था। उनका काम सबकुछ अमरेंद्र ही देखा करते थे।

ऐसे में किससे किसकी रंजिश थी और मुखिया इसके शिकार हुए, पुलिस अनुसंधान में साफ हो सकेगा। जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटना से सकते में हैं। घटना ऐसे वक्त में हुई है जब बीती रात ही डीएम एसपी का ट्रांसफर यहां से हुआ है। बताया जाता है कि रात में मुखिया के मोबाइल पर कॉल आया था। वे बात करते हुए घर से निकले थे रात में घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन नहीं की। जिसके बाद अगली सुबह उनका शव पाया गया। अक्सर, वे घर से बाहर निकल जाया करते थे। इस बार ऐसा क्या हुआ कि वापस लौटने की गुंजाइश ही नहीं रही।

अब पुलिस वहीं से अपना अनुसंधान प्रारंभ की है। जिस व्यक्ति से अंतिम बात हुई थी, उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस मामले में पुलिस का आधिकारिक पक्ष आना बाकी है।लिहाजा पुलिस के लिये हत्या पहेली बनी हुई है।

उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन का कार्य संपन्न

नवादा (नि.सं.)। जिले के अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के बकसंडा पंचायत उप मुखिया के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन का कार्य संपन्न हुआ। रजौली से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस की मौजूदगी में कराये गये मत विभाजन में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 9 व विरोध में मात्र 4 सदस्यों ने मतदान किया। इस प्रकार उप मुखिया उर्मिला देवी पैदल हो गयी। बता दें पंचायत में कुल वार्ड सदस्यों कि संख्या 14 है, जिसमें 10 वार्ड सदस्यों रोहित कुमार, मो. कलीम शाह, हुसना खातून, रेखा देवी, सुलेखा देवी, गीता देवी हीरालाल पासवान, पियूष कमल, स्मिता कुमारी ने अविश्वास के लिए आवेदन दिया था। पंचायत सेवक अशोक कुमार की मौजूदगी में मत विभाजन कराया गया। मतों की गिनती में उपमुखिया के खिलाफ 9 वोट पड़ा और पक्ष मे 4 मत प्राप्त हुआ। सूचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी गयी है। नये उप मुखिया निर्वाचन की तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

22 लीटर शराब जप्त, एक महिला शराब धंधेबाज एवं 4 पियक्कड़ गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के महसई मोहल्ला में गुरुवार की रात्रि एएसआई माखन मालाकार ने दो गोतिया के घरों में छापेमारी की। इस दौरान कुल 22 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला शराब धंधेबाज एवं चार पियक्कड़ को गिरफ्तार किया। जबकि दो शराब धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने हेतु पुलिस बलों के सहयोग से थाना क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण इलाकों के अलावे जंगली क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। बीती गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे महसई मोहल्ले के दो-तीन घरों में शराब बेचने एवं पिलाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर गश्त में रहे एएसआई माखन मालाकार को पुरुष एवं महिला बल के साथ महसई मोहल्ला भेजा गया। इस दौरान महसई मोहल्ला निवासी सुनील चौधरी की पत्नी प्रीति देवी, फेकु चौधरी की पत्नी सुमन देवी एवं सुधो चौधरी के पुत्र गोरेलाल चौधरी के घर से कुछ लोग निकलकर भागने लगे। जिसे पुलिस बलों के सहयोग से हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए लोगों के शराब पीये होने की आशंका हुई। जिसकी जांच ब्रेथ एनलाइजर मशीन से किये जाने पर सभी चार लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार शराबियों में महसई मोहल्ला निवासी स्व जागो राजवंशी के पुत्र कृष्णा राजवंशी, अली हसन के पुत्र मो रियाज, स्व आसीन के पुत्र मो नौशाद आलम एवं प्रयाग यादव के पुत्र अर्जुन यादव शामिल हैं। वहीं महिला शराब धंधेबाज सुनील चौधरी की पत्नी प्रीति देवी के घर से 4 लीटर एवं सुमन देवी के घर से 8 लीटर देशी महुआ शराब जप्त किया गया। साथ ही गोरेलाल चौधरी के घर से 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त लोगों के घरों से कुल 60 लीटर तैयार जावा महुआ शराब को नाली में बहाकर विनष्ट किया गया। साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त शराब धंधेबाजों में प्रीति देवी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि सुमन देवी एवं गोरेलाल चौधरी भागने में सफल रहे। जप्त शराब एवं गिरफ्तार महिला शराब धंधेबाज व पियक्कड़ों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शुक्रवार को सभी गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं भागने वाले शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

बच्चेदानी का आपरेशन के बाद महिला की गयी जान

नवादा (नि.सं.)। जिले के उग्रवाद प्रभावित थाली थाना क्षेत्र के बकसोती बाजार के निजी क्लिनिक में बच्चेदानी का आपरेशन के दो दिनों बाद 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मौत के बाद चिकित्सक व कर्मी क्लिनिक छोड़ फरार हो गये। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल क्लिनिक को पुलिस ने सिल कर दिया है। बताया जाता है कि ढकनी गांव के अमीरक यादव ने 35 वर्षीय पत्नी मंटू देवी के पेट में दर्द की शिकायत पर बकसोती बाजार के डा.अजय कुमार के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने बच्चेदानी में सूजन बताकर सोमवार को आपरेशन कर दिया। दो दिन बाद अचानक तबियत बिगड़ी और जबतक लोग कुछ समझ पाते अत्यधिक रक्तस्राव होने से रात बारह बजे मौत हो गयी। मौत होते ही चिकित्सक व कर्मी क्लिनिक छोड़ फरार हो गये। सूचना के आलोक में पहुंचे थानाध्यक्ष विकास चन्द्र यादव व अनि ललन ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। क्लिनिक को सिल कर दिया। मृतका अपने पीछे सात पुत्री व एक पुत्र छोड़ गयी है। इस बावत थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पीड़ित पक्ष के आवेदन का इंतजार है।

खाता खोलने में छात्रों को बेवजह किया जा रहा परेशान, आक्रोश

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक भलुआही के प्रबंधक पर क्षेत्र के छात्र छात्राओं को खाता खोलने में बेवजह परेशान करने का आरोप अभिभावकों द्वारा लगाया जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि मैट्रिक तथा इंटर के छात्र छात्राओं को खाता खोलने में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक भलुआही के प्रबंधक द्वारा उनके माता-पिता का बैंक पासबुक खोजा जाता है। जबकि अन्य ब्रांचों में इस तरह के नियम नहीं हैं। कितने वैसे छात्र छात्राएं हैं जिनके बैंक में न तो माता का अकाउंट है और न ही पिता का। ऐसे में काफी संख्या में छात्र बैंक में खाता खुलवाने से वंचित रह जा रहे हैं। जिसके कारण उन छात्र छात्राओं को सरकारी स्तर से मिलने वाला छात्रवृति, पोशाक योजना, किताब सहित अन्य तरह की प्रोत्साहन राशि से वंचित रह जाना पड़ सकता है। बैंक प्रबंधक के इस तरह की रवैए को लेकर अभिभावक मीना देवी सहित अन्य अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं में भारी आक्रोश है। अभिभावकों की यह भी शिकायत है कि जब बैंक में राशि की निकासी करने या खाता खुलवाने के लिए छात्र जाते हैं तो प्रबंधक द्वारा उसे सीधे ग्राहक सेवा केन्द्र पर भेज दिया जाता है। कहा जाता है कि यहां अब खाता नहीं खुलता है। खाता खोलने का काम सिर्फ ग्राहक सेवा केन्द्र पर ही होता है। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक भलुआही के प्रबंधक सूरज कुमार ने बताया कि बैंक का नियम कानून में बदलाव किया गया है। अब छात्र छात्राओं को खाता खोलने में उनके माता या पिता का पासबुक लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

विधुत चोरी के विरूद्ध जेई ने कई लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

नवादा (नि.सं.)। जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्रखंड के सांढ मंझगवा पंचायात की गरहौनी गांव में जेई मो नसरुद्दीन अंसारी ने मानव बल के साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में सात लोगों को बिजली चोरी करते रंगेहाथों पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सभी आरोपी के विरुद्ध जुर्माना के साथ परना डावर थाना में एफ आई आर दर्ज कराया गया है। उमेश प्रसाद पिता रामदेव प्रसाद के विरुद्ध 28196 रुपया, का जुर्माना के साथ बिजली विभाग के सुसंगत धाराओं के तहत एफ आई आर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई आरम्भ किया गया है।

टोल प्लाजा के समीप दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल, इलाजरत

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक ही बाइक पर सवार रहे दो लोग घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से भागने में सफल रहा। सड़क दुर्घटना की सूचना गश्त में रहे एसआई सत्येन्द्र सिंह को मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही दोनों घायल बाइक सवारों को ईलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. शिवपुरारी कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवारों की पहचान रजौली ब्लॉक रोड निवासी संजय रजक के पुत्र आनन्द कुमार एवं दिनेश कुमार के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि दोनों घायल बाइक सवार खतरे से बाहर है। सड़क दुर्घटना के कारण पैर एवं हाथ में थोड़ी बहुत खरोंच एवं चोटें आई है। साथ ही कहा कि दोनों लोगों प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां आदि देकर घर भेज दिया गया है। वहीं घायल बाइक सवारों ने कहा कि वे दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर नवादा से रजौली स्थित घर आ रहे थे।इसी बीच रजौली की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बाइकसवार ने टक्कर मार दी। जिससे वे दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सवार घटनास्थल से भागने में सफल रहा। घायलों ने कहा कि उन्हें ज्यादा चोटें नहीं आई है। इसलिए वे पुलिस केस करने के पक्ष में नहीं है।

युवक के अपहरण की आशंका, थाने में दिया आवेदन

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। कौआकोल में एक युवक की अपहरण कर लिए जाने की आशंका पर उसके परिजनों ने थाने में आवेदन देकर युवक की सकुशल बरामदगी किए जाने का गुहार लगाया है। मामला कौआकोल थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव का बताया जा रहा है। शुक्रवार को गायब युवक के चाचा मो. इसराइल अंसारी ने कौआकोल थाना में आवेदन देकर गांव के ही मनीष मांझी,पिता काशी मांझी पर अपने 32 वर्षीय भतीजा मो. सरवर, पिता स्व. जमाल का अपहरण करने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि 9 जून को मनीष मांझी अपनी बाइक पर बैठा कर मो. सरवर को कौआकोल के पूर्वी इलाके की तरफ ले गया। उसे ले जाते हुए कुछ लोगों ने देखा भी है। बताया जाता है कि मनीष मांझी,मो. सरवर को अपने चाचा शोभी मांझी के यहां कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव ले गया है। इसके बाद उसका कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। मो. सरवर का मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है। जिससे उसके परिजन चिंतित हैं।

ककोलत जल प्रपात के नाका पर दो कार सवारों ने वनकर्मियों पर किया हमला

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। अनुमण्डल क्षेत्र के थाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे ककोलत जल प्रपात के पास एकतारा सुरक्षित वन में दो वाहनों के घुसने का विरोध करने पर उग्र कार सवारों ने वनकर्मियों पर हमला कर उन्हें गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया। आरएफओ प्रदीप कुमार ने कहा कि शुक्रवार की सुबह एकतारा सुरक्षित वन क्षेत्र के चेक नाका से होते हुए एक थार एवं एक टाटा पंच वाहन जबरन घुस गया।गश्त में रहे वनकर्मी रितेश कुमार एवं मनोज साव द्वारा दोनों वाहनों पर सवार लोगों को रोक-टोक भी किया गया। किन्तु वाहनों में सवार रहे लोग आक्रोशित हो गए एवं हाथ में कुल्हाड़ी व लोहे के रॉड से वनकर्मियों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वनकर्मी रितेश कुमार का हाथ कट गया है एवं मनोज साव का कान एवं सिर जख्मी हो गए। वनकर्मियों पर हमला होता देख चेक नाका से कुछ और वनकर्मी बचाने आये। किन्तु तबतक दोनों कारों पर सवार रहे लोग जंगली रास्तों के सहारे भागने में सफल रहे। घायल वनकर्मियों का इलाज गोविंदपुर पीएचसी में करवाया गया। वहीं डीएफओ नवादा संजीव रंजन के निर्देश पर दोनों कार मालिकों एवं कार सवारों में खुद को पुलिस पदाधिकारी बताने वाले पवन कुमार के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं जप्त वाहन में रहे कुल्हाड़ी एवं लोहे के रॉड आदि बरामद किया गया है। साथ ही कहा कि वनकर्मियों के साथ मारपीट को लेकर थाली थाना में केस करने गए थे।किंतु वे लोग जप्त वाहन की मांग कर रहे थे। वहीं थाना में पुलिस पदाधिकारी को बताया गया कि वे वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जप्त करने की बात कही गई। चूंकि थाना प्रभारी ट्रेनिंग में गए हुए थे, इसलिए इसकी सूचना रजौली एसडीपीओ को भी दी गई है।

पर्व में शांति भंग करने वाले होगी कार्रवाई

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ रंजीत कुमार, सीओ मो0 रईस आलम, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व प्रमुख गौरी सिंह, मुखिया अजय पंडित, सरपंच प्रवेश रविदास, सरपंच नागेन्द्र कुमार सिन्हा, उप प्रमुख अमित कुमार, दीपक कुमार यादव उर्फ बाला जी, पूर्व सरपंच मो. बारीक, न्याय सचिव नंद किशोर राजबंशी, सरपंच डिंपू शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा पर्व के दौरान शांति भंग व अफवाह फैलाने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। आगामी 17 जून को बकरीद पर्व है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी जगहों पर पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की तैनाती रहेगी।

पूर्व मध्य रेल
ई—नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई—नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है—
AA/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया—हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन 02 वर्षों के लिए। ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : Lease-SLR-DDU-2, ई—नीलामी लॉट संख्या : 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-23-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे बंद होगी। 2. वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00479/डीडीयू/वाणिज्य/एन/24–25/28

पूर्व मध्य रेल
ई—नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों/व्हाइट लेवल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई—नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है—
AA/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS/PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षों (1826 दिन) के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-AUBR-Gen-9-23-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:30 बजे बंद होगी।
AA/2 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं० दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षों (1826 दिन) के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-DDU-Gen-3-24-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:40 बजे बंद होगी।
ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : ATM-DDU-24-04
2. वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00481/डीडीयू/वाणिज्य/एन/24–25/44

पूर्व मध्य रेल
ई—नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई—नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है—
AA/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-BBU-FW-42-22-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी।
AB/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-AUBR-TW-41-23-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:40 बजे बंद होगी।
AC/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मोहम्मदीगंज साइड) में स्थित मिक्स (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-SSM-MX-49-22-3, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 28.06.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:50 बजे बंद होगी।
ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : Park-DDU-19
2. वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00480/डीडीयू/वाणिज्य/एन/24–25/48

संक्षिप्त समाचार

आठ साल पहले चलाई थी गोली, अब धराया

गया। विष्णुपद थाने की पुलिस ने आठ साल पहले दुकानदार पर गोली चलाने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया उमेश कुमार उर्फ मुन्ना थाना क्षेत्र के माड़नपुर का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि साल 2015 में 19 नवंबर को उमेश द्वारा एक मोबाइल दुकान पर गोली चलाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उमेश गोलीबारी कर दुकान से पैसे व मोबाइल लेकर भाग गया था।

दुष्कर्म के मामले में चिकित्सक सुषमा वर्मा ने कोर्ट में दी गवाही

गया। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार की अदालत में चिकित्सक सुषमा वर्मा ने गवाही दी। वह प्रभावती अस्पताल गया में पदस्थापित है। इस मामले में अभियुक्त पवन कुमार ट्रॉयल का सामना कर रहा है। गवाह का परीक्षण पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन ने कराया। डॉ वर्मा ने बताया कि उसने पीड़िता की चिकित्सीय जांच की थी। वह कोर्ट को बताया कि रेप की घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जांच रिपोर्ट को प्रदर्श अंकित किया गया। सरफुद्दीन ने बताया कि पीड़ित के पिता के बयान पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। घटना 16 सितंबर 2022 की है। उस दिन पीड़िता स्कूल गई थी परन्तु घर वापस नहीं आई थी। बाद में पता चला कि अभियुक्त पवन कुमार उसे अपहरण कर महाराष्ट्र ले गया है। पीड़िता के परिजन द्वारा शिकायत करने पर अभियुक्त के परिवार के लोग उन्हें गाली दी थी। दस दिन बाद वह महाराष्ट्र से गया वापस आई थी। गया आने के बाद पुलिस में उसका 164 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराया था। इस मामले में पीड़िता एवं उसके परिजन सहित पांच लोगों ने अभियुक्त के खिलाफ गवाही दी है। मामला वजीरगंज थाना कांड संख्या 518/ 22 से संबंधित है ।

एससी-एसटी मामले में आरोपी हुआ गिरफ्तार

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एससी-एसटी पुराने मामले के अभियुक्त को गिरफ्तार किया। मामला 4 जुलाई 2022 की है। इसकी जानकारी देते हुए मविवि थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया है कि वादी के द्वारा गंभीर हालात में मगध मेडिकल पुलिस के पास फर्दबयान दिया गया कि जब ये पथड़ा शिव मंदिर में पूजा करवा रहा था, तो अचानक युगेश चौधरी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए फायरिंग कर दी। जिससे इनकी चचेरी भांजी को गोली लग गई और वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गई थी। मविवि पुलिस द्वारा आमस थाना के सहयोग से ग्राम मंझौली में छापामारी कर इस कांड के एक प्राथमिकी अभियुक्त युगेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

पिकअप ने प्रशिक्षु दरोगा को रौंदा, गंभीर हालत में पटना रेफर, शेखपुरा में कर रहे थे वाहन चेकिंग

शेखपुरा। शेखपुरा में गुरुवार की देर रात बरबीघा-बिहारशरीफ मुख्य सड़क मार्ग पर मिशन थाना क्षेत्र के टाउन हाई स्कूल के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने प्रशिक्षु दरोगा को टक्कर मार दिया। जिससे वो बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी प्रशिक्षु दरोगा की पहचान गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के निवासी रवि रौशन(27) के रूप में हुई है। घटना के बाद उनके सहकर्मियों ने उन्हें रेफरल अस्पताल बरबीघा में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत काफी गंभीर रहने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बेहोशी की हालत में पटना रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। इस बाबत मिशन थाना अध्यक्ष बालमुकुंद राय ने बताया कि गुरुवार की देर रात रवि रौशन वाहन चेकिंग अभियान पर थाने के एएसआई अभिषेक कुमार के साथ निकले थे। जहां बरबीघा-बिहारशरीफ मुख्य सड़क मार्ग पर चेकिंग अभियान के दौरान बिहारशरीफ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गया। बाद में चालक पिकअप वाहन को बरबीघा शहर के एक पेट्रोल पंप के निकट छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। जिसके ऊपर खाली कैरेट लदा मिला। वाहन नालंदा जिले के सारे गांव का बताया गया है। फिलहाल घायल रवि रौशन की हालत गंभीर बनी है।

टॉप 100 प्रोजेक्ट में गया का सेफ राइडर्स भी

गया। केंद्र सरकार के नीति आयोग की ओर से आयोजित एटीएल मैराथन 2022-23 के लिए चयनित टॉप 100 प्रोजेक्ट में अटल इनोवेशन मिशन के तहत गया के बच्चों के प्रोजेक्ट का भी चयन हुआ है। शहर के प्लस टू जिला स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब में तत्कालीन एटीएल इंचार्ज डॉ. देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में डीपीएस स्कूल के बच्चों ने चार प्रोजेक्ट तैयार किए थे। जिसमें सेफ राइडर्स नामक प्रोजेक्ट का चयन देश के टॉप 100 में किया गया है। इसके लिए नीति आयोग ने पूर्व एटीएल इंचार्ज डॉ. सिंह समेत दिल्ली पब्लिक स्कूल, गया के रोहित कुमार, अथर्व गोयनका और समृद्धि सिन्हा को सर्टिफिकेट भेजकर बधाई दी है। डॉ. सिंह ने बताया कि एटीएल मैराथन के लिए देश भर के विद्यालयों से 375 प्रोजेक्ट एआईएम को प्राप्त हुए, जिसमें डीपीएस के बच्चों के चार प्रोजेक्ट थे। उन्होंने बताया कि टॉप 100 में चयनित प्रोजेक्ट को लेकर स्टूडेंट इंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद टॉप 8 प्रोजेक्ट का चयन होगा। फिर चयनित प्रोजेक्ट को पेटेंट कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। नीति आयोग ने अटल टिंकरिंग लैब जिला स्कूल गया के पूर्व एटीएल प्रभारी को ईमेल संदेश भेजकर कहा है कि 2023 के लिए मैराथन प्रतियोगिता में अपने स्कूल के साथ-साथ शहर के नामचीन स्कूल के छात्रों को भी टॉप 100 टीम में चयन कराने में सफलता प्राप्त करायी है। कहा कि हमें आपकी उपलब्धियों पर अधिक गर्व है। नव प्रवर्तन की यात्रा निरंतर चलने वाली है और आपकी टीम का उत्साह व रचनात्मकता देश के भविष्य को आकार देने में अमूल्य है। लेकिन दुर्भाग्य है कि वर्ष 2023-24 के लिए आपके लैब से एक भी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शामिल नहीं है और पता चला कि आपके स्थानांतरण के बाद लैब बंद पड़ा है, यह खेद का विषय है। एआईएम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को आपने बखूबी निभाई। उम्मीद है कि आप दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ भी प्रोजेक्ट को पेटेंट कराने में सफल होंगे। वाटर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट को मिला था राष्ट्रपति पुरस्कार जिला स्कूल के एयर वाटर जेनरेटर का हुआ है पेटेंट एटीएल मैराथन वर्ष 2018-19 में डॉ. सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किए गए, जिला स्कूल के बच्चों के वाटर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट (एयर वाटर जेनरेटर) को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला था। वर्ष 2021 में इस प्रोजेक्ट का पेटेंट भी कराया गया। इस प्रोजेक्ट को देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट घोषित किया था। अटल इनोवेशन मिशन द्वारा वर्ष 2023 के लिए जारी रीजनल टीचर ऑफ चेंज की सूची डॉ. सिंह भी शामिल रहे हैं। उत्कृष्ट कार्य के लिए देशभर के 87 टीचर को रीजनल टीचर ऑफ चेंज घोषित किया गया है जिसमें बिहार से सिर्फ तीन शिक्षक शामिल हैं।

बॉलीवुड फिल्म गंजवा-2 का पोस्टर रिलीज, भू-माफियाओं की करतूत पर है आधारित, 23 जून को होगी रिलीज

गया। बॉलीवुड फिल्म गंजवा 2 का पोस्टर रिलीज, 23 जून को एपीआर में होगी रिलीजगया। यूट्यूब पर गंजवा फ़िल्म धमाल मचाने के बाद गंजवा 2 अब बड़े पर्दे पर आ रहा है। 23 जून को काशीनाथ मोड़ स्थित एपीआर में यह फ़िल्म रिलीज होगी। गुरुवार को इस फ़िल्म का पोस्टर रिलीज किया गया। इस मौके पर फ़िल्म के सभी कलाकार मौजूद थे। फ़िल्म का पोस्टर रिलीज़ किए जाने की खुशी फ़िल्म से जुड़े लोगों के बीच जबरदस्त थी। वे खासा उत्साहित थे। खास बात यह कि फ़िल्म जमीन की खरीद फरोख्त के धंधे से जुड़े भू माफियाओं द्वारा किए जा रहे अत्याचार से जुड़ी कहानी पर आधारित है। इससे भी खास बात यह भी फ़िल्म के निर्माण से वैसे लोग जुड़े हैं जो बिल्डर हैं। इस वजह से फ़िल्म की कहानी में बहुत हद तक रियलिटी का तानाबाना बना गया है। फ़िल्म एक घण्टा से अधिक का है। इसमें तीन गाने भी फिल्माए गए हैं। एक गाना भोजपुरी गायक पवन सिंह के छोटे भाई सतीश सिंह द्वारा एक गाना गाया गया है। यही नहीं फ़िल्म में एक महिला को विलेन के लीड रोल में दिखाया गया है। विलेन का रोल मोना डेंजर ने किया है। इस फ़िल्म के पीछे तेज टावर, विद्या अपार्टपमेंट, अपनी दुनिया फ़िल्म प्रोडक्शन की भूमिका अहम है। फ़िल्म अ फ़िल्म जीएसआर सिनेमा के बैनर तले बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद मांझी पहुंचे गया, कहा-

लालू-तेजस्वी को लॉ एंड ऑर्डर पर बात करने का हक नहीं

निज संवाददाता। गया

केंद्रीय मंत्री की शपथ और MSME मंत्रालय की जिम्मेवारी संभालने के बाद शुक्रवार को जीतनराम मांझी गया सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने पहले गया की जनता से मुलाकात किया। जीतनराम मांझी से मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं केंद्रीय मंत्री से जब पूछा गया कि तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि बिहार में लॉ एंड ऑर्डर लचर हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि लालू यादव और तेजस्वी यादव को इस विषय पर बात करने का न तो कोई विजन है और न ही अधिकार। वो थेथरई करते चल रहे हैं। 2005 से पहले का दौर याद कीजिए। उस दौर को याद कर रूह कांप जाता है। पहले CM हाउस में नेगोशिएशन हुआ करता था। अब कार्रवाई होती है। हमें तो नहीं लगता कि बिहार का ला एंड ऑर्डर बहुत ही खराब है। घटना होना अलग बात है,

उसपर कार्रवाई होना अलग। आज कार्रवाई हो रही है।

MSME मंत्रालय मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारीः उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंत्रालय देने पहले कहा था कि हम अपने विजन से जुड़ा मंत्रालय दे रहे हैं। उस समय समझ मे नहीं आ रहा था कि उनके विजन से जुड़ा हुआ आखिर कौन सा मंत्रालय है, लेकिन जब MSME की जिम्मेदारी सौंपी गई तो पता चला कि यह तो बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह मेरे लिए चुनौती है। इसमें तो माइक्रो लेवल के लोगों से लेकर अन्य लोगों के लिए रोजगार का अवसर क्रिएट करने का मौका है, जिसे हमें कर दिखाना है। वहीं जब उनसे यह पूछा गया कि आप कहते थे कि सांसद बनना मेरा सपना है। वह सपना पूरा हुआ। आपके साथ अब गया की जनता भी सपना देख रही है उसे कब और कैसे पूरा करेंगे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गया की जनता का हमारे ऊपर बहुत बड़ा उपकार है। 16 अप्रैल को जब चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री आए थे तो प्रधानमंत्री ने कहा था कि जीतनराम मांझी की कड़ाही भर दीजिए तो जनता ने भर दिया। अब हम गया की कड़ाही को उद्योग से भरेंगे। निश्चिंत रहिए। हजारों और लाखों युवाओं को रोजगार दिए जाने का अवसर क्रिएट करेंगे। इससे भी आगे बढ़कर हम रोजगार के सृजन में काम करेंगे। यही नहीं रोजगार के नाम पर युवाओं को जिस प्रकार से पहले छला गया और घोटाले किए गए हैं उसका भी हम तेजी से पर्दाफाश करेंगे। गया को कई ओवर ब्रिज की जरूरत है और भी कई समस्या है। सभी को बारी-बारी से दूर किया जाएगा।

युवक की हत्या मामले में पत्नी ने दर्ज कराया FIR

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के चंदुआरा और पितौंजिया स्थित अर्धनिर्मित कचरा संग्रह केंद्र में एक युवक की ईंट से सिर कूच कर हत्या करने का मामला गुरुवार की सुबह सामने आया था। मवेशी चरा रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई । घँटों बाद मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के तुंगी पासवान टोला निवासी सिया पासवान का (32) वर्षीय पुत्र रंजय पासवान के रुप में की गई थी। वहीं इस मामले में रंजय पासवान की पत्नी फुली देवी के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध पति की हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बुधवार की सुबह 6:00 बजे रंजय पासवान ई रिक्शा लेकर बाजार की तरफ निकला था। जो बुधवार की देर शाम तक नहीं लौटा, परिजनों ने काफी खोजबीन की बावजूद उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। रंजय का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। गुरुवार को जानकारी प्राप्त हुई कि एक शव कचरा संग्रह केंद्र रहुई में मिला है। परिजन रहुई पहुंचे और शव की शिनाख्त रंजय पासवान के

◆ CCTV फुटेज खंगाल रही है नालंदा पुलिस, अज्ञात आरोपियों पर दर्ज हुआ मामला, ई रिक्शा और मोबाइल गायब

रूप में की गई।

क्या बोली पुलिसः फिलहाल युवक जिस ई-रिक्शा को चलाता था वह गायब एवं मोबाइल भी अब तक बरामद नहीं हुआ है।वहीं इस मामले में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। डॉग स्क्वायड एवं एफएसएल की टीम से भी मदद ली जा रही है। जल्द ही हत्या का उद्वेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बेहोश होकर गिरी महिला की मौत, लू से मौत की आशंका

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में गुरुवार को हीट वेव की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अमीनार गांव का है। मृतका की पहचान अमीनार गांव निवासी पारस सिंह की (65) वर्षीया पत्नी साबुजा देवी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के बेटे संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को उनकी मां एकंगरसराय बाजार गई थी जहां से लौटने के क्रम में सूर्य मंदिर के समीप सड़क पर मूर्छित हो गिर पड़ी। शाम के वक्त राहगीरों के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की उनकी मां की मौत हो चुकी है। इसके बाद वे आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई।

क्या बोली पुलिसः साबुजा देवी के परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि लू लगने से उनकी मौत हुई है। वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं इस मामलें में एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि संदिग्ध हालत में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। परिजन लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

गया में केन बम 11 जून को ट्रैक के नीचे से हुआ था बरामद, बाद में बम निरोधक टीम ने किया डिफ्यूज

निज संवाददाता। गया

गया जिले के गया-कोडराम रेलखंड के बसकटवा यदुग्राम स्टेशन के बीच पोल संख्या 420 के पास से 11 जून को केन बम बरामद हुआ था। वहीं बम बरामदगी मामले में RPF और GRPF की लापरवाही सामने आई है। केन बम और एक कर्मी की जान की अनदेखी का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में जान की परवाह किए बगैर एक युवक मामूली छड़ी की मदद से पटरी के नीचे फंसाए गए केन बम को निकाल रहा है। युवक न केवल बम निकाल रहा है, बल्कि उस बम को निकालने के बाद जुट की रस्सी से बंधे केन बम को छड़ी में फंसाकर कर एक गड्ढे में फेंक देता है। केन बम को फेंके जाने की आवाज भी वीडियो में सुनाई पड़ रही है। इस दौरान बम निरोधक की टीम भी नहीं पहुंची थी। गनीमत रही कि केन बम न तो निकालने वक्त फटा और न ही वह गड्ढे में फेंके जाने के दौरान फटा, नहीं तो हादसा हो जाता। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि जब केन बम को बम निरोधक टीम ने डिफ्यूज किया, तो वह डिफ्यूज भी हुआ।

गुरपा थानाध्यक्ष को नहीं है जानकारीः वीडियो में दिख रहा है कि युवक के साथ कोई और शख्स नहीं है, लेकिन वीडियो में अन्य लोगों की आवाज साफ-साफ सुनाई दे रही है। वहीं केन बम निकालने वाला युवक कौन है इसकी जानकारी देने से भी गुरपा थाना, GRP और RPF कन्नी काट रहा है। गुरपा थानाध्यक्ष राजेश पासवान का कहना है केन बम को ठेकेदार के आदमियों ने निकाला था। उस आदमी को सुरक्षा गार्ड क्यों नहीं दिया गया तो उन्होंने कहा कि उसे क्या सुरक्षा देते। बम को निकाल कर गढ्ढे में फेंक दिया। इस पर जब यह कहा गया कि यदि केन बम ब्लास कर जाता तो कौन जिम्मेवार होता तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं था। हम लोग वहीं पर थे।

तीन घंटे तक ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया थाः दरअसल, 11 जून की दोपहर गया-कोडरमा रेलखंड पर करीब 3 बजे बसकटवा-यदुग्राम स्टेशन के बीच अप लाइन की ट्रैक के नीचे से केन बम बरामद हुआ था। केन बम बरामद किए जाने के पहले तीन बड़ी ट्रेन उस पटरी से गुजर चुकी थी। केन बम मिलने की खबर पर रेलवे का अमला एक्टिव हो गया था। तीन घंटे तक ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया था। केन बम को कब्जे में लेने के बाद ट्रेनों की आवाजाही शुरू की गई थी। इसके बाद देर रात जंगल में बम को डिफ्यूज किया गया। इसके अगले दिन यानी 12 जून को मुख्य सुरक्षा आयुक्त लुइस अमुथन ने भी घटनास्थल की पड़ताल की थी। इसके बाद गुरपा थाने में केस दर्ज किया गया था। क्योंकि घटना स्थल गुरपा थाना क्षेत्र में पड़ता है। इस मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है। वहीं अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि आखिर यह काम नक्सलियों का है फिर शरारती तत्वों का।

एंबुलेंसकर्मियों से सीएस के बॉडीगार्ड ने की बदसलूकी

कर्मियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन, मांग पूरी न होने पर सामूहिक अवकाश का अल्टीमेटम

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ स्थित सदर अस्पताल में पांच सूत्री मांगों को लेकर 102 एंबुलेंस कर्मी शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय ज्ञापन सौंपने के लिए पहुंचे। जहां सिविल सर्जन के बॉडीगार्ड ने एंबुलेंस कर्मियों को मुख्य गेट पर ही रोक दिया। इसके बाद नाराज एंबुलेंस कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। दरअसल पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज 102 एंबुलेंस कर्मी 14 जून से सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की थी। हालांकि इस बीच शुक्रवार को अपने पूर्व किए गए सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा को टालते हुए सिविल सर्जन का घेराव करने और उनके समक्ष अपनी पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपने कार्यालय पहुंचे। जैसे ही एंबुलेंस कर्मियों ने कार्यालय कक्ष में जाने का प्रयास किया उन्हें सिविल सर्जन के बॉडीगार्ड ने रोक दिया। इस दौरान एंबुलेंस कर्मी और बॉडीगार्ड में

काफी देर तक बहस होती रही। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। हालांकि इस बीच एंबुलेंस कर्मियों के सहयोगियों ने मामले को शांत करा लिया और पांच सदस्यीय टीम ने सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देने उनके कार्यालय पहुंचे।

बॉडीगार्ड ने अभद्र व्यवहार कियाः प्रदर्शनकारी बिहार राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने बताया कि सिविल सर्जन के बॉडीगार्ड ने उन अभद्र व्यवहार किया है। पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण अपनी मांगों को लेकर वे लोग प्रदर्शन करने सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी ने कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर उन लोगों का वेतन भुगतान नहीं किया गया तो 18 जून से वे लोग सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सिविल सर्जन नालंदा की होगी।

तीन दिन में मांग पूरी हो जाएगीः नालंदा सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय ने बताया कि उनकी मांगों को वरीय अधिकारी तक पहुंचा दिया गया है। तीन दिनों के अंदर 102 एंबुलेंस कर्मी का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों में सिकंदर, पंकज कुमार, देवानंद दास, रजनीकांत, सन्नी कुमार, शैलेश कुमार, सूरज कुमार, असगर अली, रोशन सिंह, जितेश कुमार, विनोद कुमार, कुमार गौतम अरुण समेत अन्य एंबुलेंस कर्मी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की सुबह निर्माणाधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन (एनएच-20) पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामला हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप की है। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के निश्चल गंज विशायबिगहा निवासी अवधेश यादव के बेटे टुनटुन यादव (25) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि युवक बाइक से हरनौत गया था। जहां से वापस लौटने के दौरान हरनौत स्थित पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही टुनटुन यादव की मौत हो गई। उन लोगों को स्थानीय पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी मिली।

कार्रवाई में जुटी पुलिसः सड़क हादसे में मौत की खबर सुन परिजन सदर अस्पताल पहुँचे। जहाँ शव को देख चीख पुकार मच गई। परिजनों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। युवक ट्रक

चलाने का काम करता था।वहीं इस मामले में हरनौत थाना अध्यक्ष अबू तालिब अंसारी ने बताया कि ट्रक को जप्त करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

नालंदा में संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ में शुक्रवार को अर्ध निर्मित मकान में एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला बिहार थाना क्षेत्र के अजीज घाट मोहल्ले का है। मृतक की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के पक्की तालाब निवासी स्वर्गीय मोहम्मद महमूद के बेटे मोहम्मद असलम (52) के रूप में किया गया है। घंटों बाद शव की पहचान की जा सकी है। अर्ध निर्मित मकान में शव मिलने की खबर जैसे ही आसपास के लोगों को पता लगी तो मौके पर राहगीरों एवं मोहल्ले वासियों की भीड़ जमा हो गई। घटना के संबंध में मृतक की बेटी कश्मीरी का आरोप है कि उसके पिता को रॉड से मारकर हत्या की गई है। उनके कान से खून बह रहा है। छत से गिरने से उनकी मौत नहीं हुई है। उसने बताया कि उसके पिता ई रिक्शा चला कर अपना गुजर वसर करते थे। वहीं इस मामले में बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि सम्भतः अर्ध निर्मित मकान के दूसरे मंजिल से गिरने की वजह से उनकी मौत हुई है। सिर में गहरी चोट लगी है। राहगीरों और मोहल्ले वासियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद बिहार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों के आरोप की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के अयोध्या नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में शुक्रवार से 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। 300 कलश के साथ निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय कर दिया। गायत्री शक्तिपीठ से शुरू हुई कलश यात्रा रथ, घोड़ा और डीजे के साथ भक्ति गीतों की गूंज से उठी। भक्तों ने पूरे रास्ते में भारत माता और गायत्री माता की झांकी के साथ नृत्य किया। चोरा बगीचा, अलीपुर झिंग नगर होते हुए यह यात्रा वापस अयोध्या नगर पहुंची।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः इस भव्य आयोजन में महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा

लिया। हजारों लोगों ने कलश यात्रा का आनंद लिया और अपने मोबाइल में फोटो और वीडियो कैद किए। जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। यह 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 17 जून तक चलेगा। प्रतिदिन प्रवचन, कार्यकर्ता गोष्ठी, संगीत, प्रज्ञा पुराण कथा, सामूहिक जाप और योग-व्यायाम का आयोजन किया जाएगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार का होगा कार्यक्रमः 17 जून को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के प्रकांड पंडित और कथावाचक की ओर से कथा और प्रवचन का आयोजन किया

◆ कलश यात्रा के साथ हुई शुरुआत, प्रवचन-कार्यकर्ता गोष्ठी, संगीत, प्रज्ञा पुराण कथा और जाप का होगा आयोजन

जाएगा। आयोजकों का अनुमान है कि इस आयोजन में शहर और आसपास के हजारों लोग शामिल होंगे। गायत्री शक्ति पीठ के पुजारी पहलाद कुमार ने गंगा दशहरा के मौके पर इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करने के लिए सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ का आयोजन लोगों में धार्मिक भावना जागृत करने और विश्व शांति के लिए किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमले चिंताजनक : जनसंघ

आरा। पिछले तीन दिनों में जम्मू संभाग में लगातार तीन आतंकी घटनाओं पर अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारतभूषण पाण्डेय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। तीर्थयात्रियों व सैनिकों के हताहत होने की सूचना से शोकाकुल जनसंघ अध्यक्ष ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगाने वाले तत्त्वों से सख्ती से निपटने पर जोर दिया है। कहा है कि सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद की जड़ें नष्ट करने के लिए मोदी सरकार को पूर्व की तरह निर्णायक कदम उठाने होंगे।

पुर्जा कटवाने के लिए लाइन में खड़ा युवक बेहोश

आरा। सुबह शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी छात्र सूरज मिश्रा अपने परिवार के किसी सदस्य का इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे। जहां सदर अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लाइन में पर्ची कटवाने के लिए खड़े थे। उसी समय अत्यधिक गर्मी के कारण अचानक गिरकर बेहोश हो गए। जिसके तुरंत बाद बगल में खड़े लोगों ने सदर अस्पताल के इमर्जेंसी में इलाज के लिए ले गया। जहां इलाज के कुछ समय बाद छात्र की स्थिति सामान्य हुई। वही छात्र का इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया की अत्यधिक गर्मी के कारण युवक की हालत बिगड़ी थी अब ठीक है। छात्र शाहपुर थाना क्षेत्र शाहपुर गांव के सूरज मिश्रा है जो स्वर्गीय संतोष मिश्रा के पुत्र है।

सोन नदी में डूबने से छात्र की गयी जान

कोईलवर। स्थानीय थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव स्थित सोन नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक करण कुमार था जो कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी प्रभुनाथ सिंह का 17 वर्षीय पुत्र था। वह इंटर का छात्र था। मृतक के मामा प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वह धनडीहा गांव स्थित सोन नदी में गांव के ही कुछ लड़कों के साथ नहाने गया था। लेकिन बालू का अवैध खनन होने के कारण सोन नदी में अधिक गड्ढा हो गया है। जिसमें नहाने के दौरान जब वह पानी के नीचे गया तो वापस ऊपर नहीं आया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ रहे अन्य लड़कों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोर एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल आरा में करवाया। मृतक छात्र अपने दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां विभा देवी व एक भाई अमन एवं एक बहन शालू है।

सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस पर पथराव, AC बोगी का शीशा टूटा

बक्सर। पंडित दीनदयाल-दानापुर रेल खंड स्थित चौसा स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने सिकंदराबाद ट्रेन पर पथराव कर दिया। इसको लेकर यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस पथराव में ट्रेन का एक एसी बोगी का शीशा टूटने की सूचना है। बताया गया कि एक ट्रेन को साइड में खड़ा कर सिकंदराबाद ट्रेन को पार कराया जा रहा था। इस कारण यात्री आक्रोशित हो गए। भीषण गर्मी से यात्री परेशान थे। मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की शाम चौसा स्टेशन की है। चौसा स्टेशन के एक कर्मी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि हुबली जंक्शन से मुजफ्फरपुर जाने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (07315) को डाउन के लूप लाइन पर रोका गया था। पीछे से आ रही सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन (2791) को पार कराया जा रहा था।इसको लेकर हुबली जंक्शन मुजफ्फरपुर मेल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के कुछ यात्री आक्रोशित हो गए, पहले अप डाउन के पटरी पर खड़े हो गए। उसके बाद जब सिकंदराबाद ट्रेन गुजरने लगी तो दोनों तरफ प्लेटफार्म पर चढ़ गए। हंगामा करने लगे। इसमें से कुछ लोगों ने गुजर रही ट्रेन पर पथराव कर दिया। हालांकि, अभी तक इस पथराव में किसी यात्री के घायल होने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने गुजर रही चौसा स्टेशन के पास सिकंदराबाद पर पथराव किया गया है। हालांकि, इस पथराव में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

शराब के साथ 6 तस्कर अरेस्ट, 3 बाइक जब्त, बक्सर के राजपुर में 455 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

बक्सर। बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के सोनी गांव के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। 455 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। इसके साथ ही पीछा करके तीन बाइक के साथ 6 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तस्करी के लिए उपयोग में लाई गई 3 बाइक को भी जब्त किया गया है।बताया गया है कि शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

राजपुर थानाअध्यक्ष ने इसकी जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सूचना के आधार पर की छापेमारी की गई है। साथ ही छह तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्कर में जमौली निवासी तुलसी चौहान पिता सत्यनारायण सिंह, रोहतास जिला के दिनारा थाना अंतर्गत नरवर गांव निवासी विकास कुमार गुप्ता पिता अयोध्या साह, राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव निवासी छोटक कुमार पिता रामायण चौधरी, सत्यम कुमार पिता शंभूनाथ गुप्ता, गुड्डू चौधरी पिता धर्मेंद्र चौधरी, मुकेश कुमार पिता उमेश राम हैं।इन सभी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह सभी पहले से ही शराब तस्करी करने का धंधा करते है। इन्हें नाटकीय ढंग से पकड़ा गया है। यह सभी उत्तर प्रदेश से शराब की इस बड़ी खेप को लेकर आ रहे थे। गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी की गठित टीम ने तस्करों के गिरोह को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया। सोनी गांव के नजदीक पहुंचते ही पुलिस ने इन सभी को चारों तरफ से घेर लिया। पकड़े जाने के बाद इन सभी की बाइक पर लदे अलग-अलग पेटी में शराब की जांच की गई। इसमें बंद 231 लीटर देसी और विदेशी शराब लगभग 224 लीटर बरामद किया गया।

जलस्तर घटने से खतरनाक हुए गंगा घाट, डीएम ने सैंड बैग रखवाने का दिया निर्देश

गंगा दशहरा और नृजला एकदाशी को लेकर किया निरीक्षण

निज संवाददाता। बक्सर

गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान को लेकर डीएम अंशुल अग्रवाल ने घाटों का निरीक्षण किया। दरअसल 16 जून को गंगा दशहरा है और 17 जून को निर्जला एकादशी है। इस दिन गंगा स्नान को लेकर जिले के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालु पहुंचते है। हालांकि इस बार भीषण गर्मी के कारण गंगा नदी का जल स्तर काफी कम हो गया है। इसके कारण कई घाटों की स्थिति खतरनाक हो गई है। कई घाटों पर गंदगी भी देखने को मिल रही है। इसको लेकर डीएम ने रामरेखा घाट पर सैंड बैग रखवाने का निर्देश नगर परिषद को दिया है। वहीं सबसे खतरनाक हो चुके चौसा घाट और महादेवा घाट को लेकर अब तक कोई भी प्रशासनिक व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे गंगा घाट से दूर जा रही है। वैसे-वैसे नहाने के लिए घाट खतरनाक होते जा रहे है। मौजूदा स्थिति यह है कि नदी का जलस्तर 20 फीट के करीब नीचे चला गया है। इसके कारण सीढ़ी से पानी तक पहुंचने के लिए काफी परेशानी होती है। घाट पर बड़े-बड़े पत्थर होने से किसी को चोट ना पहुंचे इसके लिए सैंड बैग रखवाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी घाटों की पर्याप्त साफ-सफाई कराने का निर्देश भी दिया गया है। इसके अलावा रामरेखा घाट पर कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा।

भोजपुर में लापता युवक का शव बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव में घर से काम करने के लिए निकले एक अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव गांव में ही स्थित डीपीएस स्कूल के पीछे बगीचे से गुरुवार को बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव वार्ड नंबर 34 निवासी स्व.जीउत राम के 51 वर्षीय पुत्र हीरा लाल राम है एवं वह पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के पुत्र विकाश कुमार ने बताया कि बुधवार कि अहले सुबह करीब 4 बजे वह घर से लेबर का काम करने के लिए निकले थे। उसके बाद वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच गांव के एक लड़के ने उनके घर जाकर सूचना दी के उनके पिता का शव गांव में स्थित डीपीएस स्कूल के पीछे बगीचे में पड़ा है। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे।

लू-लगने से मौत की आशंका जता रहे हैं परिजनः तभी स्थानीय थाना भी वहां पहुंच गई। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी ओर मृतक के बेटे विकाश कुमार ने अपने पिता के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। साथ ही उसने लू-लगने के कारण अपने पिता के मौत होने की बात कही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी प्रेमी देवी व दो पुत्र विकाश, अंकित एवं एक पुत्री संगीता है।

भोजपुर पुलिस ने 48 वांछितों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने स्पेशल अभियान में कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 48 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में एक, हत्या के प्रयास में पांच, एससी-एसटी एक्ट में एक, अवैध खनन में दो , वारंट में सोलह एवं शराब में उन्नीस पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान आठ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 120 लीटर देसी व 14 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

694 वाहनों की जांच की गईः दो वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 694 वाहनों की जांच की गई। करीब एक लाख पन्द्रह हजार रुपये जुर्माना किया गया। अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर एवं दो बाइक को जब्त किया गया। शाहपुर

थाना पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित एक आरोपित को धर दबोचा। 25 मार्च 2024 को प्राथमिकी हुई थी। एससी-एसटी थाना पुलिस ने उत्पीड़न में एक आरोपित राजन राम को गिरफ्तार कर लिया। वह बिलौंटी का निवासी है। दूसरी ओर मुफस्सिल थाना पुलिस ने दस बोतल अंग्रेजी शराब एवं 14 पीस केन बियर के साथ यादोपुर निवासी अयोध्या कुमार उर्फ पताली को गिरफ्तार कर लिया। उदवंतनगर थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर एक को धर दबोचा।

दुकानदार को लगी गोली, घर के कमरे में सोया था, नींद खुली तो पैर खून से था लथपथ

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक मुर्गा दुकानदार को गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाएं पैर में जांघ पर लगी है जो दाहिने पैर के जांघ में जाकर फंस गई है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव वार्ड नंबर 4 निवासी मूसा कुरैशी का बेटा बबलू कुरैशी (28) है। वह मुर्गा दुकानदार है एवं गड़हनी बाजार पर मुर्गी फार्म का दुकान चलाता है।

नींद टूटी तो खून से लथपथ था बबलूः इधर बबलू कुरैशी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह

अपने कमरे में बेखबर सोया हुआ था। जैसे ही उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके दोनों पैर से खून बह रहा है। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया

♦ पड़ताल में जुटी पुलिस

गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी बबलू कुरैशी ने बताया कि जब मेरी नींद खुली और मैंने देखा कि मेरे दोनों पैरों से खून भरा है। तभी तीन लड़के वहां से दौड़कर भाग रहे थे। जिसके कारण उसने उक्त लड़कों पर गोली मारने की आशंका जताई है। हालांकि उक्त दुकानदार को गोली किसने मारी या कैसे लगी। इसका कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। वही इस मामले में चरपोखरी थाना इंचार्ज ने बताया कि युवक को गोली कैसे लगी। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर मामले जांच कर रही है और जांच के उपरांत ही बताया जाएगा।

बदमाशों ने युवक के सीने में मारी गोली, हालत गंभीर, दादी का इलाज कराने पहुंचा था अस्पताल

निज संवाददाता। आरा

बिहार के भोजपुर जिले में दादी का इलाज कराने गए पोते प्रीतम कुमार (24) को हथियारबंद अपराधियों ने बुलाकर गोली मार दी गई। युवक को गोली सीने के बाए साइड में लगी है। गोली लगने के बाद युवक जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया है। युवक का इलाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। युवक को गोली क्यों मारी गई है, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पूरा मामला भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरो बनारस हॉस्पिटल के पास का है, जहां हथियारबंद अपराधियों ने युवक को बुलाकर गोली मार दी। वहीं जख्मी युवक भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव के निवासी सूर्यकांत सिंह

6 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने की फायरिंग

उर्फ मिंटू सिंह का बेटा प्रीतम कुमार है। प्रीतम अपने फुफेरा भाई के साथ अपनी दादी देवमुनि कुंवर के पैर का इलाज कराने तरारी से पीरो स्थित बनारस हॉस्पिटल में आया हुआ था। इसी दौरान युवक को अपराधियों ने गोली मार दी है, जिसके बाद परिजन द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

6 की संख्या में थे बदमाशः वहीं घटना को लेकर जख्मी प्रीतम कुमार ने बताया कि उसकी दादी का पैर फ्रैक्चर हो गया था, जिनका इलाज कराने के लिए वो अपने फुफेरा भाई के साथ बनारस हॉस्पिटल आया था। इसी दौरान छह की संख्या में बाइक से आए बदमाशों ने बुलाया और फायरिंग करने लगे। अपनी जान बचाकर भागने के दौरान एक गोली प्रीतम को बाय साइड पेट के पास लग गई। जिससे वह बुरी तरफ जख्मी हो गया। वहीं गोली मारने के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए। वहीं प्रीतम के रिश्तेदारों ने बताया कि प्रीतम अभी जॉब की तैयारी करता है। दूसरी तरफ प्रीतम ने किसी से विवाद होने से इनकार किया है।

क्या बोले DSP: पीरो DSP राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस को एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली है। युवक अपनी दादी का इलाज कराने गया था। तभी घटना को अंजाम देने की सूचना है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर विकास ने बताया कि जख्मी युवक के सीने के बाए साइड में गोली लगी है। काफी खून बह जाने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। खून का इंतजाम कर लिया गया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

नोटिफिकेशन होते ही टीबी मरीजों के खाते में आएगी 1500 रुपए

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के टीबी के इलाजरत मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब तक जितने मरीजों का निक्षय पोषण योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, उनके खाते में राशि हस्तांतरित की जाने लगी है। साथ ही, इसको लेकर सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने सभी बैकलॉग को खत्म करने का निर्देश दिया है। ताकि, जिले में इलाजरत सभी टीबी मरीजों को जल्द से जल्द निक्षय पोषण की राशि मिल सके। सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने के बाद निक्षय राशि का भुगतान नहीं किया जा सका। क्योंकि बजट के बाद ही योजनाओं के लिए राशि भेजी जाती है। गत दिनों जिले को निक्षय पोषण योजना के लाभार्थियों के लिए सरकार ने 30 लाख रुपए भेजे हैं। जिसमें से 15 लाख रुपए इलाजरत मरीजों के खाते में भेजे जा चुके हैं। शेष राशि का भुगतान भी शनिवार तक पूरा कर लिया जाएगा। ताकि, योजना का लाभ सभी लाभुक को मिल सके। अब किश्तों में भेजी जाएगी खाते में राशि

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शालीग्राम पांडेय ने विभाग द्वारा अब निक्षय पोषण योजना की राशि के वितरण में बदलाव किया गया है। पहले टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद हर माह उनके खाते में 500 रुपए भेजे जाते थे। लेकिन नए नियमों के अनुसार टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद 1500 रुपए की पहली किश्त खाते में हस्तांतरित की जायेगी। जिसके 84 दिनों के बाद उनके खाते में दोबारा 1500 रुपए भेजे जाएंगे। हालांकि, विभाग ने इसमें एक और नियम जोड़ा है जिसके तहत यदि किसी मरीज का इलाज छह माह से ऊपर चलता है तो उसके बाद इलाज अवधि तक 500 रुपए उसके खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।

राजपुर सीओ ने पंचायत सदस्य पर मारपीट का लगाया आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के राजपुर सीओ ने अपने ही क्षेत्र की पंचायत समिति सदस्य पर मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। उसे लेकर राजपुर थाना में सीओ ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है। पंचायत समिति सदस्य ने सीओ द्वारा दर्ज एफआईआर को फर्जी बताया है।

कहा कि सीओ का लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अलीशेर साह पर राजपुर अंचल पदाधिकारी शोभा कुमारी ने अपने साथ अभद्र व्यवहार -गाली-गलौज, के साथ मारपीट आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि राजपुर सीओ शोभा कुमारी द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है, जिसमें यह कहा गया कि बारूपुर पंचायत के बीडीसी सदस्य अलीशेर साह द्वारा कार्यालय में पहुंचकर धमकी देने, अभद्रता करने, सरकारी कामकाज में बाधा पैदा करने और गाली देने के अलावा मारपीट की गई है। इसे लेकर सीओ द्वारा आवेदन दिया गया है। आवेदन पर पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच में जुट गई है। बताया गया कि जब सीओ से लेकर बहस हुआ था तो उस दौरान बहुत सारे कर्मी भी उपस्थित थे। जबकि, पंचायत समिति सदस्य अली शेरशाह ने बताया कि वह अपने पंचायत के किसी व्यक्ति के कार्य के लिए गुहार लगाने सीओ के पास गए थे। अंचल अधिकारी द्वारा कार्यालय से बाहर निकलने की धमकी दी गई। झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

सड़क हादसे में किसान की मौत, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित नदी के समीप गुरुवार को थाने से बंदूक रिलीज करा कर घर लौट रहे एक किसान की मौत हो गई। वही उनकी लाइसेंसी दोनाली बंदूक गायब है। पुलिस ने बंदूक की कुछ गोली मृत किसान के पॉकेट से बरामद की है। किसी अज्ञात गाड़ी द्वारा जानबूझकर धक्का मारकर बंदूक गायब करने की आशंका जताई जा रही है।

क्या बोले SDPO: जानकारी के अनुसार मृतक किसान तेतरिया गांव निवासी स्व.मुंशी तिवारी के बंशीधर तिवारी (75) हैं। दिनदहाड़े किसान को धक्का मारकर बंदूक लुट जाने की सूचना से आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह और चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के

साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से मामले की छानबीन की। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वही एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि बुजुर्ग मनैनी गांव तक बस से गए थे। वहां से वह पैदल घर जा रहे थे। उनके पैर में चोट के निशान पाए गए हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि लू-लगने से या बाइक से धक्का लगने से गिरने के कारण उनकी मौत हुई है। उसके बाद बदमाश उनकी बंदूक लेकर भाग निकले हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच एवं बंदूक लेकर भागने वाले बदमाशों की पहचान करने में जुट गई है।

बंदूक छीनकर भागने का आरोपः इधर, मृतक के भतीजे कामेश्वर तिवारी ने बताया कि चुनाव को लेकर उन्होंने अपनी बंदूक चरपोखरी थाने में जमा की थी। जिसे चुनाव के बाद वह थाना से रिलीज

♦ बंदूक रिलीज कराकर लौट रहे थे घर, दोनाली गायब

करा कर घर वापस लौट रहे थे। उसी बीच तेतरिया गांव स्थित नदी के समीप बदमाशों के द्वारा उन्हें धक्का मार दिया गया। जिससे उनकी मौत हो गई। उसके बाद बदमाश उनकी दोनाली बंदूक लेकर भाग गए। वहीं दूसरी तरफ मृतक के भतीजे कामेश्वर तिवारी ने उक्त बदमाशों द्वारा धक्का मारकर उनकी दोनाली बंदूक छीनकर भागने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक किसान की मौत अज्ञात वाहन से धक्का लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

ट्रैफिक पुलिस कार्यालय की तरफ से इनको भेजा गया चालान लौटा वापस

भागलपुर। ऑनलाइन चालान कटने के 90 दिन बाद भी वाहन चालक चालान जमा नहीं कर रहे हैं। कई वाहन चालकों के खिलाफ 10 से 15 हजार का चालान पेंडिंग है। ऐसे वाहन मालिकों को ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उनके पते पर डाक से चालान का नोटिस भेजा गया। लेकिन रजिस्ट्रेशन में वाहन मालिक का पता गलत होने के कारण नोटिस वापस आ गया। बता दें इस से पहले रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने या पुराना नंबर बंद होने से भी कई वाहन चालकों को ऑनलाइन चालान कटने का मैसेज नहीं जाने की शिकायत मिली है। बाइक मालिक सुजीत कुमार के खिलाफ बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने के कारण आठ हजार का चालान हुआ। पुलिस ने इनके पटना जिले के पते पर नोटिस भेजा जो वापस लौट गया। 2. बाइक मालिक शुभांकर चंद्रा के खिलाफ बिना हेलमेट के चलने पर पांच हजार का चालान हुआ था। पटना के कंकड़बाग निवासी को नोटिस भेजा जो वापस लौट आया। 3. मुंगेर के हवेली खड़गपुर निवासी मुकेश कुमार के खिलाफ पांच हजार का चालान हुआ था। पुलिस ने उनके लोहरा लक्ष्मीपुर वाले पते पर नोटिस भेजा जो वापस लौट गया।

राज्य में 7 वर्षों में साल में चार बार रक्तदान करने वालों की संख्या में 300 फीसदी वृद्धि

भागलपुर। आज विश्व रक्तदाता दिवस है। इसमें खासकर रक्तदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे आगे भी इसी तरह से रक्तदान जैसे मानव सेवा के क्षेत्र से जुड़े रहें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित कर सकें। यही कारण है कि बिहार में रक्तवीरों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य भर में बीते सात वर्षों में साल में 4 बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं की संख्या में 300 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में पूरे राज्य में मात्र एक ही ऐसे रक्तदाता थे, जिन्होंने एक साल के भीतर 4 बार रक्तदान किया था। उसके बाद से हर साल नियमित रक्तदाताओं की संख्या बढ़ते चली गई और अब 7 साल में 333 नियमित रक्तदाता बन चुके हैं। विश्व रक्तदाता दिवस पर इस सभी नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से खासकर राज्य के टॉप 79 रक्तदाताओं को आज पटना में राज्यस्तर पर सम्मानित किया जाएगा और बांकी रक्तवीरों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। आज का दिन इन रक्तवीरों के लिए खास रहने वाला है। डॉ. मो. फैजउद्दीन ने बताया कि वैसे तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में साल में चार बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं की संख्या 333 है। इनमें से पिछले 7 वर्षों में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले कुल 78 नियमित रक्तवीरों को आज पटना में राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। पटना में राज्य स्वास्थ्य समिति के सभागार में यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से आयोजित होना है। सम्मान समारोह के अलावे यहां रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। बाकी रक्तवीरों को भी उनके जिले में ही सम्मानित किया जाएगा। सदर अस्पताल मुंगेर स्थित ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मो. फैजउद्दीन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में सभी जिले से रिपोर्ट मांगी गई थी कि वैसे रक्तदाता की सूची भेजा जाए, जिन्होंने एक साल में 4 बार रक्तदान किया हो, जिसे राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा सके। उस वर्ष सिर्फ मुंगेर जिला से त्रिपुरारी मिश्रा का नाम इस कैटेगरी में भेजा गया था और उन्हें पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2018-19 में 12, वित्तीय वर्ष 2019-20 में 34, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 63, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 106, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 289 और अब 2023-24 में 333 रक्तदाता साल में चार बार रक्तदान करने वाले हो गए हैं। यही रफ्तार रही तो नियमित रक्तदाताओं की यह संख्या आने वाले दिनों में और भी आगे जाएगी।

पुलिस की मिलीभगत से फसल लूट का आरोप

भागलपुर। जीरोमाइल के राघोपुर दियारा में विवादित जमीन पर लगी फसल को अपराधियों ने लूट लिया। इस मामले को लेकर किसान ने डीआईजी विवेकानंद को पत्र लिखकर पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जानबूझ कर फसल कटवाने का आरोप लगाया है। किसान सुशील यादव ने आवेदन में बताया कि 19 मई को हमलोगों को जानकारी मिली की अपराधी खेत में लगी फसल काट रहे हैं। इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई। उसके बाद मौके पर जाकर दियारा में लगे पुलिस कैंप के जवान से इसकी शिकायत की गई, लेकिन पुलिस जवान अपराधी को रोकने के बजाय हमलोगों को झूठे केस में फंसा देने का आरोप लगाते हुए भगा दिया।

भीषण गर्मी से डायरिया व दस्त के मामले बढ़े

मुंगेर। मुंगेर मौसम की तल्खी कम होने का नाम नहीं ले रही। भीषण गर्मी के कारण लोगों को न घर में चैन मिल रहा न ही बाहर। बाहर चल रही गर्म हवा और तीखी धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल है तो घर में भी उमस और गर्म हवा से लोग पसीने से तर-बतर नजर आ रहे। वहीं इस मौसमी हलचल का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। खास कर छोटे बच्चों पर इसका काफी बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। सदर अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिये बने प्री-फैब्रिकेटेड पीकू वार्ड में मई माह में जहां कुल 137 बच्चे दस्त, डायरिया, बुखार और सांस की तकलीफ को लेकर भर्ती हुए हैं, वहीं जून माह के 12 दिनों में ही 20 से अधिक बच्चे भर्ती हो चुके हैं। जिसमें गुरूवार को वार्ड में दस्त व डायरिया के कुल 8 बच्चे भर्ती किये गये। हालांकि सदर अस्पताल में बढ़ रहे लामा के सबसे अधिक मामले पीकू वार्ड में भी सामने आ रहे हैं। बता दें कि मई माह में जहां 137 बच्चों में 9 बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया है, वहीं 111 बच्चे इलाज के बाद स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुए हैं। जबकि 16 लामा के मामले हैं जिसमें परिजनों द्वारा बिना चिकित्सक या वहां कार्यरत कर्मी को बताये ही बच्चे को लेकर चले गये हैं।

बीबोस की माध्यमिक परीक्षा 15 जून से 26 जून तक, बनाए गए दो परीक्षा केंद्र

मुंगेर। मुंगेर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के प्रथम व द्वितीय माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक की सैद्धांतिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम व द्वितीय माध्यमिक की परीक्षा 15 से 26 जून तक दो केंद्रों पर होगी। जबकि प्रथम व द्वितीय उच्च माध्यमिक की परीक्षा 5 केंद्रों पर 15 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी। वहीं परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड की प्रथम माध्यमिक (10 वीं) सैद्धान्तिक परीक्षा जून, 2023 एवं द्वितीय माध्यमिक (10वीं) सैद्धान्तिक परीक्षा, दिसंबर, 2023 की परीक्षा 15 से 26 जून तक दो परीक्षा केंद्रों पर तथा प्रथम उच्चतर माध्यमिक परीक्षा, जून, 2023 एवं द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसंबर, 2023 की परीक्षा 15 जून से 2 जुलाई के बीच मुख्यालय स्थित पांच परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में होगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5:15 बजे तक होगी। एसडीओ शैलेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्रों पर परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर दं.प्र.स. की धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज के परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। जबकि परीक्षा अवधि में कोई भी व्यक्ति घातक हथियार जैसे लाठी, भाला, गड़ासा, तलवार तथा विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेंगे। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र से बाहर या अंदर पुर्जा, किताब, पेजर, मोबाईल, ब्लूटूथ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री या अन्य अवांछनीय सामग्री नहीं पहुंचाएंगे तथा परीक्षा देने या वीक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न नहीं करेंगे। परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं होगा।

अवैध हथियार लहराने वाला आरोपी अरेस्ट, वीडियो हुआ था वायरल

आपसी विवाद में डराने की थी कोशिश

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में हथियार लहराते एक व्यक्ति का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में टेटिया बंबर पुलिस ने हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हवेली खड़गपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आज शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी है। डीएसपी चंदन कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल हुई थी। इसकी सत्यता को लेकर थाना अध्यक्ष को जांच करने के लिए कहा गया था। मामले में थाना अध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद ने जांच करते हुए वीडियो की सत्यता की पुष्टि के साथ ही हथियार लहराने वाले बंबर गांव निवासी दिनेश साह को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के पास से हथियार जब्तः साथ ही उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सदर डीएसपी ने बताया कि आपसी विवाद के दौरान आरोपी दिनेश साह ने डराने और धमकाने के लिए अवैध हथियार को लहराया था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी पुलिस टीम को लगी, जिसके बाद उन्होंने इसका पहले सत्यापन किया और फिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, आरोपी के पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है। मुंगेर पुलिस लगातार अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करते हुए कई तस्करों पर कार्रवाई करती है, साथ ही हथियारों की बरामदगी के करती है। डीएसपी चंदन कुमार ने बताया कि हमारी पुलिस टीम ऐसे लोगों पर लगातार निगाह बना कर रखती है। इस कारण बीते दिनों हवेली खड़गपुर में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेजा है।

14 साल का किशोर गंगा नदी में डूबा, सिंघिया इंग्लिश गांव की घटना

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सफियासराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधिया इंग्लिश गांव में गंगा स्नान करने के दौरान 14 साल का किशोर डूब गया। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सफियासराय थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय गोताखोर की मदद से किशोर की खोजबीन जारी है। युवक की पहचान सिंधिया इंग्लिश निवासी अनुज यादव के 14 वर्षीय के बेटे आर्यन कुमार के रूप में की गई है। आर्यन मध्य विद्यालय सिंघिया में आठवीं क्लास में पढ़ता था। बताया जाता है की आर्यन अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने के लिए गया हुआ था, जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगा।

किशोर के परिजनों में मचा कोहरामः दोस्तों के शोर मचाने के बाद स्थानीय ग्रामीण पहुंचे, तब-तक वह डूब चुका था। किशोर दो भाइयों में छोटा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ गंगा घाट पर लगी है। किशोर के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, किशोर के शव को खोजने में आधा दर्जन से अधिक गोताखोर को लगाया गया है। मगर घटना के दो घंटा बाद भी अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। गंगा में आर्यन के डूब जाने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की जानकारी देते हुए गोताखोर प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली एक 14 साल का किशोर गंगा के पानी में नहाने के क्रम में डूब गया है, जिसे खोजने के लिए हम लोग यहां पर आए हैं। लगातार उसे खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा- प्रधानमंत्री का सपना जल्द होगा साकार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण आजादी से अमृतकाल तक ग्रामीण विकास की यात्रा पर परीचर्चा की गई। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन बीएयू के मुख्य सभागार में हुआ। बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के कर-कमलों द्वारा इस संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन किया गया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष के रूप में बीएयू सबौर के कुलपति डॉ डीआर सिंह रहे बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर तथा एक्सेलेंट विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसके संयोजक बीएयू सबौर के अधिष्ठाता डॉ अजय कुमार साह थे। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामाशीष सिंह मौजूद रहे। इस सेमिनार में अमेरिका, नेपाल, श्रीलंका तथा भारत वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता, विद्यार्थी, प्रगतिशील किसान, उद्यमी मौजूद थे। जिनकी कुल संख्या 500 से अधिक रही। भारत के कुल 10 राज्य एवं 06 कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागी शामिल रहे। इस संगोष्ठी में कुल 05 विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एनआईटी दुर्गापर के निदेशक भी मौजूद रहे।

भागलपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट, गाली देने को लेकर हुआ विवाद

भागलपुर। भागलपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में एक पक्ष से चार लोग गंभीर रूप से जख्मी है। जिसे इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है। मामला लोदीपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर जीछो का है घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपने दादी के संग पोती राशन लेकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गाली गलौज करने लगा। इसके बाद दादी पोती की दूसरे पक्ष के लोगों ने पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे पक्ष के कुछ लोग आए और मारपीट करना शुरू कर दिया।

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. 62 से 67- एमएलडीटी-24-25, दिनांक 07.06.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं., निविदा सं., कार्य का नाम एवं इसका स्थान और निविदा मूल्य** निम्नानुसार हैंः **(1), 62- एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के कार्यक्षेत्र में साहिबगंज और करमटोला स्टेशनों के बीच किमी. 237/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 1 के स्थान में और साहिबगंज-भागलपुर शाखा में पीरपैंती-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी. 263/6-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 5/स्पेशल के स्थान में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु. 9,27,87,348.71, **(2), 63-एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के कार्यक्षेत्र में भागलपुर-मंदारहिल शाखा में बिक्रमशिला - शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी. 266/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 5 के स्थान में और साहिबगंज-भागलपुर शाखा में बाराहाट जंक्शन-पंजवाड़ा रोड स्टेशनों के बीच किमी. 41/14-15 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 29 के स्थान में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु. 8,79,48,285.11, **(3), 64- एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के कार्यक्षेत्र में भागलपुर-जमालपुर शाखा में नाथनगर-अकबरनगर स्टेशनों के बीच किमी. 314/97-315/0 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 2ए और किमी. 316/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 2 के स्थान में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु.9,05,41,825.98, **(4), 65-एमएलडीटी-24-25,** मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/ जमालपुर के क्षेत्राधिकार में भागलपुर-जमालपुर शाखा में रतनपुर स्टेशन यार्ड में किमी. 351/8-9 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 16 और सुलतानगंज-गनगनिया स्टेशनों के बीच किमी. 331.629 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 11 के स्थान में तथा अकबरनगर-सुलतानगंज स्टेशनों के बीच किमी. 325.636 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 7 के स्थान सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु. 13,91,81,023.05, **(5), 66-एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के कार्यक्षेत्र में बड़हरवा-साहिबगंज शाखा में तीनपहाड़-कल्याणचक स्टेशनों के बीच किमी. 197/3-4 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 48 के स्थान में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु. 4,64,75,909.54, **(6), 67-एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/ न्यू फरक्का के क्षेत्राधिकार में न्यू फरक्का-आजिमगंज और न्यू फरक्का-बड़हरवा शाखा के बीच किमी. 238/6-7, 239/7-8 और 260/6-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 41, 42 और 61 के स्थान में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा, रु. 13,94,32,244.16, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 28.06.2024 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात के लिए वेबसाइट देखें ।

MLD-47/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. 58, 60, 61, 70 एवं 71-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 12.06.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं., निविदा सं., कार्य का नाम एवं इसका स्थान और निविदा मूल्य** निम्नानुसार हैंः **(1), 58- एमएलडीटी-24-25,** मंडल अभियंता-III/मालदा के क्षेत्राधिकार में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर की शाखा में जमालपुर स्टेशन पर आरसीसी ओवरहेड टैंक (50000 गैलन) द्वारा स्टील वाटर टैंक के प्रतिस्थापन कार्य के लिए खुली ई-निविदा, रु. 1,60,77,936/- **(2), 60-एमएलडीटी-24-25,** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार में मानसून के दौरान लिमिटेड हाइट सबवे के डिवाटरिंग कार्य के लिए खुली ई-निविदा, रु.24,70,354.50 **(3), 61-एमएलडीटी-24-25,** सहायक अभियंता/ साहिबगंज के अधीन एसएसई/पी.वे/साहिबगंज के तहत एलसी गेट नं. 119, घाट साइडिंग, झरना कॉलोनी और महाराजपुर साइडिंग में बूम अरेंजमेंट के साथ लिफ्टिंग बैरियर के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा, रु.15,67,639.50 **(4), 70-एमएलडीटी-24-25,** सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन 02 कुत्तों के लिए भागलपुर में पूर्ण विकसित डॉग केनल (कुत्तों का घर) के निर्माण कार्य के लिए खुली ई-निविदा, रु. 19,76,815.65 **(5), 71-एमएलडीटी-24-25,** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे मालदा के कार्यक्षेत्र में मानसून के दौरान 01 वर्ष के लिए लिमिटेड हाइट सबवे के डिवाटरिंग कार्य, विभिन्न लिमिटेड हाइट सबवे पर दरारों की मरम्मत, रिसाव की रोकथाम और अन्य अनुषंगी कार्य के लिए खुली ई-निविदा, रु. 26,31,420/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 04.07.2024 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात के लिए वेबसाइट देखें ।

MLD-49/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल), (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा (1) मालदा मंडल के तहत जमालपुर स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय लॉट के परिचालन और (2) मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी सूची www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः-

(1) ऑक्शन कैटलॉग नं.: पे - यूज-2024-06

लॉट नं.: पीएनयू-एमएलडीटी-जेएमपी-टीओआई-13-22-1, **स्टेशनः** जमालपुर।

(2) ऑक्शन कैटलॉग नं.: पार्किंग-2024-06

क्रम सं., लॉट नं., स्टेशन : (1) पार्किंग-एमएलडीटी-एनएटी-एमएक्स-21-22-2, नाथनगर। (2) पार्किंग-एमएलडीटी-एमडीएलई-57-24-1, मंदारहिल। (3) पार्किंग-एमएलडीटी-एसबीओ-एमएक्स-35-23-1, सबौर। (4) पार्किंग-एमएलडीटी-एनआईएलई-एमएक्स-54-23-1, निमतिता। (5) पार्किंग-एमएलडीटी-केटीजे-एमएक्स-52-23-1, खालतीपुर।

नीलामी शुरूः दिनांक 29.06.2024 को 12.15 बजे (प्रत्येक हेतु)। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखने का अनुरोध किया जाता है।

MLD-43/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता व्यक्ति काशिम अंसारी उम्र-38 वर्ष)

नगरउंटारी थाना सनहा सं0-12/2024 दिनांक-17.05.24 में लापता व्यक्ति काशिम अंसारी (मानसिक रुप से विक्षिप्त) उम्र-38 वर्ष, पिता-बरकत अली, ग्राम-जंगीपुर, थाना-नगरउंटारी, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक-10.05.2024 को अपने घर जंगीपुर से लापता है। उक्त लापता व्यक्ति काशिम अंसारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः-
रंग-सांवला, उंचाई-05 फिट 06 इंच, बाल-दाढ़ी-काला,
पहनावा-निला रंगा का लोवर, आसमानी रंग का हाफ टी शर्ट एवं
पैर में रेक्सीन का सैंडल, दाहिना कान हलका फुला हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 326458 Police(24-25).D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

प्रेस-विज्ञप्ति

विभागीय निदेशानुसार प्रत्येक माह के 15वीं एवं 16वीं तथा 25वीं एवं 26वीं तारीख (अवकाश एवं बंदी की स्थिति में अगले कार्य दिवस) को चावल दिवस के रूप में मनाये जाने के क्रम में गढ़वा जिला अंतर्गत संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दूकानों को खुला रखकर लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। इस क्रम में माह जून-2023 के प्रथम पक्ष में दिनांक-16.10.2023 को एवं दिनांक-17.06.2024 को अवकाश होने के कारण चावल दिवस दिनांक-15.06.2024 एवं 18.06.2024 को मनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि चावल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन के निमित जिला स्तर से आदेश निर्गत कर प्रत्येक पंचायत में निरीक्षण हेतु पूर्व में पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसके सफल संचालन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं JSLPS के कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है। गढ़वा जिला के सभी राशन कार्डधारियों से अपील की जाती है कि वे चावल दिवस के अवसर पर अपने-अपने जन वितरण प्रणाली के दूकानों पर अवश्य जायें एवं सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठावें।

इसी प्रकार चावल दिवस के अवसर पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा अपने व्यपार स्थल पर ही निम्नांकित कार्य भी किये जायेंगे :-

01. छुटे हुए सदस्यों के ई पॉस मशीन में आधार संख्या की प्रविष्टि कराना।
02. मृत/स्थाई रूप से पलायन व्यक्तियों का सत्यापन कर सूची तैयार करना।
03. अयोग्य लाभुकों की सूची तैयार करना।
04. लाभुकों को ससमय खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सूचना उपलब्ध कराना, ताकि खाद्यान्न वितरण प्रतिशत में वृद्धि हो सके।
05. धोती, साड़ी एवं लुगीं का वितरण।

प्रतिनियुक्त सभी कर्मी अपने-अपने आवंटित पंचायत अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली के दूकानों का निरीक्षण करते हुए चावल दिवस आयोजन का फोटो संबंधी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उक्त फोटो को जिला स्तरीय District Supply Group में भेजना सुनिश्चित करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान लाभुकों से कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसे अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष के निम्नांकित दूरभाष सं0-गढ़वा अनुमंडल-8271034431, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल-9262292004, रंका अनुमंडल-9431785282 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष सं0-9835596270 पर दर्ज कराएंगे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.326464 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25):D

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. 49 से 52-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 31.05.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 49- एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के कार्यक्षेत्र में मालदा मंडल की बड़हरवा-साहिबगंज शाखा में ब्रिज नं. 275 (5X3.66 मीटर) के बी स्लैब के एफसी स्लैब के प्रतिस्थापन/मरम्मत कार्य एवं अनुषंगी कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,16,24,921.81, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 50-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन मालदा-न्यू फरक्का-महाराजपुर शाखा में 186 अदद ब्रिजों पर इंस्पेक्शन स्टेप, बैलस्ट रिटेनिंग वॉल, फ्लोरिंग, ड्रॉप वॉल, कर्टेन वॉल के निर्माण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,02,90,495.54, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 51-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के कार्यक्षेत्र में मालदा मंडल की बड़हरवा-साहिबगंज शाखा में ब्रिज नं. 275 (5X3.66 मीटर) के बी स्लैब के एफसी स्लैब के प्रतिस्थापन/मरम्मत कार्य एवं अनुषंगी कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,71,53,437.15, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 52-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** वरिष्ठ डीईएन/I/मालदा टाउन के अधीन फरक्का के एनटीपीसी मोड़ में अंडर पास के निर्माण के लिए उपयुक्तता अध्ययन जाँच के संचालन, टोटल स्टेशन/डीसीपीएस के साथ विस्तृत सर्वे, अनुमोदन संरेखण की मार्किंग, मिट्टी जाँच, जीएडी तैयार करने और डीपीआर जमा करने के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 19,87,849.31, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 24.06.2024 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात के लिए वेबसाइट देखें।

MLD-46/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मंगल पांडेय ने 300 से अधिक पदों को जल्द से जल्द भरने का दिया निर्देश

निज संवाददाता

पटना। किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार ज्यादा से ज्यादा खेतों की मिट्टी की जांच कराने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिट्टी जांच योजना की समीक्षा की। उन्होंने कृषि सचिव संजय अग्रवाल से तत्काल मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए। इस दौरान अग्रवाल ने मंत्री को बताया कि वर्तमान में 207 पद सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, 75 पद प्रयोगशाला सहायक, 26 पद सहायक निदेशक (रसायन), मिट्टी जांच, 22 लिपिक के पद सहित कुल 330 पद रिक्त हैं। साथ ही, राज्य के नौ प्रमंडलों के चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशाला को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तकनीकी कर्मियों की नियुक्तियां होगी। कृषि मंत्री पूरे कृषि विभाग के लिपिकों के लिए एक कैडर बनाकर 15 दिनों के अंदर एक नियमावली बनाने का निदेश अधिकारियों को दिया, जिससे मिट्टी जांच प्रयोगशाला सहित कृषि विभाग के अन्य कार्यालयों में लिपिकों के रिक्त पदों पर बड़ी संख्या में नियुक्ति की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रमंडल स्तर पर संचालित नौ चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं के लिए पूर्व से रूट चार्ट निर्धारित किया जाए, ताकि किसानों को यह पता चल सके कि उनके गांव में कब चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशाला आएगा। इससे किसानों को अपने खेतों के मिट्टी की जांच कराने में सुविधा होगी। बैठक में कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम आशुतोष कुमार वर्मा, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर निदेश (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (रसायन), मिट्टी जांच प्रयोगशाला विनय कुमार पाण्डेय के अलावा सभी जिलों के सहायक निदेशक (रसायन) उपस्थित थे।

झूलन हत्याकांड में आरोपी की बहन से पूछताछ

निज संवाददाता

पटना। दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर दियारा के झूलन राय हत्याकांड के 72 घंटे बाद भी पुलिस नामजद नीतीश और अन्य की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। इस मामले में शाहपुर पुलिस कुख्यात नीतीश की बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। लेकिन, पुलिस को कुछ सुराग नहीं मिला है। नीतीश कुमार हत्या करने से पहले अपनी बहन से बातचीत की थी। झूलन राय हत्याकांड मामले में मृतक के भाई दूधनाथ राय ने नीतीश और सुंदर सहित चार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया है। 14 जुलाई 2023 में नीतीश ने मृतक झूलन के भतीजा मनीष को गांव के बीच बधार में गोली मार दी थी। इस दौरान रुपयों के लेन-देन को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी। इस मामले में मृतक के पिता दूधनाथ राय ने नीतीश और सुंदर सहित पांच बदमाशों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इस मामले में पुलिस ने सुंदर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। वहीं, नीतीश कुमार पुलिस की मेहरबानी से पकड़ से दूर रहा। कुछ दिनों पहले सुंदर बेल पर रिहा हुआ था। नीतीश कुमार मनीष के परिजनों पर केस उठाने का लगातार दबाव बना रहा था। वहीं, मनीष के चाचा की हत्या करने की धमकी भी देता रहा है।

बिहार में बिजली की खपत का टूटा रिकॉर्ड

निज संवाददाता

पटना। भीषण गर्मी ने दिन में बिहार में बिजली की खपत का रिकार्ड बना दिया है। दो दिन पहले दिन में बिजली की खपत 7060 मेगावाट रही जो अब तक की रिकार्ड खपत है। पिछली बार यह 5500 मेगावाट था। बिजली कंपनी के सीएमडी संजीव हंस ने इस बढ़ी खपत को केंद्र में रख उलब्धता की पूरी व्यवस्था है। हम 9079 मेगावाट की क्षमता के साथ हैं। कभी-कभी उपलब्धता को लेकर आने वाली दिक्कत होने पर पावर एक्सचेंज से बिजली की खरीद कर रहे। संजीव हंस ने बताया कि गर्मी को लेकर पूर्व से फोरकास्ट था। इसे ध्यान में रख बिजली कंपनी ने फरवरी महीने में ही अपनी आवश्यकता का आकलन कर बिजली की उपलब्धता किस तरह से होगी इस पर काम किया था। कई बिजली उत्पादन इकाईयों को इस बारे में लिखा गया था। संजीव ने आगे बताया कि नेपाल की हाईडल इकाई 15 जून को शुरू हो रही है। वहां से हमलोगों ने 300 मेगावाट बिजली की मांग रखी थी, पर 230 मेगावाट ही मिलेगी। दीप पोर्टल पर क्रेता और बिक्रेता के बीच होने वाले करार के तहत बिजली कंपनी को 300 मेगावट बिजली मिल रही। कई अन्य जगहों के हाइडल प्रोजेक्ट से भी बिहार को बिजली मिल रही।

भोजपुर और नवादा के एसपी बदले गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना

निज संवाददाता

पटना। भोजपुर और नवादा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बदल गए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हटाए गए प्रमोद कुमार यादव और अम्ब्रीश राहुल को वापस पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी मिल गई है। प्रमोद कुमार यादव को भोजपुर जबकि अम्ब्रीश राहुल को फिर से नवादा का एसपी बना दिया गया है। गृह विभाग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अभी तक भोजपुर एसपी की कमान संभाल रहे नीरज कुमार सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक (निरीक्षण) की पुरानी कुर्सी दी गई है। वहीं नवादा के एसपी रहे कार्तिकेय के शर्मा को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, पटना में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा वह सहायक पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वर्तमान में यह जिम्मेदारी हटाए गए एसपी प्रमोद कुमार यादव और अम्ब्रीश राहुल संभाल रहे थे।

पटना सिटी में बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

पटना (नि.सं.)। सिटी में भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इसके खिलाफ आरजेडी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के मुख्य गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा पिछले कई दिनों से हाल-बेहाल है। बिना सूचना दिए घंटों बिजली काट दी जाती है। बिजली नहीं रहने के कारण पानी का भी संकट उत्पन्न हो गया है। छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है। गृहिणी भी परेशान हैं। शिकायत करने के बाद भी विभाग सुनने को तैयार नहीं है। आरजेडी-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सहायक विद्युत अभियंता को एक मांग पत्र भी सौंपा।

लॉक के बाद भी च्वाइस में कर सकेंगे संशोधन

निज संवाददाता

पटना। संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) आइआइटी, एनआइटी, ट्रीपल आइटी सहित 100 से अधिक तकनीकी संस्थानों में नामांकन के लिए रजिट्रेशन स्वीकार कर रहा है। जोसा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी पोर्टल में च्वाइस लॉक करने के बाद उसमें संशोधन की आवश्यकता समझते हैं, तो उन्हें अवसर प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी को इसके लिए सबसे पहले पोर्टल में अनलॉक करने का अनुरोध सबमिट करना होगा। पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर एक ओटीपी भेजा जाएगा, जिसका उपयोग कर च्वाइस को संशोधित कर पाएंगे। यह च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से संपन्न कर लेना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी च्वाइस फिल कर लाक नहीं किए हैं, तो अंतिम समय सीमा में वह स्वतः लॉक हो जाएगा। इसमें संशोधन का अवसर नहीं मिलेगा। आईआईटी पटना के डीन एकेडमिक प्रो. एके ठाकुर के अनुसार, अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के पूर्व जोसा का बिजनेस रूल्स को अच्छी तरह समझ लें। किसी तरह की त्रुटि होने पर हेल्प डेस्क की सहायता भी ले सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों की ओपनिंग और क्लोजिंग रैंक का आकलन कर अधिक से अधिक च्वाइस सबमिट करना बेहतर होगा। पहले वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर ब्रांच अपग्रेडेशन के विकल्प को 23 में से नौ आइआइटी तथा पटना सहित 16 एनआइटी ने सत्र 2024-25 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए प्रभावी नहीं करेगा। आइआइटी मुंबई, मद्रास, खड़गपुर, हैदराबाद, जम्मू, मंडी, भुवनेश्वर, धारवाड़ और आइआइटी धनबाद ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके यहां ब्रांच अपग्रेडेशन के विकल्प बंद कर दिया गया है। एनआइटी में पटना, जयपुर, इलाहाबाद, कालीकट, दिल्ली, हमीरपुर, सूरतकल, नागालैंड, पुड्डूचेरी, रायपुर, कुरूक्षेत्र, राउकेला, तिरूचिरापल्ली, वारंगल, सूरत और आंध्रप्रदेश अपग्रेडेशन विकल्प को बंद कर दिया है। हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी शीर्ष आइआइटी-एनआइटी की कोर ब्रांच में पढ़ाई का सपना पहले वर्ष की मेहनत से साकार कर पाते हैं। अब इन संस्थानों में ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। जेईई एडवांस और मेन की रैंक पर इस वर्ष 59 हजार 917 सीटों पर काउंसलिंग का आयोजन जोसा संचालित करेगा। इसमें 23 आइआइटी के 17 हजार 740, 32 एनआइटी की 24 हजार 229, 26 ट्रिपल आइटी की आठ हजार 546, 40 जीएफटीआइ की नौ हजार 402 सीटों पर नामांकन होना है। 2023 की तुलना में इस बार आइआइटी में 355, एनआइटी में 275, ट्रिपलआइटी में 800, जीएफटीआइ में 1335 सीटें की वृद्धि हुई है। जोसा पिछले साल की तुलना में 2765 अधिक सीटों पर रजिस्ट्रेशन स्वीकार कर रहा है। जेईई मेन और एडवांस क्वॉलीफाई अभ्यर्थी इस वर्ष 121 कॉलेजों की 865 ब्रांचेज में नामांकन के लिए 18 जून तक रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं।

भाजपा की विधानसभा चुनाव की तैयारियां कार्यकर्ताओं को सौंपा गया क्षेत्रीय काम

निज संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में 70 प्रतिशत सफलता हासिल करने वाली भाजपा अभी से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, लोकसभा प्रभारियों एवं लोकसभा संयोजकों लेकर विधानसभा विस्तारकों और विधायकों के साथ ही विधान पार्षदों को अभी से तय लक्ष्य के साथ क्षेत्र में काम शुरू करने का दायित्व सौंप रहे हैं। विधायकों को जहां जनता के साथ कार्यकर्ताओं से भी संपर्क में रहने की नसीहत दी जा रही है। वहीं, स्थानीय स्तर पर जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को चिह्नित करने एवं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के सुझाव भी दिए गए हैं। क्षेत्र की अधूरी योजनाओं को भी पूर्ण कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। वहीं, चार विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण विधानसभा के लिए उप चुनाव भी शीघ्र होने की संभावना है। ऐसे में भाजपा की कोशिश हर हाल में राजग की सीटों में वृद्धि करने की है। इसी समीकरण को ध्यान में रखते हुए पार्टी आगामी रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की चिंता लोकसभा चुनाव के दौरान 30 प्रतिशत सीटों पर हार को लेकर भी है। संगठन के रणनीतिकार इसे चुनौती के रूप में देख रहे हैं। विशेषकर मगध और शाहाबाद क्षेत्र में 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में जदयू एवं अन्य सहयोगी दलों का प्रदर्शन काफी लचर रहा था। इसका साइड इफैक्ट अबकी बार लोकसभा परिणाम में दिखा। सात सीटों पर राजग की हार हुई है। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का भी आकलन करते हुए रणनीति बनाने के निर्देश गए हैं। लोकसभा चुनाव परिणाम से सबक लेकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। बिहार में 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार भाजपा बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई। जहां पिछले चुनाव में राजग के खाते में 40 में से 39 सीटें गई थी, वहीं इस बार मात्र तीस सीटों पर ही सिमट कर रह गई। जिसमें भाजपा-12, जदयू-12, लोजपा-5, हम-01 सीट मिली। अब पार्टी में यह भी चर्चा है कि बिहार में संगठन के लोगों ने जहां बेहतर कार्य किया है, वहां बेहतर परिणाम रहा है। विशेष तौर पर शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के बीच एक नाम की चर्चा जोरों पर है। जिन्होंने अपने कलस्टर क्षेत्र में सौ प्रतिशत परिणाम दिया है। वह झारखंड के पूर्व संगठन मंत्री और बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह का नाम इन दिनों चर्चा में है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार को छः क्लस्टर क्षेत्र में बांटा था। जिसमें शाहाबाद, पटना, मगध, पूर्व बिहार, कोसी, सीमांचल सम्मिलित है। प्रत्येक क्लस्टर में चार से पांच लोकसभा क्षेत्र थे। इसमें राजेंद्र सिंह को पूर्वी बिहार का क्लस्टर प्रभारी बनाया गया था। जिनमें मुंगेर, खगडिया, जमुई और बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र थे। इस क्लस्टर में राजग को चारों लोकसभा सीट पर जीत मिली। इन सीटों पर राजग के जीत में अहम योगदान क्लस्टर प्रभारी राजेंद्र सिंह का भी रहा है। इस क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने में काफी हद तक सफल रहे, जिसका परिणाम हुआ कि जुमई से राजग प्रत्याशी अरुण भारती को जीत मिली। मुंगेर लोकसभा चुनाव में भी स्थानीय स्तर पर पार्टी में कलह था। भाजपा के स्थानीय विधायक तक ललन सिंह के व्यवहार से काफी दुखी थे। वे नहीं चाहते ललन सिंह को दोबरा उम्मीदवार बनाया जाए, लेकिन यहां भी राजेन्द्र सिंह अपने कुशल नेतृत्व के कारण राजग को चुनाव जिताने में सफल रहे। वहीं, खगड़िया में भी राजग को जीत मिली। जबकि मगध क्लस्टर में भाजपा औरंगाबाद में चुनाव हार गई। सीमांचल में पूर्णिया और कटिहार जबकि पटना क्लस्टर में पाटलिपुत्र चुनाव हार गई। पूर्व बिहार और कोसी क्लस्टर का परिणाम राजग के पक्ष में रहा। शाहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत बक्सर, आरा, सासाराम एवं काराकाट लोकसभा क्षेत्र आते हैं। जहां राजग को करारी हार मिली। जबकि चारों लोकसभा सीट 2019 में राजग के खाते में था।

हर्ष राज हत्याकांड में फरार आरोपियों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

पटना (नि.सं.)। पुलिस ने छात्र हर्ष राज हत्याकांड में कार्रवाई तेज कर दी है। फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों शिवम उर्फ लक्ष्य, उदय पासवान उर्फ चेतन पासवान और आर्यन के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इस मामले में अब तक 5 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 8 लोगों की पहचान गई है। दो अन्य अभियुक्तों की पहचान अभी बाकी है। पटना पूर्वी एसपी भारत सोनी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपका दिया गया है। जल्द ही कुर्की की कार्रवाई होगी। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। बता दें कि 27 मई(सोमवार) को पटना यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज परिसर में बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष को 15 अज्ञात लड़कों ने पीट पीट कर मार डाला। हर्ष बीए थर्ड ईयर का पेपर दे कर निकल रहा था। बुलेट पर बैठ कर आगे बढ़ते ही अज्ञात लड़कों ने ईंट चला कर उसको गिरा दिया। फिर हर्ष को बुरी तरह पीटने लगे। हर्ष के साथ उसका साथी था, अज्ञात लड़कों ने उसे दो से तीन डंडा मारा, जिसके बाद वह वहां से जान बचा कर भाग गया। इसके बाद अज्ञात लड़कों ने हर्ष को मारना शुरू किया। लड़कों ने हर्ष को इतना मारा की उसकी मौत हो गई।

नीतीश कुमार ने कहा : कालाधर प्रसाद होंगे रूपौली उप चुनाव के प्रत्याशी

निज संवाददाता

पटना। पूर्णिया के रूपौली विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में कलाधर प्रसाद मंडल जदयू के प्रत्याशी होंगे। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा व मंत्री लेशी सिंह ने शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। रूपौली से जदयू विधायक बीमा भारती ने इस्तीफा देकर राजद की टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ा था। इसके बाद रूपौली विधानसभा की सीट पर उप चुनाव कराने की स्थिति आ गयी। अगले महीने की 10 तारीख को रुपौली में उप चुनाव है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रूपौली जदयू की सीट रही है। कलाधर एनडीए प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू प्रत्याशी कलाधर मंडल का चयन किया है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किन परिस्थितियों में रूपौली में उप चुनाव हो रहा है यह सभी को पता है। कलाधर मंडल की पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा रही है और जदयू के लिए वह सक्रिय रहे हैं। जदयू प्रदेश अध्यक्ष से यह सवाल किया गया कि भाजपा की तरह से यह आवाज उठ रही कि लोकसभा चुनाव में जदयू का वोट भाजपा को ट्रांसफर नहीं हुआ तो उन्होंने कहा कि कोई अगर व्यक्तिगत रूप से इस तरह की बात कर रहे तो हम उस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। ऐसी कोई बात नहीं है। जदयू अपने स्तर से इसकी समीक्षा करेगा। इसके बाद जरूरत हुई तो एनडीए के स्तर पर इसकी समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग यह कह रहे कि जदयू टूट जाएगा उन्हें लोकसभा चुनाव के परिणाम ने जवाब दे दिया है। हमलोग को आम चुनाव में अपने लक्ष्य के करीब पहुंच गए। संवाददाता सम्मेलन में विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, ललन सर्राफ व पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा भी मौजूद थे। रूपौली विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह सीट बीमा भारती के त्यागपत्र से रिक्त हुई है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 जून निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को होगी, जबकि प्रत्याशियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित की गई है। 10 जुलाई को मतदान कराया जाएगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

पटना में भूतल के प्रथम लेयर का पानी हुआ खत्म, भविष्य पर मंडरा रहा खतरा

निज संवाददाता

पटना। पानी के अंधाधुंध दोहन के कारण जमीन के भीतर पहले लेयर का पानी लगभग समाप्त हो चुका है। पटना की चौदह बोरिंगों में दस से बीस फीट पाइप बढ़ा कर दूसरे लेयर के पानी तक पहुंचायी गयी है। इस जतन के बाद लाखों लोगों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। कई बोरिंग भीषण गर्मी में हांफ रही है। कई बोरिंगों में बार-बार तकनीकी समस्या आने लगी है। जल पर्षद के सहायक अभियंता विनोद तिवारी एवं कनीय अभियंता मनोज चौधरी ने बताया कि विभिन्न स्तर से पानी की बर्बादी होने के साथ ही पटना क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यों में पेयजल का इस्तेमाल भारी मात्रा में हो रहा है। यह सभी कार्य निजी बोरवेल से होता है। इस कारण विभाग के पास इसका कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि पानी का कितना इस्तेमाल परियोजना के निर्माण कार्यों में किया जा रहा है। जल परिषद के अभियंताओं का कहना है कि जल्द ही पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जन को जागरूक कर योजनाबद्ध ढंग से काम नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में परिणाम घातक होंगे। उन्होंने बताया कि कई दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जमीन के भीतर 250 फीट पर स्थित पानी का पहला लेयर सूख चुका है। चौदह बोरिंगों में दस से बीस फीट पाइप बढ़ा कर 420 फीट पर स्थित पानी के दूसरे लेयर तक पहुंचाया गया है। शहर के लोगों को इसी दूसरे लेयर से पेयजल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि 600 फीट नीचे पानी का तीसरा और अंतिम लेयर अभी सुरक्षित है। खाली हो चुके पहले और तेजी से खाली हो रहे दूसरे लेयर को बरसात में पानी से भरा जाना बेहद जरूरी है। वन व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले संजीव कुमार यादव ने कहा कि पौधरोपण के लिए हर एक व्यक्ति को आगे आना होगा। हरियाली बढ़ानी होगी। जल संचयन एवं संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। ऐसा नहीं हुआ तो पेयजल के लिए हर तरफ हाहाकार मच जाएगा। भूतनाथ स्थित सेक्टर-6 की बोरिंग एवं कांटी फैक्ट्री रोड स्थित बोरिंग में दस फीट पाइप तथा वार्ड 53 की गुलजारबाग स्टेडियम बोरिंग, वार्ड 58 की बड़ी पटनदेवी एवं गुलजारबाग पोस्ट आफिस रोड, वार्ड 60 की एसजीजीएस सदर अस्पताल बोरिंग, वार्ड 63 की मोगलपुरा पुलिस चौकी बोरिंग, वार्ड 68 की कर्मलीचक बोरिंग एवं वार्ड 72 की दीदारगंज बोरिंग में बीस फीट अतिरिक्त पाइप जोड़ कर भूतल में पानी के दूसरे लेयर तक पहुंचायी गई है।

पटना जंक्शन पर अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा

पटना (नि.सं.)। जंक्शन गोलंबर पर अतिक्रमण हटाने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। नगर निगम की कार्रवाई के बाद दुकानदार सड़क पर उतर आए। सड़क को जाम कर दिया। इसके बाद बल प्रयोग भी किया गया। गोलंबर के पास मौजूद ट्रैफिक चेकपोस्ट के कर्मियों और दुकानदारों के बीच भिड़ंत हो गई। धक्का-मुक्की भी हुई। दुकानदारों में सामान और ठेलों को बीच सड़क पर पलट देने से नाराजगी बढ़ गई। जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस गोलंबर पर पहुंची। दुकानदारों ने बताया कि हटाने की सूचना देते थे। इसके बाद सामान हटा लिया जाता था। लेकिन इन लोगों ने मौका भी नहीं दिया। सभी सामान नगर निगम के कर्मचारी फेंकने लग गए। कई दुकानदारों के साथ मारपीट भी कई गई। कोतवाली थानेदार ज्योति कुमार बसु ने बताया कि दुकानदारों को समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया है।

इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन की कार्यपालिका समिति की बैठक सम्पन्न

निज संवाददाता

पटना। इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन के कार्यपालिका समिति की 02 दिवसीय बैठक का पटना में आयोजन किया गया। इस आयोजन को पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा मेजबानी किया गया। बैठक में पूरे भारतीय रेल से लगभग 70 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। विदित हो कि इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन पूरे भारतीय रेल में कार्यरत लगभग 6500 से अधिक प्रोन्नत अधिकारियों के विकास, कैरियर उन्नयन एवं अन्य भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करता है। बैठक के अन्य मुद्दों के साथ-साथ दौरान प्रोमोटी आफिसर्स के ग्रुप-ए में इंडक्शन पर गहन चर्चा की गई। खासतौर पर, इंजीनियरिंग, लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के ग्रुप-ए में इंडक्शन में हो रहे विलंब कम करने के लिए फेडरेशन के समक्ष सभी क्षेत्रीय रेल के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया। विभिन्न रेलवे से आए अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से अपनी क्षेत्रीय मामलों के साथ-साथ ग्रुप-बी अधिकारियों की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन कार्यपालिका समिति के द्वारा सभी सहभागी अधिकारियों के द्वारा उठाये गये मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और सभी समस्याओं पर समेकित रूप से रेलवे बोर्ड स्तर पर मुद्दों को उठाये जाने का आश्वासन भी दिया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि "देश की धड़कन" और ''प्रगति का पहिया'' उपनामों वाली भारतीय रेल संगठन को परिचालित करने में प्रोमोटी आफिसर्स एक मजबूत कड़ी का काम करती है और सदैव कर्तव्य निर्वहन के लिए तत्परता से अपनी भूमिका को स्थापित करती है। 02 दिनों के इस गहन बैठक में पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा की गई व्यवस्था एवं अन्य संचालन संबंधित कार्रवाई की सभी सहभागियों द्वारा सराहना की गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

विचार-मंथन

संघ प्रमुख भागवत ने भाजपा और मोदी को खरी खरी सुना कर क्या संदेश दिया है?

संपादकीय

गठबंधन सरकार से उम्मीदें और चुनौतियां

नई सरकार ने शपथ ले ली है। नई उम्मीदें हैं और चुनौतियां भी बेशुमार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में भाजपा अकेले बहुमत के पार थी। इस बार जबकि राजग लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता है, उनके साथ तालमेल बनाकर चलने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना तीसरा कार्यकाल समझौतावादी जनादेश के साथ शुरू किया है। नतीजतन, मोदी के 72 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगियों के 11 मंत्री हैं। साथ ही, देश को मजबूत विपक्ष मिला है। नीतियों को लागू कराने के दौरान सरकार को विपक्ष को साथ लेकर चलना होगा। मजबूत विपक्ष सामने है। इससे विपक्ष और असहमति जताने वाली आवाजों को कुछ राहत मिलेगी। सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है। राज्यों में प्रभावी दलों के साथ सत्ता साझा करने से मोल-भाव की गुंजाइश बढ़ जाती है। लेकिन देश के सामने मोदी की सत्ता की मूल प्रकृति सामने है, जो फैसलों में दृढ़ संकल्प वाली है। गठबंधन धर्म इस प्रकृति को लेकर एक गहन विश्लेषण की मांग करेगा। गठबंधन सहयोगियों की राज्य स्तरीय राजनीति के नजरिए से देखा जाए तो कम से कम अगले चरण के विधानसभा चुनावों तक तस्वीर मोदी के पक्ष में है। तेलगुदेसम पार्टी अपने राज्य में आराम से बैठी है। जद (एकी) को अगले साल विधानसभा चुनावों तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा की जरूरत है। लोजपा के चिराग पासवान और फिर से उभर रहे राजद की चुनौती सामने है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे भाजपा के दम पर मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जद (सेकु), रालोद और राकांपा जैसे अन्य गठबंधन सहयोगी अपने फायदे के लिए सौदेबाजी से परे कोई प्रभाव नहीं डाल सकते। देश में बीते तीन दशकों के आर्थिक उदारीकरण के दौर में लोगों की आकांक्षाओं में वृद्धि हुई है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यक्रमों ने इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। विकसित भारत का नारा लोगों के सामने है। लेकिन यह हकीकत भी है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए रोजगार पैदा करने, कौशल विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने जैसे काम अभी शुरू ही हुए हैं।

कश्मीर में आतंकी दहशत की बुनियाद

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं। पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं। पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं। मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है।

(नीरज कुमार दुबे)

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अतीत की बातों को भूलने और सबको अपनाने की सीख दी है। साथ ही उन्होंने जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करते हुए अपने संगठन के पदाधिकारियों से समाज में सामाजिक सद्भाव की दिशा में काम करने के लिए कहा है। बहरहाल, संघ प्रमुख के नागपुर में दिये गये संबोधन को लेकर जिस तरह की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं वह दर्शा रही हैं कि प्रतिपक्ष को भाजपा पर वार करने के लिए नया हथियार मिल गया है।

आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला तो देश-दुनिया से बधाई संदेश आने लगे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने इसी बीच मोदी सरकार और भाजपा को जिस तरह खरी-खरी सुनाई उससे सब आश्चर्यचकित हैं। हालांकि विपक्ष ने भागवत की टिप्पणियों का स्वागत किया है। देखा जाये तो मणिपुर की अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है। मणिपुर में अब भी जिस तरह से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि वहां के मुद्दे हल करने में केंद्र और राज्य सरकार नाकाम रही हैं। इसके अलावा, आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। आरएसएस के कई पदाधिकारी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि चुनावों से पहले भाजपा ने अति आत्मविश्वास के साथ 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाना शुरू किया था तब संघ परिवार के लोगों ने उन्हें जमीन पर रह कर काम करने की सलाह दी थी लेकिन पार्टी के नेताओं को 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे पर इतना भरोसा हो गया था कि उन्होंने किसी की नहीं सुनी और आखिरकार मुंह की खानी पड़ी। देखा जाये तो लगभग ऐसी ही स्थिति साल 2004 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी हुई थी जब भाजपा के नेता इंडिया शाइनिंग के नारे पर इतना भरोसा कर रहे थे कि उन्होंने जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी थी। रही सही कसर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कथित तौर पर आरएसएस के बारे में दिये गये बयान से पूरी हो गयी थी। चुनावों के बीच ही आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जिस तरह भाजपा से दूरी बना ली थी उससे पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह इशारों इशारों में भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं उससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन में अब नागपुर की ज्यादा चलेगी। हम आपको याद दिला दें कि 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद भागवत की पहल पर ही नितिन गडकरी को नागपुर से दिल्ली भेजा गया था ताकि वह पार्टी को संभालें। उस समय भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार जैसे नेता दिल्ली की राजनीति में प्रभावी थे लेकिन सबको दरकिनार कर गडकरी को लाया गया था। जहां तक मोहन भागवत के संबोधन की बात है तो आपको बता दें कि एक तो उन्होंने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर चिंता जताई है साथ ही देश के सभी समुदायों के बीच एकता पर जोर दिया है। आरएसएस प्रमुख ने साथ ही चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अपनी पहली टिप्पणी में भागवत ने कहा है कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचना चाहिए। भाजपा की सीटें घटने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस ''कैसे हुआ, क्या हुआ'' जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। इसके अलावा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के संबंधों में जिस तरह की खटास हाल के वर्षों में देखने को मिली है उस ओर इशारा करते हुए भागवत ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने स्पष्ट कहा है कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने विपक्ष को विरोधी कहने की बजाय प्रतिपक्ष नाम से पुकारने का सुझाव भी दिया है। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। भागवत का इस बात पर अफसोस जताना भी स्वाभाविक ही था कि आरएसएस को बिना किसी कारण राजनीतिक विवादों में घसीटा जाता है। दूसरी ओर, भले इस बार का लोकसभा चुनाव बिना किसी विघ्न के संपन्न हुआ लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मिथ्या प्रचार और अफवाहों का बाजार खूब देखने को मिला। इस ओर भी इशारा करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा है कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने परोक्ष तौर पर डीपफेक आदि की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि तकनीक का उपयोग करके झूठ फैलाया गया। हम आपको याद दिला दें कि चुनावों के बीच ही गृह मंत्री अमित शाह का आरक्षण के बारे में विवादित बयान वाला डीपफेक वीडियो जारी किया गया था जिसे कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा भी कर दिया था। इसके अलावा, भागवत ने देश की विविधता का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि एक दूसरे की उपासना पद्धति का सम्मान किया जाना चाहिए। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों की अच्छाई और मानवता को अपनाया जाना चाहिए और सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे का भाई-बहन के रूप में सम्मान करना चाहिए। देखा जाये तो भागवत की यह नसीहत उन लोगों के लिए खासतौर पर है जो टीवी की बहसों और सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों में धर्म विशेष को निशाना बनाते हैं। यकीनन ऐसे लोगों के चलते ही समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ता है। इसके अलावा, जो लोग बात-बात पर दूसरों को देश छोड़कर कहीं और बस जाने की सलाह देते हैं, उनकी ओर इशारा करते हुए भागवत ने कहा है कि सभी को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि यह देश हमारा है और इस भूमि पर जन्म लेने वाले सभी लोग हमारे अपने हैं। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया है।

देखना है गठबंधन के कितने दबाव में काम करते हैं नरेंद्र मोदी?

(अशोक मधुप)

चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है। हालांकि 2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और उसे सत्ता में बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। वैसे शपथ ग्रहण की रात में भारत ने टी20 विश्व कप 2024 में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ ही टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बना दिए। यह जीत एक तरह से नई सरकार का स्वागत ही मानी जाएगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा। हालांकि पाकिस्तान में ये काम चल रहा है। काफी समय ये वहां रह रहे भारत विरोधी आंतकियों को चुन?चुन कर कत्ल किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता वापस में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी। लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते है। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल हैं। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं। तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। मोदी ने आयुष्मान भारत के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त स्वास्थ्य सेवा तक अभूतपूर्व पहुंच पर जोर दिया। भाजपा के 2024 के घोषणापत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगा और यह सरलता से लागू हो जाएगा। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5401

	6				9		8	5
9	4				6			2
	8	1			4			3
6						1		8
				3				
2		8						9
3			1			8	4	
8			6				5	7
4	7		2				3	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5400

5	7	1	6	9	3	2	4	8
9	3	6	2	8	4	1	7	5
8	4	2	5	1	7	6	3	9
7	8	9	3	2	5	4	6	1
2	6	5	1	4	9	7	8	3
3	1	4	7	6	8	5	9	2
1	5	3	9	7	6	8	2	4
4	9	7	8	5	2	3	1	6
6	2	8	4	3	1	9	5	7

आज का राशिफल

मेष
आज आपके धन में वृद्धि होगी। आपको लाभ होगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। साथी आपको मदद देने के लिए तैयार तो हैं परन्तु उस पर पूरी तरह विश्वास कर लेना खतरे से खाली नहीं होगा। ऑफिस में आपको कुछ नए काम सौंपे जा सकते हैं। आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं। हर मामले में सतर्क रहें और विवाद से बचें।

वृष
आज का दिन थकान और परेशानी वाला रहेगा। आज आप किसी वजह से तनाव में रहेंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन रहेगी। शाम के बाद घर परिवार में किसी बात पर आपस में सभी लोगों के बीच में बहस हो सकती है। हर मामले में सतर्क रहें और विवाद से बचें। आपके भाग्य में वृद्धि होगी। आज आपको सार्वजनिक वाहन का लाभ मिलेगा।

कर्क
आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आपको तीर्थयात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों की मदद के लिए धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के वरिष्ठ सदस्य से कोई विवाद हो सकता है।

सिंह
आज का दिन किसी प्रकार का सुधार करने में बीतेगा। आज आप कार्यक्रम में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर आपको फोकस करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में आपको कोई फैसला सोचकर लेने की जरूरत है। हल्की फुल्की देनदारियां चुकानी पड़ सकती है। परिजनों की मांग पूरी करनी आवश्यक है।

मिथुन
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आप नए प्रॉजेक्ट की तरफ ध्यान दें। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपॉर्ट मिल सकता है और आपको लाभ होगा। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपके मन में कुछ संतुष्टि का भाव रहेगा और आपको आर्थिक लाभ हो सकता है।

कन्या
आज करियर के मामले में आज कोई भी फैसला काफी सोचकर लेने की जरूरत है। तनाव से उबरने का रास्ता यह है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आप कहीं धन का निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा।

तुला
आज लाभ होगा। करियर में कुछ बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह ले लें। निर्णय लेकर आगे बढ़ना है तो फिर कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपको परिवार के लोगों खास उम्मीद है।

वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपको संकल्प करने पर सफलता प्राप्त होगी। किसी का एडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था करना या फिर किसी जरूरी वस्तु की खरीद या फिर कहीं अटका हुआ पैसा निकालना। आज आपको दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। सब कार्यों को एक एक करके निबटाने से कुछ काम तो एकाएक ही बनते नज़र आएंगे।

मकर
आज करियर के मामले में लाभ और आज आप जिन मामलों में अपना दिमाग लगाएंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। सभी कार्य में अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है। किसी खराब पड़ी वस्तु का फिर से संचालन करने का प्रयास करेंगे।

कुंभ
आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल पहल बढ़ेगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। और आपका मन खुश होगा।

धनु
आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। अगर सैर सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं। दोपहर के बाद दौड़भाग बढ़ जाएगी। उतावली के चक्कर में कोई गलती हो सकती है। ध्यान से अपना काम करें और किसी प्रकार की गलती से बचें।

मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। विपरीत हालात में मन को व्यथा होगी। जीवनसाथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। बुजुर्गों का सहयोग कुछ हद तक माहौल को ठीक करने में सहायक होगा। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और सफलता प्राप्त होगी।

वर्ग पहेली 5401

1		2		3	■	4	5
	■		■	6			
7	8		■		■	9	
■		■	10		11		■
12		13		■		■	14
	■	15				■	
16				■	■	17	
	■	18		■	19		

संकेतः बाएं से दाएं
1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. साथ, सोहबत, संपर्क, मिलन (2)
6. भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ इस वेद इसमें कुल 1810 ऋचाएं थी (4)
7. फोटो, चित्र (3)
9. दहलीज, भाव, मूल्य, निर्ख (2)
10. उदास, रोगग्रस्त, अप्रसन्न (4)
12. वैमनस्य, खटपट, ठनाठनी (4)
15. ये मिथिलेश के नाती थे (4)
16. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
17. मां की बहिन के पति का मालवी में यह कहते है (2)
18. झुककर प्रणाम करता हुआ (3)
19. हुक्म की तामील करना, आदेश मानने का भाव (3)

ऊपर से नीचे
1. अभिनेता अमजद खान के अभिनेता पिता (निधन 2 जून 1975) पुराणानुसार इंद्र और शची का एक पुत्र उपेंद्र का यह नाम था (3)
2. कटि, लपेट (3)
3. केमिकल, कमियागरी, रासायनिकी (4)
4. मनोवेग, स्पर्श, अनुभूति, सहभावना (4)
5. असफल विद्रोह, बगावत (3)
8. नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टॉकहोम है (3)
10. अविराम, बिना रूके, लगातार (5)
11. भारत में पहली टेलिफिल्म के निर्देशक, भगवान शिव का एक नाम (3)
12. रंज, मलाल (4)
13. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
14. निर्जन, वीराना, एकांत (4)
17. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादू भोजन (2)

वर्ग पहेली 5400 का हल

वि	य	त	ना	म	■	घा	त
पा	■	ला	ल	च	दे	ना	■
शा	बा	श	■	च	■	■	■
■	ना	ना	ना	■	स	ह	ज
बा	■	■	गा	■	रि	वा	ज
धा	व	क	■	■	ता	म	■
ही	न	ता	■	स	■	ह	■
न	■	र	की	ब	■	ल	क्ष्य

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

संक्षिप्त समाचार

पिकअप वैन लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार, तीन लुटेरा फरार

रांची, एजेंसी। चान्हो थाना क्षेत्र के बिजूपाड़ा के कटैया मोड़ के पास 14 दिन पहले सरसों तेल लोड पिकअप वैन लूटपाट मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक लुटेरा को बुधवार गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम मो शहंशाह है और वह चतरा का रहने वाला है। वहीं, अन्य तीन आरोपी फरार हैं, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि 30 मई को कटैया मोड़ के पास 220 पेटी सरसों तेल लदा पिकअप वैन को चार अपराधियों ने लूट लिया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने छापेमारी कर एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी है।

बिल दिया तो पिस्टल निकाली, 10 मिनट में 50 लाख के जेवर लूट लिए

रांची, एजेंसी। राजधानी रांची में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। वे दिनदहाड़े घटना को अंजाम देते हैं और फरार हो जाते हैं। पुलिस लकीर पीटती रह जाती है। ऐसी ही घटना गुरुवार को आईटीआई बस स्टैंड के पास न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई। यहां दोपहर 12.15 बजे तीन लुटेरे ग्राहक बनकर दुकान में घुसे और महज 10 मिनट में 50 लाख रुपए के जेवर लेकर भाग निकले।

अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश करने में जुटी है। लुटेरों का अंतिम लोकेशन इटकी रोड से तुपुदाना जाते हुए मिला है। देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं मिला था। दुकान संचालक दीपक साहू ने कहा–मैं निजी काम से बेड़ो बाजार गया था। दुकान में दादी आशा देवी और एक स्टाफ संजू कुमार था। तभी तीन युवक दुकान में आए। अंगूठी और ब्रेसलेट दिखाने को कहा। उन्होंने अंगूठी और ब्रेसलेट पसंद भी कर ली। जब उन्हें 17,600 रुपए का बिल दिया तो युवक ने जेब में हाथ डाला। पैसे की बजाय पिस्टल निकालकर सटा दिया। आशा देवी और संजू को काउंटर के नीचे बैठा दिया। एक अपराधी दोनों को कब्जे में लेकर बैठा रहा और दो लुटेरों ने दुकान में रखे सभी जेवरात एक बैग में भर लिया। फिर बिना नंबर की बाइक से इटकी रोड की ओर फरार हो गया। घटना के तत्काल बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची, लेकिन कोई लुटेरा हाथ नहीं आया। रांची में सिटी सर्विलांस के तहत 148 करोड़ रुपए की लागत से 700 कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए टीमें भी तैनात की गई हैं। इसके बावजूद बिना नंबर प्लेट की काले रंग की एक ही बाइक पर तीन लुटेरे बजरा चौक स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स पहुंचे। लूट की घटना को अंजाम दिया और आराम से निकल गए। ट्रैफिक पुलिस ने भी कहीं बाइक को नहीं रोका और न ही कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मी ही बाइक को ट्रैक कर पाए। जबकि नियम है कि बिना नंबर की बाइक सड़क पर ला ही नहीं सकते। एक बाइक पर तीन लोगों के बैठने पर भी रोक है। लुटेरे कितने बेखौफ थे कि उन्होंने घटना को अंजाम देने के समय चेहरा तक नहीं ढंका। सभी हेलमेट पहनकर दुकान में आए थे। दुकान के अंदर जाते ही हेलमेट उतारा और जेवरात पसंद करने लगा। इसके बाद इस घटना को अंजाम दिया। तीनों लुटेरों का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया। लेकिन, पुलिस कई घंटे बाद भी उनमें से किसी का सुराग नहीं लगा पाई है। सिटी एसपी के निर्देश पर पुलिस ने डीवीआर जब्त कर लिया है। लुटेरों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।दुकान में मौजूद आशा देवी ने कहा–तीनों लुटेरे दुकान के जेवरात बैग में भरते रहे और मैं देखती रही। वे लोग लगातार धमकी दे रहे थे कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे। इससे मैं और दुकान का स्टाफ डर गया। एक लुटेरे की लंबी दाढ़ी थी और वह गुटखा खा रहा था। दो सामान्य कद–काठी का था, लेकिन दाढ़ी नहीं थी। उन्होंने मास्क तक नहीं लगाया था। हेलमेट तक उतार दिया था। उन्हें इस बात का डर ही नहीं था कि कोई पहचान लेगा या उनका चेहरा सीसीटीवी में कैद हो जाएगा।न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में तीन अपराधियों ने लूट की घटना का अंजाम दिया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था।

झारखंड में जल्द बनाए जाएंगे 12 नए फ्लाईओवर

सिरमटोली-मेकान का काम सितंबर तक हो जाएगा पूरा

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में रांची स्थित फ्लाई ओवर तथा अन्य शहरों की ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित पथ निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सिरमटोली से मेकान तक बनने वाले फ्लाईओवर का निर्माण कार्य सितंबर माह के अंत तक पूरा कर लेने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर रांची शहर की ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने का एक बेहतरीन विकल्प है। इस फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में विलंब नही होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि रांची शहरवासियों को जल्द से जल्द ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाई जाए। पूरे राज्य में यातायात नियंत्रण हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सिरमटोली से मेकान तक बनने वाले फ्लाईओवर की प्रगति की अद्यतन जानकारी रखी।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सिरमटोली से मेकान तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य में दो स्थान पर केबुल स्टे पुल बनना है। इस निमित्त रेलवे से सहयोग मांगा गया है।

केबल स्टे पुल बनने वाले दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। केबल स्टे पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए रांची रेल मंडल के डीआरएम ने पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही है।

मौके पर रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार एवं रांची रेल मंडल द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर जिन दो जगहों पर केबल स्टे पुल बनाया जाना है, वहां निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण हो सके। इस निमित्त नियमसम्मत प्रविधानों के अनुसार सभी प्रक्रियाएं की जा रही है। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने जानकारी दी कि मुख्य डाकघर डोरंडा के अधीन लगभग चार डिसमिल जमीन की उपयोगिता फ्लाईओवर निर्माण में होगी। इसके लिए पोस्ट मास्टर जनरल के साथ वार्ता हुई है। उन्होंने विभाग को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है।

डाक विभाग द्वारा चार डिसमिल जमीन देने के बदले राज्य सरकार द्वारा उन्हें दूसरी जगह पर जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मास्टर जनरल एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से कहा कि डाक विभाग और पथ निर्माण विभाग आपसी समन्वय बनाकर इस समस्या का जल्द समाधान कर लें। इसके पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के समक्ष रांची एवं अन्य शहरों में ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतु पथ निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी रखी गई।

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विभाग द्वारा रांची में इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर काम शुरू हो चुका है। रांची में बनने वाले इंटरनल रिंग रोड की कुल लंबाई 52 किलोमीटर होगी। यह कार्य 11 खंडों में कई जानी है, जिसमें तीन विभागों की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है।

मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 12 फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरायकेला में दो और दुमका में एक फ्लाईओवर बनाया जाएगा, वहीं बाकी सभी फ्लाईओवर रांची में बनाए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने जानकारी दी कि राज्य के दुमका, डाल्टनगंज, चाईबासा, गिरिडीह एवं जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

मौके पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि रांची के करमटोली से रिम्स होते हुए बूटी मोड़ तक तथा हिनू से बिरसा चौक होते हुए डीपीएस स्कूल तक फ्लाईओवर निर्माण किए जाने का डीपीआर बनाया गया है। विभाग द्वारा इस योजना का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

रांची में चोरी, हत्या, रंगदारी जैसी घटनाओं से व्यापारी चिंतित : चैंबर

रांची , एजेंसी। इनोसोल पेट्रोकेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एमडी अमर कुशवाहा और कंपनी के तेहरान स्थित इंटरनेशनल पार्टनर ए शदाबी ने गुरुवार को चैंबर भवन में चैंबर के पदाधिकारियों से मुलाकात की। अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इन्हें सम्मानित किया। वार्ता के दौरान ए शदाबी ने झारखंड में ऑयल बिजनेस व फर्टिलाइजर में निवेश की इच्छा जताई।

यह बताया कि कंपनी की योजना प्रदेश में यूज्ड ऑयल की रिफाइनरी यूनिट स्थापित करना, कोल बेस्ड फर्टिलाइजर बनाना और बिटूमीन का प्रोडक्शन करना है। पहले फेज में कंपनी द्वारा 20-30 करोड़ के निवेश की योजना है। सबकुछ बेहतर होने पर कंपनी द्वारा कोल और बिटूमीन की इकाई लगाने की दिशा में पहल की जाएगी। चैंबर ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट लगने से राज्य में 1000 करोड़ का निवेश स्थापित हो सकेगा। चैंबर के आदित्य मल्होत्रा, परेश गट्टानी व अन्य थे। सिटी रिपोर्टर 7 रांची बाजरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में अपराधियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम देकर भाग जाने पर चिंता जताते हुए झारखंड चैंबर ने शहर की विधि-व्यवस्था पर नाराजगी जताई। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी और कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने घटनास्थल पर जाकर प्रतिष्ठान के संचालक दीपक कुमार साहू और उनकी दादी आशा देवी से मिलकर मामले की जानकारी ली। मौके पर ही पुलिस अधीक्षक से वार्ता करके घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और माल की बरामदगी का आग्रह किया गया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची में अचानक चोरी, छिनतई, हत्या, रंगदारी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

रंगदारी से तंग स्क्रैप कारोबारी जमाल अंसारी ने की आत्महत्या

धनबाद, एजेंसी। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के सुसनीलेवा निवासी स्क्रैप (लोहा) कारोबारी 55 वर्षीय जमाल मियां ने गुरुवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग एवं रिश्तेदार पहुंचे और घटना के कारण जानने की कोशिक करने लगे। रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि भूली के गोल्डर और धनसार के जीतू साव के लोहा कारोबार के सिंडिकेट से अलग होने पर उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही थीं। उनसे रंगदारी की मांग की जा रही थी। जान से मारने की भी धमकी दी गई थी।

सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा। इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज भी घटनास्थल पहुंच कर लोगों से घटना की जानकारी ली। मौके से सुसाइडल नोट भी मिला है। जिसमें टूटी-फूटी भाषा में रंगदारी की दास्तान लिखी हुई है। नोट में गोल्डन का नाम भी लिखा हुआ है।

मृतक के भाई नाती सिराज अंसारी ने बताया कि दोपहर लगभग 3.40 बजे गोदाम से घर आए 20 मिनट बाद घर से फोन आया कि नाना दरवाजा बंद कर लिए हैं और खोल नहीं रहे हैं। सूचना पर घर पहुंच कर दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया पर दरवाजा नहीं टूटा। इसके बाद रस्सी के सहारे छत से नीचे उतर कर दरवाजा खोला। आनन-फानन में नाना को फंदे से नीचे उतारकर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत बताया। आरोप के आधार पर पुलिस आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी में है।

गोल्डन और जीतू का है लोहा का गोदाम

नाती सिराज ने बताया कि मैं जमाल मियां का स्क्रैप के कारोबार का सारा काम देखता हूं। कारोबार का सारा हिसाब, किताब मेरे पास ही रहता है। पहले हमलोग सिंडिकेट में काम करते थे। इस सिंडिकेट में गोल्डन, जीतू साव एवं अन्य हैं। गोल्डन का भूली, जीतू साव का धनसार में गोदाम है। फरवरी माह से हमलोग सिंडिकेट छोड़ दिए थे और सिंडिकेट से हटकर अपने स्क्रैप का कारोबार कर रहे थे।

इसके बाद अपराधी जमाल मियां को सिंडिकेट में रहकर काम करने की धमकी देने लगे। अपराधी सिंडिकेट में ही रहकर काम करने का दबाव बना रहे थे। धमकी दे रहे थे कि सिंडिकेट में रहकर काम करो नहीं तो जान मार देंगे। गोदाम बंद करवा देंगे। इस दौरान अपराधी लाखों रुपए की रंगदारी भी मांग रहे थे। इससे जमाल मियां अवसाद में रहते में थे। अवसाद के कारण पिछले कुछ दिनों से परिवार को समय नहीं दे रहे थे। सिराज का दावा है कि अपराधियों की धमकी के कारण ही घटना घटी है। पुलिस मामले की छानबीन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

चाईबासा, एजेंसी। जिला समाहरणालय स्थित सभागार जिला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में ईद-उल-जोहा (बकरीद) की विधि-व्यवस्था से संबंधित बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने भी जानकारी दी गई। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद चाईबासा एवं चक्रधरपुर को बकरीद के दिन पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल विभाग को पेयजल की व्यवस्था व बिजली विभाग को निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति/ पेज/ ग्रुप एडमिन पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर 24× 7 निगरानी रखी जा रही है। इसीलिए किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें।

उन्होंने बकरीद के दिन खुले में कुर्बानी नहीं देने की बात कही। इसका विशेष निगरानी रखने का कहा। उपायुक्त ने बकरीद के दिन प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। बैठक में अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर मुकेश मछुआ, सहायक समाहर्ता अर्नब मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, अधीक्षक उत्पाद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

क्या है पेसा नियमावली जो झारखंड में जल्द होने वाली है लागू, सीएम चंपाई सोरेन का ऐलान

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में पेसा नियमावली लागू किए जाने की कवायद तेज हो चुकी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के समक्ष झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की ओर से पेसा-एक परिचय व रोड मैप विषय पर पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया। मुख्यमंत्री ने इसकी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री व अधिकारियों के बीच राज्य में शीघ्र पेसा कानून लागू किया जा सके, इसके लिए कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में एक बेहतर पेसा नियमावली बने, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक पंचायती राज निशा उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी की ओर से जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती हैं तो जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जमीन घोटाले में नया मोड़, गुप्त राज से हटा पर्दा, अब ईडी ने कोर्ट से की ये डिमांड

रांची, एजेंसी। जमीन घोटाले में गिरफ्तार रांची के गाड़ीगांव निवासी भूमि कारोबारी शेखर प्रसाद महतो उर्फ शेखर कुशवाहा को ईडी ने गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया है। ईडी ने कोर्ट में आवेदन देकर शेखर कुशवाहा को सात दिनों की रिमांड पर लेने के लिए आग्रह किया है।

रिमांड के बिंदु पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में सौंपे गए रिमांड आवेदन में बताया है कि शेखर कुशवाहा ने भूमि घोटाला गिरोह के सिंडिकेट के सदस्य सद्दाम हुसैन, अफसर अली, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर व अन्य के साथ मिलकर वर्ष 1940 की फर्जी डीड संख्या 3985 तैयार किया।जालसाजों ने 1974 की डीड संख्या 3954 में भी फर्जीवाड़ा किया। गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन का जाली दस्तावेज तैयार कर उसकी प्रकृति सीएनटी से बदलकर जेनरल किया और उसकी खरीद-बिक्री भी की।

ईडी ने अनुसंधान में पाया है कि बड़गाईं अंचल के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन 37.10 एकड़ भूमि का पार्ट है, जिसे मंगल महतो व कैला महतो ने 1939 में डीड नंबर 2660 से कैथोलिक क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी से खरीदी थी।

इस जमीन का सद्दाम हुसैन, अफसर अली, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह ने बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, क्लर्क मनोज कुमार यादव व शेखर कुशवाहा ने मिलकर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार किया। मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की।

इसके लिए शेखर कुशवाहा ने रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस कोलकाता के डीड सर्चर तापस घोष, कर्मचारी संजीत कुमार से ब्लैंक पेज उपलब्ध कराया।

नौकरी की तलाश में आई आदिवासी युवती का वीडियो बनाना दुकादार को पड़ा भारी, आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

दुमका, एजेंसी। नौकरी की तलाश में आई आदिवासी युवती का वीडियो बनाना दुकानदार पर भारी पड़ गया। बुधवार की देर शाम पीड़िता की शिकायत पर दुमका पुलिस ने टीन बाजार में श्रृंगार की दुकान चलाने वाले रामनाथ साह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, आरोपित घटना के बाद से फरार है।

साहिबगंज के रांगा की आदिवासी युवती सोनुवाडंगाल में रहकर पढ़ाई करती हैं। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह काम की तलाश में थी। 15 दिन पहले वह काम की तलाश करते-करते रामनाथ की दुकान पर पहुंच गई। सारी जानकारी लेने के बाद रामनाथ ने उसे बुधवार की शाम को दुकान पर बुलाया। युवती से जानकारी लेने के क्रम में वह युवती के कमर के ऊपरी हिस्से का वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो उसे जाति सूचक गाली दी। युवती ने इस बात की जानकारी छात्र समन्वय समिति के साथियों को दी। देर शाम करीब आठ बजे करीब तीन दर्जन युवक दुकान पर पहुंच गए। युवकों को सामने देखकर रामनाथ बहाना बनाकर वहां से भाग गया। इसके बाद सभी लोग नगर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को सारी बात बताई।

युवती के बयान पर पुलिस ने आइटी एक्ट और जातिसूचक गाली देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपित की तलाश की जा रही है। यहां बता दें कि एक साल पहले रामनाथ ने दुधानी स्थित अपने होटल में भी एक आदिवासी युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दुमका की शिकारीपाड़ा पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर किशोरी का यौन शोषण करने वाले पाकुड़ के राजा अंसारी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पीड़िता ने उसके खिलाफ सात मई को मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राजा महानगर कोलकाता काम करने भाग गया था। पुलिस ने उसे बहलाफुसलाकर बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। किशोरी ने शिकायत में कहा था कि छ माह पहले वह पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र में गई थी। एक दिन पाकुड़िया बाजार गई तो वहां मोगलाबांध गांव के राजा अंसारी से मुलाकात हुई। परिचय के बाद मोबाइल नंबर का आदान- प्रदान हुआ। धीरे-धीरे दोनों एक -दूसरे से बातें करने लगे और यह मुलाकात नजदीकी में बदल गई। राजा शादी का प्रलोभन देकर कई बार यौन शोषण किया। किशोरी जब शादी की बात करती तो वह टाल जाता। एक दिन वह शादी के लिए पश्चिम बंगाल के बीरभूम में पथलचपड़ी मजार लेकर गया। रात में एक होटल में रिश्ता बनाया। फिर कुछ बताए वहां से भाग गया। किशोरी ने घर वापस आने के बाद मामला दर्ज कराया।दुमका के एक गांव में बुधवार की देर पश्चिम बंगाल से शादी में शामिल होने पहुंची एक आदिवासी किशोरी से पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को शिकारीपाड़ा के एक गांव में विवाह समारोह था। बंगाल की रहने वाली आदिवासी किशोरी परिवार के साथ समारोह में शामिल होने पहुंची थी। समारोह चल रहा था, तभी किशोरी के मोबाइल पर किसी का फोन आया। वह पंडाल से निकलकर बात करते हुए घर से कुछ दूर निकल गई।

सरकारी स्कूलों में मई से नया सत्र शुरू, पर 42 लाख बच्चों के पास किताबें नहीं

रांची , एजेंसी। राज्य के सरकारी स्कूलों में लगभग 42 लाख बच्चे पढ़ते हैं। मई में नया सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन इनकी पढ़ाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। राज्य सरकार पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें देती है। दावा किया जा रहा है कि प्रकाशकों ने प्रखंडों तक किताबें पहुंचा दी हैं, लेकिन शिक्षकों ने इससे इनकार किया है।

उनका कहना है कि बहुतायत प्रखंडों में पुस्तकें या तो नहीं पहुंची हैं, या पहुंची भी हैं तो सिर्फ जूनियर कक्षाओं की ही। यह कहानी लगभग हर साल की है। किसी भी वर्ष निश्चित समय पर बच्चों को किताबें या जरूरत की सामग्री नहीं मिलती है। मासिक बैठकों में इसकी समीक्षा होती है। शिक्षा सचिव या राज्य परियोजना निदेशक डीईओ और डीएसई को निर्देश देते हैं, पर किताबों के वितरण की गति धीमी ही बनी रहती है। पिछले साल तो अक्टूबर तक यह प्रक्रिया चलती रही थी। इस बार भी स्थिति अनुकूल नहीं दिख रही।

लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लगने के कारण शिक्षा विभाग ने निर्वाचन आयोग से किताब वितरण की अनुमति मांगी थी। आयोग ने स्पष्ट कहा था कि जो योजना पूर्व से चल रही है, उसे नहीं रोका जा सकता। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रेस वार्ता में भी स्पष्ट कहा था कि शिक्षा विभाग किताबें और कॉपियों का वितरण छात्रों के बीच कर सकती हैं। इस पर कोई रोक नहीं है। बाद में निर्वाचन आयोग को विभागीय अधिकारियों ने बताया कि किताबों में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के बारे में भी एक पाठ है, तब कहा गया था कि उक्त पुस्तक को छोड़ कर शेष सभी पुस्तकें बांटी जा सकती हैं। पर, ऐसा नहीं हुआ।जेसीईआरटी डायरेक्टर आदित्य रंजन ने गुरुवार को दावा किया कि 30 जून तक सभी बच्चों के हाथ में किताबें होंगी।

संक्षिप्त समाचार

मेरे पिता ने मेरी पूरी ज़िंदगी मेरा निरंतर साथ दिया : श्रुति चौधरी

मुंबई, एजेंसी। कलर्स के 'मेरा बलम थानेदार' में बुलबुल का किरदार निभा रहीं श्रुति चौधरी कहती हैं, मेरे पिता ने मेरी पूरी ज़िंदगी मेरा निरंतर साथ दिया है और मुझे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। मुझे हमारी रविवार की सुबहें बहुत अच्छे से याद हैं, जब वे मेरी बहन और मेरे लिए अलग-अलग तरह का नाश्ता बनाते थे, जिससे हर रविवार बहुत खास हो जाता था। हमारे बीच का रिश्ता बेहद मजबूत है। इस फादर्स डे पर, सेट पर होने के कारण मुझे अपने पिता की बहुत याद आएगी। हालांकि, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे ऑनस्क्रीन ससुर राजेंद्र चावला (जो वर्धन सिंह का किरदार निभा रहे हैं) मेरे साथ होंगे, हमेशा मुझे प्यार करते हैं और अपनी बेटी की तरह मुझे लाड़ करते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इस शो के ज़रिए मुझे दो पिता मिले हैं, जिन्हें मुझ पर गर्व है। मैं सभी पिताओं को कहना चाहूंगी - आपका प्यार और मार्गदर्शन हमारी दुनिया को आकार देता है। हैप्पी फादर्स डे! कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के सेलेब्रिटी प्रतियोगियों में से एक करण कुंद्रा कहते हैं, मेरे पिता मेरे लिए बेस्ट फ्रेंड की तरह हैं, जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। आज मेरे पास जो कुछ भी है, वह सब उन्हीं की बदौलत है। जब मुझे यह भी नहीं पता था कि आगे क्या करना है, उन दिनों से लेकर आज मैं जिस मुकाम पर हूं,इस समय तक वे हमेशा मेरे साथ रहे हैं, मेरा मार्गदर्शन करते रहे हैं। यह मेरे पिता ही थे जिन्होंने मुझे अपनी कद्र करना सिखाया। अच्छे-बुरे समय में, मेरे सभी उतार-चढ़ावों से निपटने में उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने जो कुछ भी किया है, मैं चाहे जितनी भी कोशिश कर लूं लेकिन उसका कर्ज़ नहीं चुका सकता। हैप्पी फादर्स डे डैड, आई लव यू! कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के सेलिब्रिटी प्रतियोगियों में से एक राहुल वैद्य ने कहा, एक कहावत है ?कि उन नन्हीं उंगलियों को छोड़ना सबसे मुश्किल होता है, और मैं अपने छोटे से बच्चे के साथ हर दिन इसका अनुभव करता हूं। भले ही मुझे ऐसा व्यस्त शेड्यूल मिलना सौभाग्य की बात है, लेकिन मैं नव्या के साथ अधिक समय बिताने को लेकर थोड़ा लालची भी हूं। पिता बनना ऐसा एहसास है जिसके जैसा कुछ और नहीं है, और हमारा घर वाकई उसके आने से धन्य हो गया है। यह फादर्स डे मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि यह मेरा पहला फादर्स डे है। मैं उसके और दिशा के साथ अनमोल पल बिताने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं, ऐसी यादें बनाऊंगा जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगी।

राजस्थान में 6 पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के जयपुर जिला प्रशासन 6 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की भारतीय नागरिकता मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इन सभी ने सीएम भजनलाल का आभार जताया। जयपुर जिला प्रशासन अब तक 325 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रदान कर चुका है। कलक्ट्रेट में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाहा ने कविता बाई, निर्मलदास, शभागु मल, पूरी बाई, मुकेश लाल एवं शंकरलाल सहित 6 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। जयपुर जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 325 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जा चुकी है।

22 जुलाई से शुरू होगा छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के शुरूआत की तारीख का ऐलान हो गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र अगले महीने से होगा। विधानसभा सचिवालय में इसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर सचिवालय की ओर से जल्द ही अधिसूचना जारी कर दी जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने मीडिया में एक सवाल के जवाब में बताया कि अगले महीने 22 जुलाई से विधानसभा का मानसून सत्र होगा। यह मानसून सत्र 10 दिनों का होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से पूछे गए सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से है।

फरीदाबाद में 50 गज तक जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे लोग, नियमों में हुआ बदलाव

नईदिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद के शहरी क्षेत्रों में अब अपना घर बनाना आसान होगा। खास बात यह है कि 50 वर्ग गज तक जमीन की रजिस्ट्री भी लोग करवा सकेंगे। इसके लिए नगर निगम से नो ड्यूज सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं पड़ेगी। शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता कर यह घोषणा की है।

सरकार के इस फैसले से स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में काफी लोगों को राहत मिलेगी और उनके अपने घर का सपना साकार हो सकेगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कृषि भूमि की खरीद व भूमि का कोई हिस्सा बेचने के लिए नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं से किसी भी नो ड्यूज सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है, बल्कि भूमि मालिक सीधे तौर पर अपनी रजिस्ट्री करवा सकेंगे। ऐसी संपत्तियों पर किसी भी तरह का प्रॉपर्टी टैक्स व विकास शुल्क लागू नहीं होगा। राज्य में इस तरह की कुल 2,52,000 संपत्तियां हैं। शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों में स्थित खाली प्लॉट को बेचने की अनुमति होगी और इसके लिए प्रार्थी को प्रॉपर्टी टैक्स व अन्य बकाया शुल्क आदि जमा करने के बाद में नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा, जिसके आधार पर वो अपनी संपत्ति को बेच सकेंगे। राज्य मंत्री ने कहा कि जिस भी सम्पत्ति मालिक ने लाल डोरा के अंदर स्थित अपनी सम्पत्ति को स्वयं प्रमाणित कर दिया है उसे अपनी संपत्ति बेचने की अनुमति होगी। सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी एवं तहसील में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री होते ही सभी तरह की विवरण नगर निकायों के प्रॉपर्टी पोर्टल पर खुद आ जाएंगी और लोगों को अब इसके लिए कार्यालयों के चक्कर काटने या किसी के पास भी जाने की जरूरत नहीं है और यह सुविधा उन्हे घर बैठे मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के सभी शहरी क्षेत्रों में 741 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है, जिसकी सभी 1,71,368 संपत्तियों को बेचने का अधिकार मालिकों को प्राप्त हो गया है। इसके अतिरिक्त, बची हुई 433 कॉलोनियों को नियमित करने का कार्य 30 जून तक पूरा कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 705 छोटे क्षेत्रों (पैचेस) को भी नियमित किया जा चुका है और ऐसे बचे हुए लगभग 1200 क्षेत्रों (पैच) जो सरकारी भूमि पर, वन क्षेत्रों में या ग्रीन बैल्ट और रोड की भूमि पर होगे उन्हें छोड़कर बाकी को 30 जून तक अधिकृत कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पारिवारिक हिस्सेदारी में परिवार के लोगों को अपनी संपत्ति का बंटवारा करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

जनता ने नकारा, अब आरएसएस के निशाने पर अजित पवार

मुंबई, एजेंसी। भाजपा को कई राज्यों में लोकसभा सीटों का घाटा उठाना पड़ा है। यूपी, राजस्थान के अलावा देश के दूसरे सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य महाराष्ट्र में भी भाजपा को करारा झटका लगा है। भाजपा को यहां 9 सीटें ही मिली हैं, जबकि 2019 में उसे 23 पर जीत मिली थी। भाजपा के लिए चिंता की बात यह भी रही कि उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना भी 7 सीट जीत पाई। इसके अलावा अजित पवार की एनसीपी को तो महज एक सीट पर ही जीत मिली है। इन नतीजों पर मंथन का दौर जारी है और भाजपा का मातृ संगठन कहा जाने वाला आरएसएस भी ऐक्टिव हो गया है।

आरएसएस ने इन नतीजों के लिए अजित पवार से गठबंधन पर भी निशाना साधा है। उसका यह रुख अजित पवार के लिए टेंशन की बात है। इसकी वजह यह है कि एक तरफ उसे चुनावी नतीजों में झटका लगा है तो वहीं आरएसएस की आलोचना के बाद उसके लिए गठबंधन में भी मुश्किल होगी। भाजपा यह आकलन करने में जुटी है कि गठबंधन साथियों से उसे कितना फायदा मिला है। न्यूज एजेंसी द्वहस् के अनुसार भाजपा तो एक सर्वे भी करा रही है, जिसमें यह पता लगाने की कोशिश होगी कि अकेले चुनाव लड़ने में उसके लिए क्या संभावनाएं रहेंगी।

अजित पवार के लिए एक मुश्किल यह भी है कि वह वैचारिक आधार पर समझौता करके भाजपा संग आए हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना की तो भाजपा से वैचारिक समानता है और इसे लेकर आरएसएस को भी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन भाजपा और आरएसएस का एक वर्ग मानता है कि अजित पवार से दोस्ती का ज्यादा फायदा नहीं है। अजित पवार की पार्टी ने 4 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से एक पर ही जीत हासिल हुई। वहीं एकनाथ शिंदे गुट ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा और 7 पर विजय पाई। इस तरह उसने उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुकाबले अपनी ताकत दिखाई है। इसके अलावा यदि उद्धव गुट भी एनडीए के साथ आता है तो भाजपा दोनों को समाहित कर लेगी। अब अजित पवार के लिए यह अस्तित्व का सवाल है। चाचा शरद पवार के गुट ने चुनावी सफलता पाकर दिखाया है।

बाल ठाकरे को हिंदू हृदयसम्राट के बजाए जनाब कहने लगी है उद्धव सेना: देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवारों ने मुंबई की तीन लोकसभा सीट पर अल्पसंख्यकों, गैर मराठी और गैर हिंदी भाषी लोगों के वोट की बदलौत जीत दर्ज की। हाल में संपन्न आम चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने महानगर की छह में से तीन सीट पर जीत दर्ज की जबकि भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी रहीं।

फडणवीस ने अपने भाषण में कहा, विपक्ष की जीत मराठी भाषियों या आम मुंबईकरों या पीढ़ियों से शहर में रहने वाली उत्तर भारतीय आबादी के वोटों के कारण नहीं थी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष ने उन लोगों के वोटों से जीत हासिल की जिनके वास्ते शिवसेना (यूबीटी) ने बाल ठाकरे के लिए अधिक लोकप्रिय 'हिंदू हृदयसम्राट' के बजाय 'जनाब' का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

फडणवीस ने दावा किया कि अल्पसंख्यकों का समर्थन हासिल करने के लिए पिछले छह महीनों में उद्धव ठाकरे ने अपने भाषणों की शुरुआत 'मेरे हिंदू भाइयों और बहनों' के साथ करना बंद कर दिया था। लेकिन उन्होंने माना कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष की इस 'झूठी कहानी' से कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है और आरक्षण समाप्त करना चाहती है, सत्तारूढ़ दल को भारी नुकसान हुआ।

भाजपा ने महाराष्ट्र की 48 सीट में से 28 पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल नौ पर ही जीत हासिल कर सकी जबकि उसने 2019 में 23 सीट पर जीत हासिल की थी। खास बात है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हाल ही में मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में प्रकाशित लेख में उप मुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन पर सवाल उठाए थे।

3500 में जनरल से ओबीसी बनाने का खेल, दिल्ली पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार; 111 को जारी किए फर्जी सर्टिफिकेट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो चंद रुपयों में सामान्य श्रेणी (जनकल कैटेगरी) के व्यक्ति को अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग वाला सर्टिफिकेट जारी करते हैं। पुलिस ने गैंग में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दिल्ली कैंट, राजस्व विभाग और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का एक तहसीलदार भी शामिल हैं। आरोपी 3500-3000 रुपए लेकर फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करते थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने और बांटने वाले गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। इसकी पुष्टि के लिए 13 मार्च 2024 को सामान्य वर्ग के एक फर्जी आवेदक को ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संदिग्ध व्यक्ति के पास भेजा गया। 20 मार्च 2024 को एक और फर्जी ऑपरेशन किया गया, जिसमें सामान्य श्रेणी के दूसरे

आवेदक ने 3,000 रुपये में ओबीसी प्रमाणपत्र हासिल कर लिया। दोनों भुगतान ऑनलाइन किए गए और लेन-देन की डिटेल्स रिकॉर्ड हो गईं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने रैकेट में शामिल व्यक्तियों को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम बनाई। 9 मई, 2024 को संगम विहार निवासी 30 साल के सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। उसके मोबाइल फोन के डेटा से फर्जी आवेदकों के साथ चैट और विभिन्न दस्तावेजों के स्नैपशॉट का पता चला। गुप्ता ने दिल्ली कैंट में कार्यकारी मजिस्ट्रेट ऑफिस के जरिए प्रमाण पत्र जारी करने की बात स्वीकार की। आगे की जांच में तीन और व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई- चेतन यादव, जो तहसीलदार के कार्यालय में काम करता था, वारिस अली, जो तहसीलदार नरेंद्र पाल सिंह का सिविलियन ड्राइवर था और खुद नरेंद्र पाल सिंह। ये गिरफ्तारियां 14, 22 और 27 मई, 2024 को हुईं। पुलिस के अनुसार, गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि जनवरी 2024 में उसकी मुलाकात चेतन यादव से हुई थी। वारिस अली के साथ मिलकर उन्होंने राजस्व विभाग से फर्जी प्रमाण पत्र जारी करके पैसे कमाने की योजना बनाई। गुप्ता फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करता और फिर यादव के साथ डिटेल्स और एप्लीकेशन नंबर शेयर करता और हर सर्टिफिकेट के पैसे ट्रांसफर करता था।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के पहले चरण की ओपनिंग डेट हुई फाइनल, डेढ़ घंटे का सफर 30 मिनट में होगा पूरा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्लीवासियों को जल्द ही दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की सौगात मिलने वाली है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने साफ कर दिया है कि 15 जुलाई तक एक्सप्रेसवे के पहले चरण में दो पैकेज बनकर तैयार हो जाएंगे, जिसके बाद इस पर यातायात शुरू किया जा सकेगा। इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भी सूचना दी गई है। मंत्रालय से हरी झंडी मिलते ही यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

एनएचएआई से जुड़े अधिकारी का कहना है कि अब निर्धारित समय अवधि में एक्सप्रेसवे के दोनों पैकेज की एलिवेटेड रोड बनाने का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद उस पर यातायात शुरू किया जा सकेगा। एलिवेटेड रोड के नीचे सर्विस रोड बनाई जा रही है, जिसका काम पूरा होने में दो से तीन महीने का अतिरिक्त समय लग सकता है, लेकिन ऊपर से ट्रैफिक बिना किसी रुकावट के संचालित हो सकेगा। संभावना है कि मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद 30 जुलाई तक यातायात शुरू हो जाएगा। इसके खुलने से पूर्वी दिल्ली, लोनी और बागपत की तरफ से दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को बड़ा लाभ होगा। यात्रा समय में करीब एक से डेढ़ घंटे की कमी होगी।

अभी तक अक्षरधाम से खेकड़ा (बागपत) तक जाने में सामान्य समय में भी डेढ़ घंटे का समय लगता है जो घटकर 30-35 मिनट रह जाएगा।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली किस तरह से की जानी है, इसको लेकर अभी फैसला लिया जाना बाकी है। एक्सप्रेसवे पर दिल्ली बॉर्डर से गाजियाबाद की तरफ करीब चार किलोमीटर बाद सभापुर गांव के सामने टोल प्लाजा बनाया गया है। पहले टोल का प्रारूप निर्धारित होगा। उसके बाद टोल दरों को निर्धारित किया जाएगा। यह काम मंत्रालय स्तर से तय होना है।

युसूफ पठान पर अतिक्रमण का आरोप, सांसद बनने के दो दिन बाद भाजपा शासित निगम ने भेजा नोटिस

वडोदरा, एजेंसी। गुजरात के वडोदरा शहर के रहने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर और हाल ही में टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस पार्टी) से लोकसभा सांसद बने यूसुफ पठान को शहर के भाजपा शासित नगर निगम ने अतिक्रमण को लेकर एक नोटिस दिया है। नोटिस में उनसे कहा गया है कि उन्होंने कथित रूप से नगर निगम के स्वामित्व वाले प्लॉट पर अवैध कब्जा कर रखा है। साथ ही नोटिस में उनसे कब्जा हटाने के लिए भी कहा गया है। बता दें कि पठान हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से सांसद बने हैं।

पठान को यह नोटिस 6 जून को यानी चुनाव नतीजे आने के दो दिन बाद दिया गया था। हालांकि वीएमसी (वडोदरा नगर निगम) की स्थायी समिति के अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने गुरुवार को मीडिया को इसकी जानकारी दी। इस पहले गुरुवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के पूर्व पार्षद विजय पवार ने इस मुद्दे को उठाया था। पवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने साल 2012 में पठान को भूखंड बेचने के वीएमसी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने (पठान ने) चारदीवारी बनाकर प्लॉट पर अतिक्रमण कर लिया।

आगे पवार ने कहा, मेरी यूसुफ पठान से कोई दुश्मनी नहीं है। लेकिन टांडलजा क्षेत्र में स्थित यह प्लॉट वीएमसी के स्वामित्व वाला आवासीय प्लॉट है। 2012 में पठान ने वीएमसी से इस प्लॉट की मांग की थी क्योंकि यह उनके निर्माणाधीन घर से सटा हुआ प्लॉट था। इसके लिए उन्होंने 57,000 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से मूल्य चुकाने का प्रस्ताव भी रखा था। पवार ने कहा, उस समय वडोदरा नगर निगम ने उनके प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी थी।

वीवो कंपनी पर शिकंजा कसने की तैयारी में ईडी, यमुना अथॉरिटी से मांगी रिपोर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले में जांच के लिए यमुना प्राधिकरण से मोबाइल बनाने वाली वीवो कंपनी की विभिन्न बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इसको लेकर ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर अमित कुमार ने यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह को पत्र जारी किया है। उन्हें जल्द सूचना देने के लिए कहा गया है। जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एक अन्य के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत जांच कर रहा है। इन कंपनियों पर जीएसटी कर चोरी के आरोप में मामला दर्ज है। पूर्व में अलग-अलग शहरों से इस मामले में गिरफ्तारी भी हो चुकी हैं। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय ने वीवो कंपनी की पांच बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। प्राधिकरण ने पत्र के आधार पर रिपोर्ट बनाने का काम शुरू कर दिया है। जल्द ही ईडी को कंपनी से संबंधित जानकारी भेज दी जाएगी। वीवो कंपनी को 169 एकड़ भूमि का आवंटन वर्ष 2018 में हुआ था। प्रथम चरण में कंपनी प्रति वर्ष छह करोड़ स्मार्ट मोबाइल तैयार करेगी। दो चरणों में कंपनी का निर्माण पूरा होगा। दूसरा चरण पूरा होने के बाद शहर में प्रतिवर्ष 14.4 करोड़ मोबाइल का उत्पादन किया जाएगा।

मंत्री किरोड़ी लाल ने सरकारी गाड़ी लौटाई, सचिवालय जाना किया बंद

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना के इस्तीफे को लेकर बड़ा अपडेट आया है। सूत्रों के अनुसार किरोड़ी लाल ने 4 जून को ही इस्तीफा दे दिया। यहीं वजह है कि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना ने सरकारी गाड़ी का उपयोग करना छोड़ दिया है करीब दस दिन से वे सचिवालय स्थित अपने दफ्तर भी नहीं जा रहे हैं। बता दें कैबिनेट मंत्री मीना ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दौसा सहित 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है। उन सातों में किसी एक सीट पर भाजपा हारती है तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद मीना ने चुनाव परिणाम से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था-रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। सूत्रों के मुताबिक पार्टी आलाकमान ने किरोड़ी लाल का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। हालांकि, आधिकारिक तौर किरोड़ी लाल के इस्तीफे को लेकर बीजेपी के नेता बोलने से बच रहे है।

जानकारी के मुताबिक चुनाव के बाद से ही मीना अपनी निजी कार में घूम रहे हैं। आचार संहिता हटने के बाद भी उन्होंने सरकारी गाड़ी नहीं मंगवाई। अपने दफ्तर भी नहीं जा रहे।

कितनी जमीन पर हुआ कब्जा? अतिक्रमण हटाने के लिए जमीन ऑडिट कराएगी अथॉरिटी

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा प्राधिकरण लैंड ऑडिट के लिए निजी एजेंसी की मदद लेगा। डिटेल मैपिंग के जरिए ऑडिट कराया जाएगा। इससे सरकारी जमीन पर हो रखे अतिक्रमण का सटीक डाटा मिल जाएगा। निजी एजेंसी के लिए चयन की प्रक्रिया नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। शहर के विकास को और रफ्तार देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के पास कागजों में काफी एरिया खाली पड़ा है, जबकि हकीकत में मौके पर जमीन पर कब्जा हो चुका है।

ऐसे में खाली जमीन की सटीक जानकारी के लिए नोएडा प्राधिकरण ने लैंड ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। लैंड ऑडिट से फायदा होगा कि प्राधिकरण को पता चल जाएगा कि उसके पास आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत, व्यावसायिक प्रयोग के लिए कितनी जमीन है और कितने पर कब्जा है। इस जमीन पर योजनाएं लाकर उनसे कितना

राजस्व को प्राधिकरण मिल सकेगा, इसका आकलन भी किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अभी स्थिति से ये है कि प्राधिकरण के पास कब्जे वाली जमीन का सटीक आंकड़ा नहीं है।

अधिकारियों का कहना है कि बीते सालों में हुए ड्रोन से सर्वे की रिपोर्ट को भी इसमें शामिल करेंगे। नोएडा करीब 16200 हेक्टेयर में बसा हुआ है। इसमें से करीब शहर के आंतरिक हिस्से में करीब तीन हजार हेक्टेयर पर सरकारी जमीन पर कब्जा है। ग्रीन बेल्ट पर इमारतें खड़ी हो गई हैं। इनमें सेक्टरों और गांवों के बीच की बेशकीमत जमीन भी शामिल है। शहर में सरकारी जमीन लगातार घिरती जा रही है। कार्रवाई के बाद भी लोग मान नहीं रहे हैं। जानकारों ने बताया कि सरकारी जमीन पर सर्फाबाद, गढ़ी चौखंडी, छिजारसी, ममूरा, बरौला, हाजीपुर, भंगेल, सलारपुर, चौड़ा, गिझौड़, हरौला, नयाबास, बख्तावरपुर, नंगली - वाजितपुर, आदि गांवों में बड़ी संख्या में कब्जे हो रहे हैं। मुआवजा उठा चुके लोगों ने जमीन कब्जा रखी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

टी20 विश्व कप: 2024

कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी। भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवत~ आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी।

कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पंत ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमश~ 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन पिचों (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पांड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। पांड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है क्योंकि ये दोनों आईपीएल में नाकाम रहे थे। टीम को हालांकि मोहम्मद सिराज (एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (एक भी विकेट नहीं) से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल या फिर दोनों को मौका देने के बारे में सोच सकती है। ऐसी स्थिति में भारत को जडेजा और अक्षर पटेल को ब्रेक देना पड़ सकता है। अक्षर ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे गेंदबाजी इकाई को कैरेबिया की पिचों के लिए तैयारी का मौका मिलेगा जहां की पिचों से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने की उम्मीद है।

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नही होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। लॉडरहिल मियामी से लगभग 50 किमी दूर है जो उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण आई बाढ़ से जूझ रहा है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है जो अमेरिकी बाजार में क्रिकेट के लिए जगह बनाने की उम्मीद कर रहे हैं।

संभावित प्लेइंग 11

भारत: विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

कनाडा: आरोन जॉनसन, नवनीत धालीवाल, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, निकोलस किरटन, साद बिन जफर, श्रेयस मोव्वा, डिलन हेइलिगर, कलीम सना, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

टीम इंडिया नहीं जाएगी पाकिस्तान !

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है. लेकिन क्या भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी? दरअसल, बीसीसीआई कई बार दोहरा चुकी है कि आईसीसी चैंपियंस के लिए सुरक्षा संबंधी कारणों से टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी. अगर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत पाकिस्तान नहीं जाएगा तो क्या विकल्प हैं? इस पर बीसीसीआई का कहना है कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाए, ताकि भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की जरूरत नहीं पड़े.

बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल चाहता है, लेकिन पीसीबी...

लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड लगातार अपनी जिद पर अड़ा हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान करें और भारत खेलने के लिए पाकिस्तान जाएं, लेकिन क्या ऐसा संभव है? अब इससे जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आ रही है. दरअसल, भारत का कहना है कि हम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएंगे, बल्कि टूर्नामेंट का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हो. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के हाइब्रिड मॉडल सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हर हाल में अपनी सरजमीं पर टूर्नामेंट का आयोजन करना चाहता है.

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड क्या चाहता है?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की डिमांड है कि आईसीसी जल्द से जल्द चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल जारी करें. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच करवाना चाहता है. पाकिस्तान के 3 मैदानों पर टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे. जिसमें कराची के अलावा रावलपिंडी और लाहौर शामिल है. इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारतीय टीम अपने सारे मैच लाहौर में खेलेगी. बताते चलें कि पिछले लंबे वक्त से पाकिस्तान में किसी आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हुआ है. हालांकि, एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान में होना था, लेकिन बीसीसीआई ने अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया. जिसके बाद टूर्नामेंट का आयोजन श्रीलंका में हुआ.

चेस

18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं, 10 अंक हासिल किए

गांधीनगर, एजेंसी। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए। उनकी ईएलओ रेटिंग महज 1943 की है।

18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया। 2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए।

उनकी ईएलओ रेटिंग महज 1943 की है। भारत की ही रक्षिता रवि 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। दिव्या का यह जूनियर वर्ग में कुल आठवां खिताब है।

टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी। टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए।

जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ।

तीसरे स्थान पर आए गुलबदीन ने पारी को संभाला। हालांकि, अफगानिस्तान ने इसके बाद भी विकेट गंवाए लेकिन गुलबदीन क्रीज पर डटे रहे। एक जुझारू पारी खेलते हुए नाइब ने सिक्स लगाकर अफगानिस्तान को जीत दिलाई।

नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी। शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया। बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है।

इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी। टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर-8 की दौर में बनी हुई है। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा।

इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए। स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। इसी मैच में आर्चर ने अपना 50वां टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हासिल किया। इंग्लैंड ने 48 रन के

लक्ष्य को जल्दी ही हासिल कर लिया। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा, लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गए। जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने विल जैक्स के 5 रन पर आउट होने के बाद यह लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा

भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं। मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी। मैं फुटबॉल और हैंडबॉल बहुत खेलती थी। मेरे पास लॉन्ग जंप और शॉटपुट में राज्य स्तर के पदक भी हैं। मुझे याद है कि स्कूल के कोच मैदान में आए और हमसे पूछा कि क्या कोई हॉकी खेलना चाहता है। मैंने खेल में रुचि दिखाई और फिर उन्होंने मुझे शाम को प्रशिक्षण के लिए आने के लिए कहा। तब से, मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी जीता। 2016 में मनीषा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड टीम की कप्तान थी। टूर्नामेंट में कुछ शानदार प्रदर्शन के साथ, उन्हें भारतीय जूनियर महिला शिविर के लिए बुलाए जाने पर सफलता मिली। 25 वर्षीय मनीषा ने इस सफर को याद करते हुए कहा, ÷जब मुझे भारतीय जूनियर महिला टीम के शिविर के लिए चुने जाने की खबर मिली तो मैं बहुत खुश थी। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक अद्भुत क्षण था। मेरे कोच जिन्होंने हमेशा मुझे प्रेरित किया है और मेरे शुरुआती दिनों से मेरा निरंतर समर्थन किया है, इस खबर से बहुत खुश थे।



घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

एक नजर

शराब पीने के आरोप में हुआ गिरफ्तार

अंबा (औरंगाबाद) (का.सं.)। अंबा पुलिस ने बाजार के चौक से बिट्टू कुमार शर्मा नामक एक व्यक्ति को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह देव थाने के मिश्र बिगहा गांव का निवासी है। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी औरंगजेब खान ने की है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मेडिकल जांच में उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। वह चौक पर हंगामा मचा रहा था। उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

शराब के साथ महिला हुई गिरफ्तार

फेसर (औरंगाबाद) (का.सं.)। सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के रजवाड़ा गांव से पुलिस ने शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने दल बल के साथ छापेमारी कर शराब बेच रही महिला को गिरफ्तार किया। महिला के पास से 14.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की पहचान कृष्णा पासवान की पत्नी सावित्री देवी के रूप में हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

नाले की सफाई के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

ओबरा (औरंगाबाद) (का.सं.)। ओबरा थाना मोड़ से ब्लॉक मोड़ तक नाले की सफाई कराने के लिए मुखिया सीमा अग्रवाल ने बीडीओ को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि एनएच किनारे नाला पूरी तरह जाम है। गंदा पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है। कई बार अपने निजी खर्च से सफाई कराई लेकिन इससे समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हो सका। कहा कि जब तक पूरी तरह सफाई नहीं कराई जाएगी तब तक समस्या बनी रहेगी। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। इसके लिए एनएच व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। विदित हो कि यहां का ड्रेनेज सिस्टम बदहाल है। नाला का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर बह रहा है जिससे जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट, परस्पर प्राथमिकी

अंबा (औरंगाबाद) (का.सं.)। अंबा थाना क्षेत्र के मझौली गांव में भूमि विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो लोगों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस मामले में थाने में परस्पर दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहली प्राथमिकी भूपेंद्र कुमार सिंह ने दर्ज कराई है और कहा है कि वे औरंगाबाद में प्राइवेट जॉब करते हैं। वे घर गए थे तो उनकी भाभी रानी देवी ने उनके साथ मारपीट की और केस में फंसा देने की धमकी दी। इधर रानी ने कहा है कि उसके पति बाहर रहते हैं। वह घर में अकेली रहती है। उनका देवर जो औरंगाबाद में रहता है, घर आया और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। उसके द्वारा कराई गई एक बोरिंग को भी उसने तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया। घर छोड़ देने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस बल पर हमला करने वाला गिरफ्तार

अंबा (औरंगाबाद) (का.सं.)। रिसियप पुलिस ने थाना क्षेत्र के खेतपुरा निवासी संजय साव को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है। उस पर पुलिस बल पर हमला करने का आरोप है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सरस्वती पूजा के दौरान जुलूस निकालने को लेकर यहां गतिरोध उत्पन्न हुआ था। पुलिस मामले को शांत कराने पहुंची थी। इस क्रम में लोगों ने पुलिस बल पर हमला कर दिया था, जिसमें एक पुलिस पदाधिकारी और एक सिपाही घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें दर्जनों लोग नामजद अभियुक्त बने थे। संजय भी इसमें शामिल था। पिछले दिनों से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

नवनिर्वाचित सांसद का जोरदार स्वागत

मदनपुर (औरंगाबाद) (का.सं.)। मदनपुर प्रखंड में शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सांसद अभय कुमार सिंहा का जोरदार स्वागत किया। जिप सदस्य शंकर यादवेंदु के नेतृत्व में आयोजित यह भ्रमण कार्यक्रम देव मोड से शुरू हुआ। वहां से शिवगंज बाजार, रसलपुर, बंगला, पेमा बेलवां, आट, महुआईन, मनिका आंजन, जुडाही, मदनपुर, दशवतखाप, खिरियावां, सलैया, पिरवां आदि गांव में यह काफिला गया।

विधिपूर्वक और समय पर कार्यों के निष्पादन के लिए अभियान शुरू

डीएम ने सभी विभागों के प्रधान सहायकों के साथ की मासिक समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

- संघर्षमुक्त प्रशासनिक कार्य के लिए कदम उठाए गए।

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में प्रधान सहायकों की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उनके कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने सीडबल्यूजेसी, एमजेसी, डीसी विपत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, लोकायुक्त से संबंधित मामलो, जिला आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलो, लोक शिकायत, लोकसभा एवं विधानसभा से संबंधित प्रश्न, पेंशन एवं सेवांत लाभ, सामाजिक सुरक्षा एवं आरटीपीएस. सहित अन्य मामलों की समीक्षा की। समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी प्रधान सहायकों को निर्देश दिया कि सीडबल्यूजेसी, एमजेसी के मामलो को निष्पादन हेतु विधि शाखा के प्रधान सहायक से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र निष्पादित कराए। साथ ही साथ कार्यालय के सभी पंजी यथा क्रम पुस्तिका, इंडेक्स रजिस्टर, प्राप्त पत्र पंजी आदि को संघारित करने एवं लंबित पत्रों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त प्रखंड एवं अंचल कार्यालय औरंगाबाद, देव, बारुण एवं दाउदनगर में सीडबल्यूजेसी संबंधित लंबित मामलो की संख्या अधिक पाई गई। इस पर जिलाधिकारी के ने खेद प्रकट करते हुए निष्पादन हेतु एसओएफ तैयार कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में स्थापना और उप समाहर्ता सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद एवं सभी विभाग के प्रधान सहायक मौजूद रहे।

छात्रा की हत्या कर शव इंद्रपुरी में फेंका, लोगों ने मचाया बवाल

- नवीनगर से कोचिंग के लिए घर से निकली श्रेया कुमारी का शव इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में नहर से बरामद हुआ।
- थानाध्यक्ष ने एफएसएल और डीआईओयू की टीम को घटनास्थल पर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। नवीनगर से 11 जून को घर सें कोचिंग के लिए निकली अभय सिंह की पुत्री श्रेया का शव गुरुवार की शाम रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में इंद्रपुरी थाना से लगभग 20-30 मीटर पहले नहर से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद श्रेया के परिजनों को शव की पहचान के लिए भेजा गया। परिजनों ने शव की पहचान उसके कपड़े एवं उसके पैकेट से मिले मोबाइल नंबर से की। नवीनगर में जैसे ही श्रेया का शव बरामद होने की सूचना मिली, परिजनों एवं ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पर पहुंचे और श्रेया के हत्यारों को गिरफ्तार करने एवं श्रेया को इंसाफ दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने नवीनगर-अंबा मुख्य पथ थाना मोड़ के समीप सड़क को जाम करते हुए टायर जलाकर प्रदर्शन एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारी को घटना स्थल पर बुलाने की मांग की। ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम एवं टायर जलाकर प्रदर्शन करने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण सड़क जाम हटाने को तैयार नहीं थे। थानाध्यक्ष के द्वारा एसपी से ग्रामीणों की बात कराए जाने पर ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम को हटाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार नहीं किया गया तो फिर सड़क जाम एवं प्रदर्शन किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या मामले में जांच करने के लिए एफएसएल एवं डीआईओयू की टीम घटनास्थल पर आ रही है। नवीनगर तान्या इंडियन गैस गोदाम के पीछे स्थित अपने घर से कोचिंग करने निकली अभय कुमार सिंह की 16 वर्षीय छात्रा श्रेया कुमारी के अचानक गायब होने से कई तरह के सवाल उठ रहे थे। कोचिंग का समय समाप्त होने के बाद भी जब घर नहीं पहुंची तो श्रेया के परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। श्रेया के बारे में जब उन्हें कोई जानकारी नही मिली तो नवीनगर थाना में श्रेया की मां उर्मिला देवी ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी में उर्मिला ने बताया कि मंगलवार को श्रेया 6:15 बजे घर से प्रीमियर कोचिंग जाने के लिए घर से निकली लेकिन कोचिंग समाप्ति के बाद भी वह घर पर नहीं पहुंची तो खोजबीन करने लगे। जब घर के मोबाइल की जांच की गई तो मोबाइल में झरी गांव निवासी संजय सिंह के पुत्र का नंबर मिला एवं बीते सोमवार की रात 10:30 बजे उससे चैट करना पाया गया। अक्सर मोबाइल नंबर पर बात होना पाया गया। श्रेया कुमारी की करीबी दोस्त का भी बराबर घर पर आना-जाना लगा रहता था एवं बातचीत भी होती थी। श्रेया जब घर नहीं पहुंची तो उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर बात करने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं हो सकी। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि श्रेया के अपहरण में टंडवा थाना क्षेत्र के झरी गांव निवासी संजय सिंह का पुत्र और नवीनगर नगर पंचायत के कोसडिहरा गांव निवासी दीपक सिंह की पुत्री एवं उसकी मां की संदिग्ध भूमिका प्रतीत हो रही है।

मांझी को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर हम के नेताओं में खुशी

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा(सेकुलर) के सुप्रीमो जीतनराम मांझी को केंद्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय मिलने पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ बबलू, प्रखंड अध्यक्ष कवींद्र कुमार निराला सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

वाहनों के खड़ा होने की कोई सुनिश्चित जगह नहीं, कट रहा चालान

निज संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। अंबा बाजार में न पार्किंग जोन है और न ही नो पार्किंग जोन। यहां तक की बसों के खड़ा होने के लिए भी सुनिश्चित स्टैंड नहीं है। सभी तरह की वाहन यत्र-तत्र सड़क किनारे खड़े होते हैं। ऐसे में कभी-कभार सड़क किनारे खड़े वाहनों का पुलिस ऑनलाइन चालान काट देती है, जिसपर लोग आपत्ति जताते हैं। ऐसा कई बार हुआ है कि अंबा चौक के समीप कार अन्य कोई वाहन खड़ाकर लोग कुछ देर के लिए कहीं चले गए और उनका ऑनलाइन चालान कट गया। जब संबंधित व्यक्ति को इसका पता चलता है, तो वह यह कहते हुए पाए जाते है कि यहां न तो कोई पार्किंग जोन है और न ही नो पार्किंग जोन। ऐसे में वे गाड़ी कहां खड़ा करें उन्हें समझ में नहीं आता है। दो मिनट के लिए गाड़ी खड़ा किए और पुलिस ने चालान काट दिया। हालांकि पूर्व के वर्षों में अंबा चौक के दो सौ मीटर घेरे में प्रशासन ने किसी भी तरह का वाहन खड़ा करने पर रोक लगाई थी, पर वर्तमान में यह अमल में नहीं है। दो सौ मीटर के घेरे में ही बसें खड़ी होती हैं और अनगिनत ऑटो भी खड़े होते हैं। इसी क्षेत्र में कभी-कभार लोग छोटी गाड़ियां भी लगा देते हैं। वाहनों के लगने से सहज आगमन बाधित होता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। विदित हो कि अंबा बाजार में जाम की समस्या हमेशा रहती है। वाहनों के खड़ा होने का कोई नियत स्थान नहीं है। ऐसे में परेशानी होना लाजमी है।

काराकाट के नवनिर्वाचित सांसद का हुआ भव्य स्वागत

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। महागठबंधन समर्थित भाकपा (माले) के नवनिर्वाचित सांसद राजाराम सिंह हसपुरा पहुंचे। उनके सम्मान में खुटहन व शिवा बिगहा में पैक्स अध्यक्ष रामनन्दन सिंह, कनाप रोड में डॉ. विपिन कुमार व समाजसेवी कौशल शर्मा के नेतृत्व में फूल माला से स्वागत किया गया। बाद में हसपुरा के कनाप रोड में डॉ. विपिन कुमार के नेतृत्व में एक नर्सिंग होम के प्रांगण में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। सांसद तथा महिला नेत्री अनिता सिंहा को फूल माला तथा अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्षता डॉ. विपिन कुमार ने की जबकि संचालन पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव ने किया।

एक ही रात दो दुकानों से पांच लाख से अधिक के सामानों की चोरी

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर में गुरुवार की रात दो जगहों पर चोरी का मामला शुक्रवार की सुबह प्रकाश में आया है। एक घटना शहर के आरबीआर खेल मैदान के पास सुधीर कुमार सौरभ के घर की है। मामले में सुधीर कुमार सौरभ ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया है।उल्लेख किया कि वृहस्पतिवार की रात करीब 10:30 में प्रतिदिन की तरह खाना खाकर सभी परिवार के साथ सो गए। सुबह उठा तो घर के दक्षिण दिशा के में गेट पर गमछा बांध हुआ था। घर के अंदर देखा तो गोदरेज का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा है। गोदरेज में रखे ज्वेलर्स, मंगलसूत्र सहित दो लाख रुपए का समान एवं 35000 नगद किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

दूसरी घटना ब्लॉक रोड के पास एक फोटो स्टेट दुकान की है। इस मामले मई बिगहा निवासी उमेश कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि बीती रात 8:00 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। जब शुक्रवार की सुबह करीब 6:00 बजे दुकान खोलने आए तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा दुकान का दीवार तोड़कर एवं करकट कबाड़ कर चोरों ने दुकान में रखें लैपटॉप, लेमिनेशन मशीन, स्टेबलाइजर, तथा अन्य लगभग 3 लाख की लागत की सामान चोरी कर लिया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

आरपीएफ ने दो टिकट दलालों को दबोंचा, रेल टिकट व नगदी बरामद

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। रेल सुरक्षा बल(आरपीएफ) ने औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर से रेल टिकट के दो दलालों को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस ने दोनों के पास से नगदी और रेल टिकट बरामद किया है। आरपीएफ सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर स्थित आरक्षण कार्यालय में तत्काल टिकट बुकिंग के समय कुछ लोगों द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन के लिए आरपीएफ के उप निरीक्षक मनोज कुमार के साथ आरपीएफ पोस्ट डेहरी के आरक्षी अनिल प्रसाद, सीपीडीएस टीम गया, प्रधान आरक्षी सुभाषचंद्र सिंह एवं सीआईबी टीम गया द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर छापेमारी की गई। इस दौरान आरक्षण कार्यालय से दो रेल टिकट दलालों को धर दबोंचा गया। पकड़े गए रेल टिकट दलालों में स्टेशन के पूछताछ कार्यालय में काम करने वाला प्राइवेट व्यक्ति चांद आलम(33), एवं जितेंद्र कुमार सिंह(31) शामिल है। गिरफ्तार दोनों दलाल जम्होर के निवासी है। दोनों को रेल टिकटों का अवैध कारोबार करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। दोनो के कब्जे से 6885 रुपए का तत्काल टिकट, 31434 रूपये का पास्ट टिकट, 38319 रुपए का आरक्षित टिकट बरामद किया गया है। दोनों को गिरफ्तारी के बाद अग्रेतर कार्रवाई हेतु रेलवे न्यायालय, गया भेजा गया है।

धोखाधड़ी मामले में रतनुआ के दिनेश सिंह के घर हुई कुर्की जब्त



कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनुआ गांव निवासी दिनेश सिंह के घर गुरुवार की शाम नगर और मुफस्सिल थाना पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। घर का दरवाजा उखाड़कर घर के अंदर रहे कुलर, सोफा, कुर्सी, टेबल, पंखा समेत अन्य सामान को कुर्क कर थाना ले गई। पुलिस ने बताया कि राशि धोखाधड़ी के एक मामले में व्यवहार न्यायालय से वारंट और कुर्की निर्गत किया गया था। न्यायालय से निर्गत आदेश का अनुपालन कराते हुए दिनेश सिंह के घर मोटल जेके के पीछे मिशन स्कूल के पास स्थित दो मंजिला मकान में कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि स्वजनों शीघ्र उन्हें न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया गया है। बता दें कि दिनेश बाइपास पर होटल मुंडेश्वरी चलाते थे।

जिले में बकरीद को लेकर पुलिस रहेगी चौकस, 17 जून को बकरीद

- थानाध्यक्षों को त्योहार के दौरान सतर्क रहने और निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में 17 जून को बकरीद मनाई जाएगी और इसको लेकर पुलिस ने व्यापक पैमाने पर तैयारी की है। किसी भी तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी के साथ ही पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। दोनों समुदायों से सहयोग की अपील की गई है। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि 107 के तहत पूर्व में ही हजारों लोगों पर कार्रवाई की गई थी। उन्हें बंध पत्र भरवाया गया था। निर्देश दिया गया है कि जेल से छूट लोगों पर नजर रखी जाए। विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालने का निर्देश दे दिया गया है। शनिवार को औरंगाबाद जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वह त्योहार को लेकर सतर्क रहेंगे और निगरानी करेंगे। पुलिस की विशेष गश्त जारी रहेगी। जिन जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस कर्मियों की तैनाती हुई है, वहां विशेष रूप से सतर्कता बरती जाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी। गलत सूचना देकर माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर कार्रवाई होगी।

सड़क हादसे में कैमूर के युवक की मौत

निज संवाददाता

देव (औरंगाबाद)। देव मोड़ के पास सड़क किनारे ट्रक पर भूसी लोड कर रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मजदूर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा घायल मजदूर को उपचार के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हायर सेंटर जाने के दौरान कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के पुसौली पहुंचने पर मजदूर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद मजदूर के परिजनों द्वारा पूरे घटना की जानकारी मोहनिया पुलिस को दी गई। मोहनिया पुलिस शव का पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया। मृतक की पहचान कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के कटरा कला गांव निवासी संजय खरवार(39) के रूप में हुई है। मृतक के पड़ोसी संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया संजय खरवार औरंगाबाद थाना क्षेत्र के देव मोड़ के पास सरसों का डांटी ट्रक पर लोड कर रहे थे। अचानक तेज रफ्तार का अनियंत्रित होकर उनको टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर ही गिर गया। वहां मौजूद सह कर्मियों द्वारा उसको उपचार के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया।

जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां से वाराणसी जाने के दौरान कैमूर जिले के पुसौली पहुंचते ही संजय खरवार ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद मोहनिया पुलिस को सूचना देते हुए हम लोग शव को लेकर सदर अस्पताल भभुआ आए हैं जहां पोस्टमार्टम करवा रहे हैं।

घर का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाई लाखों की संपत्ति

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के जाजापुर गांव में एक बंद घर का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार यहां के प्रमोद कुमार विश्वकर्मा दो दिन पहले ताला बंदकर कुछ जरूरी कार्य से सपरिवार बाहर गए थे। गुरुवार की रात चोर मकान का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया तथा अन्य कमरों के साथ गोदरेज व ट्रंक का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, 20 हजार नगदी, जरूरी दस्तावेज, कपड़ा आदि चोरी कर लिए। गृह स्वामी ने बताया कि तकरीबन 10 लाख रुपये के सामान की चोरी हुई है। शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने घर से कुछ दूरी पर बक्सा फेंका देखा,तब चोरी होने का आभास हुआ।

विनोद कुमार मिश्र की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं काव्य संध्या का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के सर्वोदय नगर में प्रख्यात कवि एवं लेखक विनय मामूली बुद्धि के आवास पर उनके पिता समाजसेवी विनोद कुमार मिश्र की 7 वीं पुण्यतिथि पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक सहित उपस्थित सभी कवियों ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन कवि अनिल कुमार अनल ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संबोधन के क्रम में अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विनोद मिश्र जी सत्य निष्ठा के प्रतीक व्यक्ति थे। वे हमेशा लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते थे।उनकी कथनी और करनी में एकरुपता थी।दूसरे सत्र में काव्य संध्या का प्रारंभ कवि नागेंद्र केसरी ने गणेश वंदना के साथ किया।अनुज बेचैन ने वर्तमान समाज में घटित घटनाओं को प्रेरित काव्य पाठ किया।तो वहीं मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने विनोद मिश्रा थे सत्य प्रेरणा के अनुयाई, कभी नहीं झुके चाहे कितनी विपदा आई काव्य पाठ किया।

जमीनी विवाद में हुई मारपीट सुनाई गई दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी निधि जयसवाल ने कासमा थाना कांड संख्या 08/11 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त मो गुफरान मियां बिगहा कासमा को सज़ा सुनाई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त मो. गुफरान को भादंवि धारा 341 में एक माह की सजा हुई। धारा 324 में दो साल की सजा हुई और धारा 323 में एक साल की सजा सुनाई गई है तथा अभियुक्त द्वारा पीड़ित को पांच हजार देने को आदेश दिया गया है, राशि न देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक नबु मियां मियां बिगहा कासमा ने 04/03/11 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि जमीनी विवाद में विवादित खेत में खेसारी काटने को लेकर अभियुक्त ने सूचक और उसके मजदूरों पर हमला कर घायल कर दिया, तो सूचक ने सरकारी अस्पताल में इलाज कराईं थी, तेरह साल बाद सजा सुनाई गई है, मालूम कि देश में तीन नये कानून जूलाई से लागू हो रही है उसमें दर्ज प्राथमिकी में अत्याधुनिक तकनीक डिजिटल विधि से अनुसंधान, गवाही और हर प्रोसेस के निश्चित समयावधि के कारण तेजी से वादों का निष्पादन किया जाएगा ।

थाना में हुई शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता

जम्होर(औरंगाबाद)। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थाना के प्रांगण में मुस्लिम भाइयों का महान पर्व बकरीद के निमित शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नितिन कुमार ने किया। थाना प्रभारी ने पर्व मनाने वाले धर्मावलंबियों से अपील किया कि शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाए। सौहाद्रपूर्ण एवं भाईचारे के साथ आपस में मिल जुल कर पर्व मनाने की कृपा करें। जम्होर थाना क्षेत्र शुरू से सामाजिक सौहाद्र का प्रतीक रहा है। इसकी निरंतरता को कायम रखा जाए। अफवाहों से दूर रहें एवं किसी तरह की कोई सूचना प्राप्त हो तो उसे तुरंत पुलिस को दें। यह भी कहा कि विभिन्न जगहों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त आरक्षी बल की तैनाती रहेगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह,डॉ नेहाल अहमद,मुर्शीद आलम, सोहेल अहमद,जितेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

जल-जीवन-हरियाली : रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए नहीं मिलेगी कोई सहायता

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत भवनों में छत वर्षा जल संचयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना निर्माण से संबंधित एक बैठक का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख विपुल कुमार, बीडीओ योगेंद्र पासवान समेत अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बताया गया कि जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना निर्माण को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें पंचायत स्तर पर आम जनता को जागरूक करने पर बल दिया गया। प्रति पंचायत कम से कम पांच रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने पर बल दिया गया। यह निर्माण अपने खर्चे पर किया जाएगा। इसके लिए सरकार द्वारा कोई राशि नहीं दी जाएगी। बीडीओ ने कहा कि इसके लिए लोगों को जागरुक व प्रेरित करें। पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार, मुखिया राजकुमार राम, प्रदीप सिंह, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह समेत कई पंचायत समिति सदस्य या उनके प्रतिनिधि, मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, मनरेगा पीओ, पंचायत तकनीकी सहायक, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

हीट स्ट्रोक : सदर अस्पताल में पहुंचे 684 मरीज, 165 लोग बीमार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है और शुक्रवार को भी सदर अस्पताल में काफी संख्या में मरीजों को भर्ती कराया गया। दोपहर में यहां पांच ऐसे मरीज पहुंचे जिनमें दो बेहोशी की हालत में थे और तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर थी। उक्त पांच लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में जाकर बीमार पड़े थे। यहां प्राथमिक उपचार करने के साथ ही इन लोगों को भर्ती कर दिया गया। धीरे-धीरे उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। शुक्रवार को यहां ओपीडी सहित अन्य सभी ओपीडी मिलाकर कुल 784 मरीजों का इलाज किया गया। इसमें हीट स्ट्रोक की चपेट में जाकर बीमार पड़ने वाले लोगों की संख्या 165 रही। इन्हें पेट दर्द, लूज मोशन होने, कमजोरी, चक्कर आने, सिर दर्द, बेचैनी जैसी कई शिकायतें थी। लोगों का ब्लड प्रेशर भी अनियंत्रित था जिनका उपचार यहां किया गया। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भीषण गर्मी होने के कारण काफी संख्या में बीमार लोग पहुंचे थे जिन्हें भर्ती कराया गया है।

दो महिलाओं समेत आठ अभियुक्तों को दिया दोषी करार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एसीजेएम-3 डॉ. दीवान फहद खान की अदालत ने मारपीट के एक 14 साल पुराने मामले में दो महिला सहित आठ अभियुक्तों को भादंवि के विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी नवीन कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कोर्ट ने कुटुम्बा थाना के पिपरा बगाही के अभियुक्त विजय कुमार, कर्मचंद बैठा, पिंटू लाल, मनोज बैठा , धमेंद्र बैठा, राम बदन बैठा, सरिता देवी एवं फुलवा देवी को भादंवि धारा-147, 149, 323, 341 तथा 504 में दोषी ठहराया और परिवीक्षा का लाभ देते हुए डांट फटकार लगाकर छोड़ दिया। कोर्ट ने घटना की पुनरावृति नहीं होने का भी आश्वासन लिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी बतौर सूचक पिपरा बगाही की रंजू देवी ने 19 नवंबर 2010 को अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज कराई थी। कहा था कि उसके पिता रामचंद्र, डीजल इंजन से धान पटाने 11 बजे दिन में खेत गए थे। अभियुक्तों ने खेत में आकर डीजल इंजन बंद कर सूचक के पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। यह घटना 14 साल पूर्व की है।